CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 222 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 5 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

# पीएम मोदी ने दिवाली को बना दिया खास, हर वर्ग को मिलेगी राहत- भजनलाल शर्मा

## जीएसटी कर प्रणाली में बदलाव करने से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जीएसटी की कर प्रणाली में बदलाव करने के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल से आभार प्रकट किया और कहा कि मोदी के इस निर्णय से किसान मजदूर व्यापारी उद्योगपति सबको फायदा होगा और इस निर्णय से इस बार की दिवाली ज्यादा खास हो गई है उन्होंने कहा कि जीएसटी में दो स्लैब को खत्म कर देने से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का भला होगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार करने के लिए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करने के संकल्प के साथ जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करते हैं यह जो जीएसटी की कर प्रणाली में बदलाव किया गया है यह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प और प्रयास का प्रतीक है जिसमें वे किसान मजदूर गरीब के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होंने जीएसटी के दो स्लैब खत्म किए हैं उससे निश्चित रूप से हर वर्ग को राहत मिलेगी और देश में खुशी का एक नया माहौल मिलेगा भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वर्ष 2014 में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें नंबर पर थी लेकिन जब नरेंद्र मोदी ने शासन की बागडोर हाथ में ली उसके बाद से लेकर अब तक भारत के अर्थव्यवस्था चौथे नंबर पर पहुंच गई है और बहुत जल्दी ही तीसरे नंबर पर पहुंचने वाली है उन्होंने कहा कि भारत कि यह मजबूत व्यवस्था केंद्र की मोदी सरकार के आर्थिक नीतियों की देन है जिसकी वजह से भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर जा रहा है और केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों की वजह से ही राजस्थान और देश के कई अन्य राज्य विकसित राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहे हैं उन्होंने कहा कि आज भारत को दुनिया का कोई भी शक्तिशाली देश झुका नहीं सकता आज पूरी दुनिया में भारत की बात को सुना जाता है और भारत को सम्मान मिल रहा है यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जीएसटी में दो स्लैब खत्म कर देने से व्यापारियों को भी फायदा होगा ग्राहकों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में तेजी आएगी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और भी गति मिलेगी उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक के कार्यकाल में कई बड़े जन कल्याणकारी निर्णय और फैसले लिए हैं प्रदेश में बाढ़ और जल भराव के हालातो की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है और आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जिन लोगों को नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा भी दिया जा रहा है प्रदेश में गिरदावरी का काम भी जारी है इस बार अच्छी बरसात हुई उसकी वजह से जल भराव और बाढ़ के हालात कई जगहों पर बने लेकिन लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी तरह से अलर्ट है और हर संभव मदद कर रही है । मुख्यमंत्री ने प्रतिपक्ष पर निशान सदा और कहा कि प्रतिपक्ष के पास विधानसभा में उठाने के लिए कोई मुद्दे नहीं है इसलिए जानबूझकर विधानसभा की कार्रवाई को बाधित किया जा रहा है मंत्रियों को बोलने तक नहीं दिया जा रहा क्योंकि यह कांग्रेस की प्री प्लानिंग का हिस्सा है कांग्रेस पार्टी यह चाहती ही नहीं की विधानसभा की कार्रवाई ठीक तरह से संपादित हो कांग्रेस पार्टी सिर्फ झूठी सुर्खियां बटोरने के लिए और भ्रम पैदा करने के लिए तथ्यहीन मुद्दे विधानसभा में लेकर आती है और जब सरकार के मंत्री उनका जवाब देते हैं तो जवाब सुने बिना ही बहिष्कार कर देते हैं ।

## कांग्रेस विधायक ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर विधानसभा पहुंचे, विधानसभा परिसर में किया जोरदार प्रदर्शन

### सुरक्षा गार्ड्स ने ट्रैक्टर ट्राली को विधानसभा परिसर में आने से रोका, किसानों को मुआवजा देने और गिरदावरी की मांग को लेकर विधानसभा परिसर में कांग्रेस के विधायकों ने किया जोरदार प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश में भारी बरसात की वजह से खेतों में हुए नुकसान के मुआवजे के लिए और गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के विधायक गुरुवार को ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर विधानसभा भवन तक पहुंचे प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के विधायक ट्रैक्टर ट्राली में सवार थे और उनके हाथों में जल भराव और बाढ़ की वजह से खराब हुई कटी हुई फसल थी जिन्हें पत्रकारों को दिखाते हुए कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने कहा कि सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री हेलीकॉप्टर में घूम रहे हैं लेकिन जल भराव और बाढ़ की वजह से किसानों को और लोगों को जो नुकसान हो रहा है जो तकलीफ सहन कर रहे हैं उनके बारे में सरकार को कोई चिंता नहीं है सरकार के मंत्री हेलीकॉप्टर में घूम कर अपना जन्मदिन मना रहे हैं किसान और आमजन की उन्हें बिल्कुल भी परवाह नहीं है ट्रैक्टर ट्राली में सवार विधायक ट्रैक्टर ट्राली को ही विधानसभा परिसर के अंदर ले जाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन विधानसभा के दरवाजे पर नियुक्त सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें विधानसभा परिसर में ट्रैक्टर ट्राली ले जाने से रोक दिया इसके बाद कांग्रेस पार्टी के विधायक हाथ में खराब हुई फसल को लिए विधानसभा विधानसभा परिसर में दाखिल हो गए और विधानसभा परिसर में ही सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे इस मौके पर टीकाराम जूली ने कहा कि यह पहली बार है जब ट्रैक्टर ट्राली को विधानसभा के अंदर नहीं आने दिया गया इससे पहले भी कई बार इस तरह के प्रदर्शन हुए और वाहनों को अंदर आने की परमिशन भी दी गई लेकिन उन्हें विधानसभा के गेट पर ही रोक दिया गया उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें विपक्ष की भूमिका के लिए चुना है और वह जनता की आवाज उठाते रहेंगे उन्हें कोई नहीं रोक सकता ।

# आजादी के बाद अब तक का सबसे बड़ा फैसला : नरेंद्र मोदी

### जीएसटी में दो स्लैब हटाने के निर्णय पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि आपके लिए सरकार का दिवाली और धनतेरस का डबल धमाका

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में दो स्लैब हटाने के निर्णय पर देशवासियों से कहा कि आजादी के बाद यह अब तक का सबसे बड़ा फैसला है इस फैसले से गरीब मजदूर किसान और व्यापारी सबको राहत मिलेगी और भारत के अर्थव्यवस्था अब और तेजी से आगे बढ़ेगी उन्होंने कहा कि वैश्विक माहौल में बदलती परिस्थितियों में समय-समय पर बदलाव जरूरी है अब सिर्फ दो टैक्स रह गए हैं अन्यथा कांग्रेस पार्टी की सरकारों के समय रोजमर्रा के समान पर भी भारी भरकम टैक्स हुआ करता था 100 रुपए की चीज पर 20 से ?25 टैक्स देना पड़ता था यहां तक की सिलाई मशीन और किसानों से जुड़े सामान पर भी टैक्स देना पड़ता था रसोई के समान पर टैक्स देना पड़ता था लेकिन 2014 के बाद देश में टैक्स की प्रणाली को काफी सरल किया गया है टैक्स के जंजाल से लोगों को व्यापारियों को बाहर निकल गया है अब जो जीएसटी में सिर्फ 5' और 18 पर्सेंट टैक्स स्लैब रह गए हैं जिसकी वजह से कई रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होगी पनीर से लेकर गाड़ियां तक सस्ती होगी रेस्टोरेंट में खाना, यात्रा इत्यादि सभी सस्ते होंगे जिसकी वजह से लोगों का घरेलू खर्च भी काम होगा और लोगों में बचत होगी उन्होंने कहा कि जीएसटी की नई दर 22 सितंबर नवरात्र के पहले दिन से लागू होगी इसलिए धनतेरस और दिवाली इस बार काफी खास होगी क्योंकि लोगों को बहुत सी वस्तुएं सस्ती मिलेगी जिसकी वजह से अच्छी खरीददारी होगी इन सब की वजह से जहां मार्केट में उछाल आएगा तो दूसरी तरफ देश की अर्थव्यवस्था को भी और तेजी मिलेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीएसटी में इन सुधारो से देश के उत्पादों को भी संबल मिलेगा, स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे और एक बड़ा बदलाव मार्केट में और आमजन में देखने को मिलेगा

# संघ प्रमुख मोहन भागवत से भजन लाल शर्मा की मुलाकात


### जोधपुर में भजनलाल ने कहा कांग्रेस पार्टी के विधायक भी फील्ड में जाकर हालातो को जाने लोगों की तकलीफों को सुने

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत इन दोनों जोधपुर में है और संघ की विभिन्न बैठकों को संबोधित भी कर रहे हैं इसलिए भारतीय जनता पार्टी के संग समर्पित नेताओं का जोधपुर में जमावड़ा लगा हुआ है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार की रात जोधपुर पहुंचे उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक देवेंद्र जोशी और बाबू सिंह राठौड़ भी साथ थे द्य पत्रकारों से बातचीत के दौरान भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ और जल भराव से निपटने के लिए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को अलर्ट किया हुआ है समुचित संसाधन और फंड भी दिया गया है ताकि राहत कार्यों में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहे इसके अलावा मंत्रिमंडल के प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में जाकर दो दिन में बाढ़ के हालातो से हुए नुकसान की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं भजनलाल शर्मा ने कहा कि संकट के इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी के विधायकों को भी जनप्रतिनिधि की भूमिका निभानी चाहिए और फील्ड में जाकर लोगों की तकलीफों को सुनना चाहिए सरकार अपनी ओर से हर संभव मदद कर रही है भाजपा की विधायकों को भी निर्वाचन क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनने और हालातो की पूरी रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है जानकारी के अनुसार भजनलाल शर्मा संघ प्रमुख मोहन भागवत से भी मुलाकात कर रहे हैं भजनलाल शर्मा खुद संघ से लंबे समय से जुड़े हुए हैं, संघ की छवि उनमें साफ नजर आती है इसलिए पूरी ईमानदारी और कर्मठता से प्रदेश की जनता की सेवा करते हुए भी दिख रहे हैं जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के किसी भी सदस्य पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है ठीक वैसे ही राजस्थान में भी भजनलाल सरकार के किसी भी मंत्री पर अभी किसी भी तरह का कोई गलत आरोप नहीं लगा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद ईमानदार छवि के मुख्यमंत्री हैं और अपने मंत्रियों को भी पूरे ईमानदारी के साथ काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं इसीलिए संघ के बड़े नेता भी भजनलाल शर्मा से काफी प्रभावित हैं और अब जिस तरह से बजरंग लाल शर्मा काफी प्रभावित हैं और अब जिस तरह से भजनलाल शर्मा मोहन भागवत से मुलाकात कर रहे हैं तो इस मुलाकात में उन्हें और भी कुछ मोहन भागवत से नया सीखने को मिलने वाला है ।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, एमपी के उज्जैन में मंदिर डूबा





### राजस्थान में दौसा के बाजार में पानी भरा; पंजाब में गुरुद्वारे की दीवार ढही

जयपुर टाइम्स

**चंडीगढ़/दिल्ली/शिमला** दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है। मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। मध्य प्रदेश के उज्जैन में शिप्रा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के मंदिर डूब गए हैं। उनके गुंबद तक पानी आ गया है। रतलाम में रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 4 पानी में डूबा है। राजस्थान में दौसा जिले के कई इलाकों में गुरुवार को बारिश हुई। सिकराय सहित कई इलाकों के बाजारों में पानी भर गया। अजमेर में जेएलएन हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1 अगस्त से 3 सितंबर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। रोपड़ के गांव नारंगपुर (बारी) में गुरुद्वारा तपस्तान बीबी मुमताजगढ़ साहिब की दीवार ढह गई। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

# भजनलाल शर्मा ने प्रभारी मंत्रियों को दो दिन में बाढ़ की रिपोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश

### पार्टी के विधायकों को भी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में हकीकत जानने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार के जिलों में भारी बरसात की वजह से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसुनवाई करने और बाढ़ तथा जल भराव से हुए नुकसान का जायजा लेने को भी कहा है जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भारी बरसात से बाढ़ और जल भराव के हालातो को लेकर काफी संवेदनशील हैं और मुसीबत की इस घड़ी में प्रदेश की जनता को ज्यादा से ज्यादा राहत देने का प्रयास भी कर रहे हैं इसी क्रम में भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों को अपने अपने प्रभाव के जिलों में 5 से 7 सितंबर के बीच दौरा करके बाढ़ और जल भराव से जो नुकसान हुआ है उसकी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है प्रभारी मंत्री संभागीय आयुक्त,जिला कलेक्टर और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक तो करेंगे ही इसके अलावा खुद भी मौके पर जाकर हालातो की समीक्षा करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों से भी कहा है कि 5 से 7 सितंबर के बीच अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करें और लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुने तथा जल भराव और बढ़ की वजह से जो जो नुकसान हुआ है इसका आकलन खुद विधायक भी करें और उसकी रिपोर्ट उन्हें भेजें जानकारी के अनुसार गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष की ओर से बाढ़ की वजह से प्रदेश के कई जिलों में हुए नुकसान का मामला जोर-जोर से उठाया था इस मामले को लेकर गुरुवार को दिनभर प्रतिपक्ष सदन में हंगामा करता रहा और सरकार को कटघरे में खड़ा करता रहा हालांकि आपदा मंत्री किरोड़ी मीणा ने प्रतिपक्ष के सदस्यों को अपने जवाब से संतुष्ट करने का प्रयास भी किया और सरकार की ओर से जो पैकेज पीड़ित लोगों को बांटा जा रहा है उसके बारे में भी बताया लेकिन प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार जो मुआवजा दे रही है वह तो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है यह कहकर प्रतिपक्ष ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया और हंगामा करते रहे इसके बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्रवाई 8 सितंबर सुबह 11.00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी अब 5 से 7 सितंबर के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार के जिलों में जाकर बाढ़ से हुए नुकसान की पूरी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं ।

# राज्य की आंगनबाड़ियों को लेकर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की सख्ती

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने राज्य की आंगनबाड़ियों को आदर्श बनाने के लिए अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में जर्जर एवं असुरक्षित आंगनबाड़ी भवनों को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाए और इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेंद्र सोनी, निदेशक वासुदेव मालावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, जिलों के उप निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की गई। दिया कुमारी ने कहा कि जिला कलेक्टर्स के माध्यम से शीघ्र आंगनबाड़ी भवनों का सर्वे पूरा किया जाए और जर्जर भवनों को डेमोलिश कर वैकल्पिक भवनों में संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन जिलों में अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है, वहां अगले 15 दिनों में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिविल कार्यों की वास्तविक स्थिति और आंकड़ों में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। साथ ही तय लक्ष्यों की प्राप्ति और नियमित प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण व मरम्मत कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर कार्य आरंभ किए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आंगनबाड़ियों को आधारभूत सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य बजट के साथ-साथ सीएसआर, आपदा सहायता फंड, जिला खनिज फंड और विधायक निधि के माध्यम से भी कार्य करवाने के लिए जिला कलेक्टर्स को प्रयास करने होंगे।

CMYK

# नगर विकास न्यास की बैठक में 61 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास की अध्यक्ष डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित नगर विकास न्यास (यूआईटी) की बैठक में शहर के बहुआयामी विकास के लिए लगभग 61 करोड़ रुपये के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पटरी पार क्षेत्र के अंबेडकर नगर, मूंगस्का, वैशाली नगर, 200 फीट बाईपास और अरावली विहार सहित विभिन्न क्षेत्रों में नाला व सीवरेज निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लगभग 10 करोड़ रुपये से नई सड़कों का निर्माण एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाएगी। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि इन कार्यों को बरसात के बाद तुरंत शुरू किया जाए। बैठक में शहर में स्मार्ट लाइट प्रबंधन प्रणाली लागू करने का भी निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा 36 हजार व यूआईटी द्वारा 12 हजार नई रोड लाइटें लगाई जाएंगी। दीपावली से पहले सभी लाइटें कार्यशील करने और मोती डूंगरी पर फसाड़ लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। अलवर के पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु 1 करोड़ रुपये की लागत से स्क्रैप सामग्री से अलवर दर्शन पार्क का निर्माण किया जाएगा। वहीं, बहरोड़ व तिजारा-भिवाड़ी मार्ग पर 97-97 लाख रुपये से भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। यूआईटी के सभी 25 बस स्टॉपों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण भी किया जाएगा। बैठक में बुधविहार पार्क में ओपन लाइब्रेरी व इनडोर गेम्स सेंटर, पोलिटेक्निक कॉलेज में हाईमास्ट लाइट और विभिन्न नाला व सड़क मरम्मत कार्यों को भी मंजूरी दी गई। माई सिटी माई पार्क अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक सभी पार्कों की पेंटिंग कराई जाएगी। बैठक में कमजोर आयवर्ग हेतु निरस्त आवंटनों को पुनः लॉटरी से देने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने, अग्यारा स्थित ट्रीटमेंट प्लांट के संशोधित जल के पुनः उपयोग, तथा विभिन्न स्वास्थ्य व शैक्षणिक संस्थानों हेतु भूमि आवंटन को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, अधीक्षण अभियंता तैयब खान, दिनेश वर्मा, सुधीर पांडे सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## पपलाज माता की पंचम पदयात्रा धूमधाम से हुई रवाना



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** पंचायत समिति सकट क्षेत्र के बाढ़ बंध का बास नारायणपुर से गुरुवार को पपलाज माता सेवा समिति नारायणपुर के तत्वावधान में पपलाज माता की पंचम पदयात्रा विधिवत झंडा पूजन के साथ शीतला माता मंदिर से रवाना हुई। सेवा समिति अध्यक्ष विश्राम सैनी ने बताया कि पदयात्रा शुरू होने से पूर्व पं. पवन कुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच झंडा पूजन करवाया। पपलाज माता के रथ में अखंड ज्योति प्रज्वलित कर सामूहिक आरती उतारी गई। इसके बाद पूर्व सरपंच फतेह राम मीणा व सकट सरपंच प्रतिनिधि फूलचंद सैनी ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पुरुष श्रद्धालु ध्वज-पताका लेकर माता के जयकारे लगाते चल रहे थे, वहीं महिलाएं भजनों की धुन पर नाचते-गाते चल रही थीं। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और फल वितरित किए गए। यह पदयात्रा बांदीकुई, सिकंदरा, राजवास, गढ़, रानोली व मोरोली होते हुए शुक्रवार को घाटा स्थित पपलाज माता मंदिर पहुंचेगी। यहां ध्वज चढ़ाने के साथ रात्रि जागरण और शनिवार दोपहर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**राजगढ(निसं.)।** भारत विकास परिषद की ओर से गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, भारत माता व सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर श्रेष्ठ चयनित 18 शिक्षकों और 12 छात्रों को प्रशस्ति पत्र, पेन व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। परिषद अध्यक्ष पदमा गोयल ने विद्यार्थियों से संस्कारवान और गुणवान बनने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने परिषद के उद्देश्यों की जानकारी दी, वहीं संस्कार प्रकल्प प्रभारी दिनेश सैन ने गुरु-शिष्य परंपरा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षक रघुनंदन शर्मा ने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूरी बनाए रखने व जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नर्सिंग स्टूडेंट्स ने मनाया शिक्षक दिवस



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा में नर्सिंग स्टूडेंट्स द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। नर्सिंग स्टूडेंट्स प्रतिनिधि किशन सहाय जांगिड़, अजंलि, रवि, शबनम, अक्षय, चेल्सी ने बताया कि नर्सिंग दिवस के अवसर पर सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तथा नर्सिंग शिक्षकों का सम्मान किया गया एंव केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। प्राचार्य राजपाल सिंह यादव ने संबोधित करते हुए डॉ राधाकृष्ण को याद किया तथा सभी टीचर्स को बधाई प्रेषित की। स्टूडेंट्स से आह्वान किया किया शिक्षकों व क्लिनिकल में कार्यरत सीनियर नर्सेज से सीखकर कंपीटेंट नर्सेज बने जिससे मरीज की गुणवत्तापूर्ण सेवा कर सके। नर्सिंग स्टूडेंट्स द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग फ़ैकल्टी मुकेश चन्द मीना, मनोज सिंह, राजकुमार यादव, प्रियंका साईवाल, रेणु यादव, पूरण चन्द गुप्ता, उमेश कुमार सहित स्टाफ व नर्सिंग स्टूडेंट्स उपस्थित थे। मंच संचालन द्वितीय सेमेस्टर स्टूडेंट् खुशी यादव द्वारा किया गया।

## मरीजों की सेवा को समर्पित रहे डॉ. केके शर्मा का जन्मदिन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** मनुमार्ग स्थित केके हॉस्पिटल के संचालक डॉ. केके शर्मा ने अपने 64वें जन्मदिन को मरीजों की सेवा को समर्पित कर मिसाल पेश की। मंगलवार सुबह से ही शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा, लेकिन डॉ. शर्मा ने स्वयं की खुशी से पहले मरीजों को प्राथमिकता दी। उन्होंने अस्पताल आए मरीजों का उपचार कर अपनी खुशी उनके साथ साझा की। मरीजों की संख्या भी इस दिन अन्य दिनों से अधिक रही। डॉ. शर्मा ने मरीजों को मिठाई खिलाकर अपने जन्मदिन की खुशी उनके साथ बांटी। इस दौरान एक ग्रामीण मरीज ने कहा कि पहली बार उन्होंने देखा कि बधाई देने वालों को इंतजार करना पड़ा और डॉक्टर ने पहले मरीजों की सेवा को महत्व दिया। उपस्थित मरीजों ने डॉ. शर्मा को आशीर्वाद देते हुए कहा– "हे भगवान, डॉ. शर्मा जैसे सभी डॉक्टर हों।"



## शहर चलो अभियान 2025, प्री-कैम्पों का शुभारम्भ, एक ही स्थान पर होंगे आमजन के विभिन्न कार्य



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शहर चलो अभियान 2025 के अंतर्गत आमजन को सुगम और त्वरित राहत मिल सके इसलिये नगर परिषद कोटपूतली द्वारा वार्डवार आमजन की समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त करने के लिये 04 से 13 सितम्बर तक नगर परिषद क्षेत्र में प्री-कैम्पों का आयोजन किया जा रहा हैं। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक इन शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 04 सितम्बर को वार्ड संख्या 01 से 10 तक एवं ग्राम पंचायत खेड़की वीरभान के लिये बीरबल की धर्मशाला गोपालपुरा रोड़ पर, 08 सितम्बर को वार्ड संख्या 11 से 25 तक के लिये पंचायत समिति में, 09 सितम्बर को वार्ड संख्या 26 से 40 तक के लिये नागाजी की गौर फायर स्टेशन कार्यालय में, 10 सितम्बर को ग्राम पंचायत गोनेड़ा, खेड़की मुक्कड़, पनियाला, सांगटेड़ा व रामसिंहपुरा के लिये पंचायत भवन खेड़की मुक्कड में, 11 सितम्बर को ग्राम पंचायत कांसली, सरूण्ड, जगदीशपुरा के लिये पंचायत भवन सरुण्ड में, 12 सितम्बर को ग्राम पंचायत कल्याणपुरा-खुर्द, सुंदरपुरा, अमाई, मोहनपुरा के लिये ग्राम पंचायत भवन कल्याणपुरा खुर्द में एवं 13 सितम्बर को ग्राम पंचायत बामनवास व चतुर्भुज के लिये ग्राम पंचायत भवन बामनवास में प्री-कैम्प आयोजित होंगे। षिविरों में होगें विभिन्न कार्य :- नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि प्री-कैम्पों में आमजन की समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त किये जायेगें। जिनमें साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयरिंग व नई लाईट लगाने, टूटे फेरो कवर व क्रॉस सही कराने, ब्लैक स्पॉट सही करवाने, पेचवर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती, 69 ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खाचां भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना/प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किये जा सकेंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राज्य सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यों का लाभ उठाये तथा कैम्प में आकर आवेदन करें। ताकि जनहित की समस्याओं का 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शहर चलो अभियान के माध्यम से समाधान कर लाभांवित किया जा सके। आयुक्त ने बताया कि उक्त शिविरों के प्रभारी एक्सईएन दीपक मीणा रहेंगे। गुरूवार 04 सितम्बर को वार्ड संख्या 01 से 10 तक एवं ग्राम पंचायत खेड़की वीरभान के लिये गोपालपुरा रोड पर बीरबल की धर्मशाला में आयोजित किये गये षिविर में वार्डवासी कस्बे की ईटली जोहड़ की समस्या को लेकर पहुॅचे।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा, प्रगति में सुधार के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली-बहरोड़(निसं.)।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार सीएमएचओ कार्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. आशिष सिंह शेखावत ने की, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र में संचालित आरबीएसके टीमों की प्रगति और बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। सीएमएचओ ने टीमों को निर्देश दिए कि वे सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में आरबीएसके टीम नियमित रूप से बच्चों की स्क्रीनिंग कर आवश्यक उपचार उपलब्ध करा रही है। आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल ने प्रत्येक माह कार्ययोजना तैयार कर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराने पर जोर दिया। डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम की मॉनिटरिंग हेतु ऑनलाइन लिंक तैयार किया गया है, जिससे टीम के कार्यों की नियमित समीक्षा होगी। प्रत्येक टीम को प्रतिमाह 2,000 बच्चों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य दिया गया है। टीमों को निर्देशित किया गया कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाने से पूर्व संबंधित विभाग से संपर्क कर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ, ब्लॉक स्तरीय आरबीएसके टीम, डीपीएम व एडीएनओ उपस्थित रहे।

## नगरपालिका साधारण सभा बैठक में हंगामा, अधिकारियों व ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार के आरोप



जयपुर टाइम्स

**राजगढ(निसं.)।** नगरपालिका राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को अधिशाषी अधिकारी जगदीश खीचड़ की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत से ही माहौल गर्मा गया और हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया अनुपस्थित रहे, जबकि कुछ ही पार्षद बैठक में मौजूद थे। पार्षद धर्मचंद सैनी ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका जगह-जगह अतिक्रमण में लिप्त है। बिना अनुमति बस स्टैंड पर जमीन देने, फतेह बुर्ज की जमीन बेचने और बिजली के पोल के टेंडर पर अनियमितताओं के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि न तो पोल कहां लगे इसकी जानकारी है और न ही पारदर्शिता है। साथ ही, होर्डिंग लगाने और सड़क खुदाई के मामलों में भी गड़बड़ी बताई। नगरपालिका उपाध्यक्ष मौसमी गुर्जर ने भी जनता की समस्याओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिना टेंडर ठेकेदार गाड़ियों में आवारा पशुओं को भरकर ले जा रहे हैं और अधिकारी मनमर्जी से पालिका चला रहे हैं। पार्कों की दुर्दशा और अतिक्रमण की समस्याओं पर भी सवाल उठाए गए। बैठक में उपस्थित पार्षदों ने आरोप लगाया कि अधिकारी आमजन से नहीं मिलते और भ्रष्टाचार के कारण जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। बैठक में पार्षद धर्मचंद सैनी, बैनी प्रसाद, रुपनारायण मीणा सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

## अवैध धर्मान्तरण प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** थाना उद्योग नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध धर्मान्तरण के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ और वृत्ताधिकारी रामगढ़ सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरविजन में, थानाधिकारी अजीत सिंह बडसरा के नेतृत्व में की गई। घटना 3 सितम्बर की है, जब सूचना मिली कि सैय्यत कॉलोनी गोलेटा स्थित फ्रेंड्स मिशनरी प्रेयर बैन्ड हॉस्टल में विद्यार्थियों को धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। जांच के दौरान सामने आया कि गरीब बच्चों को शिक्षा और निवास की आड़ में ईसाई धर्म की शिक्षा दी जाती थी तथा हिन्दू और सिख धर्म के विरुद्ध बातें सिखाई जाती थीं। मौके पर मौजूद विजेन्द्र सिंह खण्डेलवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर प्रकरण पंजीकृत हुआ।झ पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बोधर अमृत गरासिया (44) निवासी चिटकोडा, जिला हिम्मतनगर (गुजरात) और सोहन सिंह रायसिख (34) निवासी बांधोली, जिला अलवर शामिल हैं। आरोपियों पर गरीब परिवारों के बच्चों को बहला-फुसलाकर धर्मान्तरण कराने का आरोप है। टीम में अजीत सिंह बडसरा, देवकी नन्दन, राकेश और लक्ष्मी महिला कॉन्स्टेबल शामिल रहे। एसपी ने स्पष्ट किया कि इस मामले में केंद्रीय एजेंसियों की संलिप्तता संबंधी खबरें निराधार हैं। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि यदि कहीं भी अवैध धर्मान्तरण की गतिविधि दिखे तो सूचना पुलिस को मो. 8764502201 पर दें, सूचना गोपनीय रखी जाएगी। मामले की जांच जारी है और पुलिस के पास और भी इनपुट हैं जिन पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## तेज बारिश व सागर के ओवर फ्लो से डंडे वाले हनुमान मंदिर के नीचे जमीन धसी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के चलते बीती देर रात को शहर के हजूरीगेट स्थित श्रीश्री 1008 डंडे वाले हनुमान मंदिर के नीचे रास्ते में पूरी जमीन घस गई। जिससे बडा हादसा होने से बच गया। यहां जमीन धसने के बाद नीचे से शहर की ओर जाती नहर का एक हिस्सा भी दिखाई दे रहा है। मंदिर पुजारी कुणाल शर्मा ने बताया कि लगातार बारिश से सागर के ओवर फ्लो पानी से बन्द नाले में लगातार पानी की आवक थी, जिससे देर रात को शहर के हजूरीगेट स्थित श्रीश्री 1008 डंडे वाले हनुमान मंदिर के नीचे रास्ते में पूरी जमीन घस गई। यहां जमीन धसने से रात को तेज अवाज पर आसपास के लोगों में दहशत भी बन गई। मंदिर पुजारी व भक्तजनों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर इसे ठीक कराने की मांग की है। पुजारी व आसपास रहने वालों ने बताया कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो बड़ा हादसा भी हो सकता है, अभी बारिश का समय बाकी है।

## रोटरी क्लब अलवर ने शिक्षा दिवस पर रक्तदान के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर राजर्षि महाविद्यालय अलवर की आइक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दिनांक 4 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि प्रदेश सह संगठन मंत्री एबीआरएसएम राजस्थान, मुख्य अतिथि गंगाश्याम गुर्जर थे। इस शिविर में डॉ कमलेश शर्मा, डॉ जितेंद्र सिंह, किरण मीणा, डॉ वेद प्रकाश गुप्ता एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 30 यूनिट रक्तदान किया। रोटरी क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। मुखिया अतिथि गंगाश्याम गुर्जर ने मानव जीवन के लिए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। रोटरी क्लब की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने सभी रक्तदाताओं को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि रोटरी क्लब ऑफ अलवर की सामाजिक उत्तरदायित्व को भी प्रदर्शित करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपीचंद पालीवाल ने मुख्य अतिथि गंगाश्याम गुर्जर, रोटरी अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल, रोटरी क्लब सचिव ऋषि मित्तल, असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष केके खंडेलवाल, डॉ भूपेंद्र गुप्ता कार्यक्रम समन्वयक डॉ जिनेंद्र कुमार जैन व विकास कुमार गुप्ता एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से प्रशस्त हुई 'राहत की राह'

# मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में युद्धस्तर पर जुटा जयपुर जिला प्रशासन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा साकार करने के लिए फील्ड में उतरे अधिकारी

### नगर निगमों, जयपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय कर प्रभावितों तक पहुंचाई राहत

### शहर से लेकर जिले के ग्रामीण इलाकों तक योजनाबद्ध रूप से किया आपदा प्रबंधन

### प्रभावितों के लिए भोजन से लेकर आवास तक की व्यवस्थाएं की गईं सुनिश्चित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में विगत दिनों हुई लगातार बारिश से कई क्षेत्रों में जलभराव और जनजीवन प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता और वर्षाजनित परिस्थितियों के दौरान प्रभावितों तक हर संभव मदद पहुंचाने की मंशा को मूर्त रूप देते हुए जयपुर जिला प्रशासन ने जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में नगर निगम जयपुर हेरिटेज, नगर निगम जयपुर ग्रेटर, जयपुर विकास प्राधिकरण, नागरिक सुरक्षा और एसडीआरएफ जैसी सभी इकाइयों को समन्वित कर प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई की और मिशन मोड में प्रभावितों तक राहत पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन ने वर्षाजनित परिस्थितियों से निपटने के लिए युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं। बीते तीन दिनों में जयपुर में हुई भारी बारिश के दौरान नगर निगम जयपुर हैरिटेज को बाढ़ नियंत्रण केंद्रों और कार्यालयों पर कुल 330 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सभी का त्वरित निस्तारण किया गया। जलभराव एवं मिट्टी कटाव रोकने हेतु 19,800 मिट्टी के कट्टों का उपयोग किया गया, 15 पंप लगाए गए, जबकि जवाहर नगर कच्ची बस्ती में तीन अतिरिक्त पंप स्थापित किए गए। साथ ही 3,100 फीट सड़क मरम्मत और 180 नालों व मैनहोल पर कवर लगाए गए। विद्युत संबंधी 450 शिकायतों में से 280 का निस्तारण तत्काल किया गया। राहत कार्यों में 7 जेसीबी, 13 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 4 डंपर अतिरिक्त लगाए गए। नगर निगम जयपुर ग्रेटर को कुल 339 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन सभी का समाधान तुरंत किया गया। सीकर रोड पर तेजा मंदिर जोड़ाला, खो नागोरियान अंबेडकर स्कूल करतारपुरा, मोती डूंगरी मंदिर के पीछे और मालपुरा गेट के पास हुए जलभराव को तुरंत हटाया गया। टोंक रोड वार्ड 95 में क्षतिग्रस्त मेन सीवर लाइन का चेंबर तत्काल मरम्मत करवा दिया गया। जयपुर विकास प्राधिकरण को पिछले तीन दिनों में कुल 196 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका निस्तारण कर दिया गया। जेडीए द्वारा 118 स्थानों पर पंप भेजकर पानी की निकासी कराई गई और शहर के 45 स्थायी जलभराव बिंदुओं पर पंप संचालित किए गए। निचले इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए 10,925 मिट्टी के कट्टे भेजे गए। जेडीए ने बनीपार्क स्थित केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अतिरिक्त स्वेज फार्म, वैशाली नगर, दांतली, विद्याधर नगर, सायपुरा, पालड़ी मीणा, मुहाना मंडी, हाथोज सहित 12 स्थानों पर उप-बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए, जहां प्राप्त 196 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) की बाढ़ बचाव टीमों ने पिछले तीन दिनों में 9 रेस्क्यू कार्य कर आमजन को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। ठीकरिया गुर्जरान (कोटखावदा), जयसिंहपुरा खोर, सागर रोड आमेर और गलता मंदिर रोड जैसे इलाकों से प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसी प्रकार एसडीआरएफ ने दूदू क्षेत्र में छापरवाड़ा बांध के ओवरफ्लो से जलभराव में फंसे 4 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कोटखावदा में नालावास बांध टूटने पर प्रभावित गांवों में निरीक्षण कर रेस्क्यू टीमें तैनात की गईं। पिछले दिनों के दौरान कई गंभीर घटनाओं पर भी प्रशासन ने तत्काल राहत और रेस्क्यू कार्य किए। 31 अगस्त को अर्जुन नगर अंडरपास में पानी भरने और करंट लगने से हुई एक युवक की मृत्यु पर नागरिक सुरक्षा टीम ने रात्रि में ही मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। इसी तरह दूदू क्षेत्र में युवक के डूबने की सूचना पर रेस्क्यू टीम ने सर्च अभियान चलाया, जहां वाहन और मोबाइल बरामद किए गए। वर्तमान में जयपुर शहर में कुल 16 बाढ़ नियंत्रण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें नगर निगम हैरिटेज के 3, ग्रेटर के 4 और जेडीए के 9 शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर रेस्क्यू टीमें तैनात कर दी गई हैं और आमजन को लगातार सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। जयपुर जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप हर प्रभावित व्यक्ति तक समय पर मदद पहुंचे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अगुवाई में आपदा प्रबंधन की यह कवायद जयपुर जिले में राहत और बचाव का अनुकरणीय उदाहरण बन गई है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित स्थानों पर रहते हुए प्रशासन को सहयोग दें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि प्रभावित प्रत्येक परिवार और व्यक्ति तक राहत पहुंचाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं मिशन आपदा प्रबंधन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और लगातार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी किये है कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है। ये अधिकारी फील्ड में जाकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं और मौके पर ही आवश्यक कदम उठा रहे हैं। साथ ही आवश्यकता अनुसार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को भी लगाया गया है। राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीनें, पंप सेट और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अतिप्रभावित इलाकों से आमजन को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा प्रभावित परिवारों को राशन किट और फूड पैकेट वितरित किए गए हैं। अतिवृष्टि से प्रभावित कोटखावदा क्षेत्र में अग्रिम आदेश तक अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की विशेष तैनाती की गई है ताकि राहत कार्यों की गति और तेज हो सके। जलभराव और रपट वाले इलाकों में चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं तथा लाउडस्पीकर के माध्यम से आमजन को लगातार सावधान रहने और सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा वर्षा से हुए फसल खराबे का भी जायजा लिया जा रहा है। राजस्व अधिकारियों की टीम गांव-गांव जाकर नुकसान का सर्वे कर रही है और रिपोर्ट जिला कलक्टर को प्रस्तुत कर रही है ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा जारी किया जा सके। साथ ही आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को लगातार सक्रिय है ताकि किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता मांगने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। किसी भी आपात स्थिति में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0141-2204475 और 0141-2204476 हैं, जहां 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में न जाएं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक और बाबू को रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से प्रदेश के झालावाड़ जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक और बाबू को गुरुवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी ने ब्यूरो कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने अपनी गाड़ी महिला एवं बाल विकास विभाग में किराए पर लगाई हुई थी जिसका बिल का भुगतान करने के बदले विभाग के उपनिदेशक सत्यनारायण और बाबू हरिओम 10000 की रिश्वत मांग रहे हैं शिकायत का ब्यूरो के अधिकारियों ने सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने दोनों आरोपी अधिकारियों को गिरफ्तार करने के लिए एक रणनीति तैयार की और इसी रणनीति के तहत गुरुवार को इन दोनों अधिकारियों को ब्यूरो की टीम की ओर से 10000 की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम की ओर से गिरफ्तार दोनों अधिकारियों के मोबाइल और इन दोनों के ऑफिस के सभी उपकरण यंत्र इत्यादि सभी जप्त कर लिए गए हैं और बरामद दस्तावेजों उपकरण और यंत्र की सघनता से जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन विभाग के अधिकारियों को संदेह है कि इन दोनों अधिकारियों का मजबूत मेलजोल बना हुआ है जो कहीं ना कहीं विभाग में भ्रष्टाचार की गतिविधियों को जोरदार तरीके से अंजाम देने में लगे हुए हैं इसलिए इंटीग्रेशन ब्यूरो की ओर से इन दोनों गिरफ्तार अधिकारियों की स्थाई और अस्थाई संपत्ति के बारे में भी जानकारी जुटा जा रही है ।

## सात दिवसीय श्रीमद भगवत गीता का हुआ समापन, भंडारे का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मालवीय नगर बी-ब्लॉक पार्क में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का समापन हो गया। आयोजक परीक्षित पंडित महेश भारद्वाज एवं कमला भारद्वाज ने बताया कि ठाकुर जी की असीम कृपा से व कॉलोनीवासियों के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन संपन्न हो पाया। आयोजन के पूर्व बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, परंतु हमारे दृढ़ संकल्प और ठाकुर जी के आशीर्वाद ने इस आनंदमय उत्सव को सफल बनाया। इस कथा में अलवर ही नहीं बाहर के भी सैंकडों श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। बृजधाम से पधारे आचार्य विजयानंद जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा का एक-एक प्रसंग श्रोताओं को जैसे कंठस्थ याद हो गया। भक्तों के असीम प्रेम व भक्ति को देखकर आचार्य विजयानंद महाराज ने भी सभी अलवर वासियों से कहा कि यह आयोजन हमेशा यादगार रहेगा। ठाकुर जी आप पर कृपा बनाए रखें और ऐसे आयोजन बार-बार होते रहे ऐसी मेरी मनोकामना है। कथा आयोजन में आचार्य दीनदयाल शास्त्री ने श्रीमद् भागवत गीता का एक-एक श्लोक वाचन करते हुए सहयोग किया। समापन के पश्चात् होने वाले भंडारे का निमंत्रण भावना शर्मा एवं मयंक शर्मा ने दिया।

## छगन लाल शर्मा होंगे राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**रैणी** रैणी पंचायत समिति क्षेत्र के डेरा विद्यालय के नवाचारी शिक्षक छगन लाल शर्मा आज राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। रैणी उपखंड क्षेत्र की डेरा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डेरा में पदस्थापित शिक्षक छगन लाल शर्मा का चयन राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2025 में कक्षा 6 से 8 वर्ग में किया गया है। इन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में इनके द्वारा किए जा रहे निरंतर नवाचार के लिए दिया जा रहा है। इन्होंने विद्यालय के सौंदर्य करण व भौतिक विकास हेतु भामाशाहों को प्रेरित किया। शर्मा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर व डाइट अलवर के शोध कार्यों में संलग्न रह कर राज्य स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक के रूप में शिक्षकों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। अपने शिक्षण में नवाचार, रक्तदान, नशा मुक्ति अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, निर्वाचन कार्य प्रशिक्षक के रूप में, वृक्षारोपण, नामांकन वृद्धि व ठहराव का कार्य अत्यंत कुशलता पूर्वक संपन्न कराया।

# मोदी सरकार का जीएसटी में कटौती का फैसला स्वागत योग्य : मदन राठौड़

### राहुल गांधी और कांग्रेसी नेता शब्दों की लीपापोती के अलावा कुछ नहीं करते

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और शीर्ष नेतृत्व के जीएसटी पर किए गए ऐतिहासिक बदलावों का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह फैसला मध्यमवर्गीय देशवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मोदी सरकार के इस फैसले से आम आदमी को राहत मिलेगी,छोटे व्यवसायों को सपोर्ट मिलेगा। इससे आम नागरिकों की जिंदगी बेहतर बनेगी और कारोबार करना आसान होगा। खासकर छोटे व्यापारियों और व्यवसायों को मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने जहां एक ओर लग्जरी आइटमों पर टैक्स स्लैब बढ़ाने का कार्य किया है, वहीं दूसरी ओर मध्यम वर्ग के लोगों को राहत प्रदान करने के लिए कई उत्पाद टैक्स मुक्त कर दिए। मोदी सरकार ने जीवन रक्षक दवाईयों के साथ अधिक तापमान वाला दूध, पहले से पैक और लेबल वाला छेना या पनीर, सभी भारतीय ब्रेड, चपाती, पराठा, परोटा आदि उत्पादों पर से जीएसटी हटाने का ऐतिहासिक फैसला किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ बातें करती है, गरीबी हटाने का नारा देने वाली कांग्रेस ने गरीब लोगों के लिए आज तक कुछ नहीं किया। अशोक गहलोत स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्र में मंत्री रह चुके, लेकिन कभी भी उन्होंने इस विषय को नहीं उठाया। जबकि कांग्रेस ने वैट को 36 प्रतिशत तक बढ़ाने का काम किया था। कांग्रेस ने आमजन को भ्रमित करने का काम किया था। ना ही कांग्रेस और ना ही अन्य किसी दल ने आम नागरिक को राहत प्रदान करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया था, यह सिर्फ भाजपा की मोदी सरकार है जिसने गरीबों के लिए आमजन के लिए ठोस कदम उठाए है। आज जब मोदी सरकार आमजन को राहत प्रदान कर रही है, तो ये सिर्फ लीपापोती के लिए बातें बना रहे है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबी दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए और उन्हें धरातल पर भी उतारा जा रहा है। इसका अंदाजा एनडीए और यूपीए सरकार के कार्यकाल में महंगाई दर की तुलना कर लगाया जा सकता है। राठौड़ ने बताया कि 2014 में अंतराष्ट्रीय बाजार में महंगाई दर 4.5 प्रतिशत थी, जो 2025 में 5.8 प्रतिशत पर है। ऐसे में भारत में जहां 2014 में महंगाई दर 9.8 प्रतिशत थी, वो आज 2025 में 2.1 पर आ गई। एक ओर पूरी दुनिया में महंगाई दर बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर भारत में लगातार घट रही है। महंगाई पर अंकुश लगाने का ऐतिहासिक कार्य मोदी सरकार ने किया है। नई टैक्स स्लैब लागू होने के बाद महंगाई दर शायद 1 फीसदी तक पहुंच सकती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ अपनी पीठ थपथपा रहे है, जबकि मनमोहन सरकार के समय उन्होंने कैबिनेट नोट्स तक फाड़ दिए थे और आज गरीबी को दूर करने की बातें करते है। कांग्रेस रोटी, कपड़ा और मकान के नाम पर वोट मांगती थी, लेकिन गरीबों के लिए कभी कोई ठोस कार्य नहीं किया। कांग्रेस शब्दों की लीपापोती के अलावा कुछ नहीं करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी के मकान बनाने तक की चिंता की और निर्माण सामग्री पर टैक्स कम करने का काम किया। नई टैक्स स्लैब से आमजन को राहत मिलेगी, उद्योग पनपेंगे, रोजगार के अवसर मिलेंगे। राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार की लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप के तहत अनुभवी व्यक्ति को भी कंपनी या उद्योगों में साझेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी स्लैब में राहत प्रदान करने के लिए 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से घोषणा की थी, इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह ऐतिहासिक फैसला किया।

## संसदीय मंत्री हमको टारगेट करते हैं, हमको पीटने के लिए भागते हैं- टीकाराम जूली

### बाढ़ और जल भराव से किसान और आमजन को बिल्कुल भी राहत नहीं किरोड़ी मीणा खुद ही संतुष्ट नहीं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने गुरुवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सदन में संसदीय कार्य मंत्री कांग्रेस विधायकों को टारगेट करते हैं उन्हें भड़काने का प्रयास करते हैं ताकि प्रतिपक्ष के सदस्य सदन की गैलरी में आए और नारेबाजी करें उन्होंने कहा कि सदन में संसदीय मंत्री जोगाराम का व्यवहार और बॉडी लैंग्वेज ऐसे रहती है जैसे वे विपक्ष के सदस्यों को पीटने के लिए दौड़ रहे हो उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने के लिए वे सदन में हैं और जनता की आवाज को उठाएंगे उनकी आवाज को कोई नहीं दबा सकता । जूली ने कहा कि आज विधानसभा में मुख्यमंत्री को देखकर उन्हें ऐसा लगता था कि जल भराव और बाढ़ से परेशान किसान और आमजन को जरूर ही कोई अच्छे पैकेज की घोषणा होगी लेकिन आपदा मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने जो भाषण दिया उसमें किरोड़ी मीणा के हाव-भाव और उनका चेहरा देखकर ऐसा लग रहा था जैसे वह खुद ही सरकार कार्यों से संतुष्ट नहीं है और कहीं ना कहीं वे खुद ही सरकार से संतुष्ट नहीं है उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री की ओर से ही सदन में कहा गया था कि बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से 193 लोगों की मौत हुई और अब डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से मौत का शिकार हुए परिजनों को 104 लाख रुपए आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है यह सहायता तो एक तरह से ऊंट के मुंह में जीरे जैसी है जूली ने कहा कि सरकार ने बाढ़ और जल भराव और विभिन्न आपदाओं और दुर्घटनाओं से मौत का शिकार भी लोगों को आर्थिक मुआवजा देना तो दूर सरकार ने उनके सम्मान में सदन में श्रद्धांजलि तक प्रकट नहीं की यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शा रहा है उन्होंने कहा कि पूरी सरकार उड़न खटोला बनी हुई है मुख्यमंत्री और मंत्री हेलीकॉप्टर में घूम रहे हैं जन्मदिन मना रहे हैं और किसान तथा आम जन को बाढ़ और जल भराव के हालात में भगवान भरोसे छोड़ दिया है उन्होंने कहा कि एक तरफ भजनलाल सरकार महिलाओं को उद्योगों में नौकरी के लिए कानून लाने की बात कह रही है तो दूसरी तरफ महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार कोई कदम नहीं उठा रही प्रदेश की क्या बात करें महिला सुरक्षा के मामले में जयपुर ही सुरक्षित नहीं है पूरे देश में महिला सुरक्षा के मामले में जयपुर का सातवां स्थान है इसलिए महिला सुरक्षा के मामले में राजधानी जयपुर ही सुरक्षित नहीं है तो फिर अन्य शहरों की क्या हालत होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है ।

## सुप्रीम कोर्ट का प्रधान हिमांशु अवाना के निलंबन पर रोक को तुरंत लागू करने का निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** नदबई विधानसभा के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना के पुत्र पंचायत समिति उचैन (भरतपुर) के प्रधान हिमांशु अवाना के निलंबन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि पहले से पारित आदेशों को अब और टाला नहीं जा सकता। मामला यह है कि हिमांशु को 11 फरवरी 2024 को राजस्थान पंचायत राज अधिनियम, 1994 की धारा 38(4) के तहत निलंबित किया गया था। इस निलंबन को उन्होंने राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 19 मार्च 2024 को हाईकोर्ट ने निलंबन आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि केवल आरोपपत्र जारी होने के आधार पर निर्वाचित प्रतिनिधि को निलंबित करना उचित नहीं है। राज्य सरकार की विशेष अपील को हाईकोर्ट डिवीजन बेंच ने 8 अप्रैल 2024 को खारिज कर दिया। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट ने 28 फरवरी 2025 को खारिज कर दिया। इसके बावजूद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश लागू नहीं किए गए। इस पर हिमांशु ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की, लेकिन उसमें भी आगे कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में हिमांशु ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आग्रह किया कि हाईकोर्ट को निर्देशित किया जाए कि उसकी अवमानना याचिका का शीघ्र निस्तारण हो। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसी याचिकाएँ स्वीकार नहीं की जातीं, लेकिन इस मामले में गंभीर स्थिति बन गई है क्योंकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों के अंतिम आदेश पहले ही हिमांशु के पक्ष में आ चुके हैं और फिर भी लागू नहीं किए गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि - राजस्थान हाईकोर्ट का 19 मार्च 2024 का आदेश तुरंत लागू किया जाए। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि आदेश के क्रियान्वयन में और विलंब न हो। राजस्थान हाईकोर्ट भी आदेश को समय पर लागू कराने की निगरानी करे। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने हिमांशु की आर्टिकल 32 के तहत दायर रिट याचिका का निस्तारण कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जब एक बार राहत मिल चुकी है, तो उसे लागू करने में और देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

# राष्ट्रीय चिंता का विषय बने घुसपैठिए



सीमा पार से घुसपैठ भारत की सबसे गंभीर आंतरिक सुरक्षा चिंताओं में से एक बन गई है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से इस खतरे को रेखांकित करते हुए कहा, 'अवैध घुसपैठिए हमारे युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं, हमारी बेटियों और बहनों को निशाना बना रहे हैं और निर्दोष आदिवासियों की वन भूमि पर कब्जा कर रहे हैं।' उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में इन जनसांख्यिकीय बदलावों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकीय सुरक्षा मिशन के गठन की घोषणा भी की है। यह इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए एक दृढ़ प्रयास का संकेत देता है। घुसपैठ अब केवल सीमा-विशेष के स्तर पर ही समस्या नहीं रह गई है। दिल्ली, हैदराबाद, गुरुग्राम और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में घुसपैठियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे शहरी सेवाओं और व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। इसके दूरगामी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। घुसपैठ एक राष्ट्रीय चिंता बन गई है। बांग्लादेश और म्यांमार से आए घुसपैठियों ने असम, बंगाल, त्रिपुरा और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बदल दिया है। इससे सामाजिक संतुलन बिगड़ा है। इसके चलते भूमि, भाषा और पहचान को लेकर टकराव पैदा हो रहा है। स्थानीय लोगों में धारणा बढ़ रही है कि घुसपैठिए कल्याणकारी योजनाओं और राजनीतिक तुष्टीकरण का लाभ उठा रहे हैं। इस धारणा ने जातीय राष्ट्रवाद और सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। कट्टरपंथी समूह ऐसी भावनाओं का फायदा उठाने में तत्पर रहते हैं, जिससे सामाजिक एकता को और खतरा पैदा होता है। इस समस्या को विकराल बनाने में राजनीतिक दल भी कम दोषी नहीं। अधिकांश दलों ने वोट-बैंक के लिए जाली दस्तावेजों के जरिये घुसपैठियों को सरकारी जमीनों खासकर नदियों के निकट और वन क्षेत्रों में बसाने में मदद की है। अल्पकालिक चुनावी लाभ के लिए इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ दीर्घकालिक समझौता हो जाता है। इससे नागरिकों और राज्य के बीच अविश्वास गहराता है। समय रहते अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह भारी अशांति का कारण बन सकता है, विशेषकर उन संवेदनशील क्षेत्रों में जहां जनसांख्यिकीय दबाव बढ़ रहा है। इसके तब और विध्वंसक परिणाम सामने आते हैं जब घुसपैठिए कृषि, निर्माण और घरेलू मजदूरी से जुड़े काम में संलग्न हो जाते हैं। इससे बाजार सस्ते मजदूरों से भर जाता है और स्थानीय श्रमिकों के हितों पर चोट पहुंचती है। सुरक्षा के जोखिम अलग बढ़ जाते हैं। कई घुसपैठिए अनौपचारिक या ग्रे इकोनमी में भी लिप्त होते हैं, जहां वे पशु तस्करी, मादक पदार्थों, जाली मुद्रा और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त होते हैं। ये गतिविधियां न केवल औपचारिक अर्थव्यवस्था को कमजोर करती हैं, बल्कि संगठित अपराध सिंडिकेट को भी मजबूत बनाती हैं। इनमें से कुछ के आतंकवादियों से संबंध भी होते हैं। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं पर भी घुसपैठिए बोझ बढ़ा रहे हैं। इस बोझ के चलते 2047 तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बनने का सपना भी पटरी से उतर सकता है। शत्रु पक्ष की रणनीतियों के कारण भारत की सीमाओं पर समस्याएं बढ़ रही हैं। पंजाब में ड्रोन के जरिये ड्रग्स और हथियार से जुड़े आतंकवाद ने जोर पकड़ लिया है। भारत-म्यांमार सीमा पर दुर्गम इलाके उग्रवादियों की आवाजाही और अवैध प्रवेश को बढ़ावा देते हैं। साइबर अपराधियों और मजदूरों के वेश में छिपे गुप्त एजेंट जांच को और जटिल बना देते हैं। बीते दिनों बांग्लादेश-मेघालय सीमा पर पाकिस्तानी आतंकियों की गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ द्वारा एक रणनीतिक बदलाव का संकेत देती है, जो अब पूर्वी सीमा पर कमजोरियों का फायदा उठाने के फेर में है। सुरक्षा बलों की भरसक कोशिशों के बावजूद व्यापक भौगोलिक परिस्थितियां भी प्रवर्तन संबंधी चुनौतियां उत्पन्न कर रही हैं। 2011 में मालदा जिले में पशु तस्करों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी थी। एक सर्वेक्षण के अनुसार 500 मीटर क्षेत्र पर अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों ने कब्जा किया हुआ था। इससे सुरक्षा अभियान के समक्ष चुनौतियां पैदा हो गईं। स्थानीय खुफिया नेटवर्क भी प्रभावित हो रहा है। ऐसी वास्तविकताएं यही संकेत करती हैं कि घुसपैठ केवल सीमा उल्लंघन तक ही सीमित नहीं है, यह आंतरिक समन्वय को भी कमजोर कर सकती है। संकट के समय दुश्मन देशों के साथ साठगांठ को बढ़ावा दे सकती है। नवघोषित जनसांख्यिकीय सुरक्षा मिशन एक आवश्यक कदम है। इसे सफल बनाने के लिए इस राह में आने वाली चुनौतियों के प्रति शून्य-सहिष्णुता वाला दृष्टिकोण अपनाना होगा। नकली पहचान पत्र, दस्तावेज वालों पर कानूनी शिकंजा कसना होगा। उन्नत सीमा बाड़, निगरानी तकनीकें और नागरिक सत्यापन प्रणालियां भी जरूरी होंगी। कौटिल्य ने यथार्थ ही लिखा है, 'सीमाओं पर स्थित प्रदेशों में विश्वसनीय लोगों और सैनिकों से आबाद किलेबंद नगर स्थापित करने चाहिए।

*इससे सामाजिक संतुलन बिगड़ा है। इसके चलते भूमि, भाषा और पहचान को लेकर टकराव पैदा हो रहा है। स्थानीय लोगों में धारणा बढ़ रही है कि घुसपैठिए कल्याणकारी योजनाओं और राजनीतिक तुष्टीकरण का लाभ उठा रहे हैं। इस धारणा ने जातीय राष्ट्रवाद और सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। कट्टरपंथी समूह ऐसी भावनाओं का फायदा उठाने में तत्पर रहते हैं, जिससे सामाजिक एकता को और खतरा पैदा होता है। इस समस्या को विकराल बनाने में राजनीतिक दल भी कम दोषी नहीं। अधिकांश दलों ने वोट-बैंक के लिए जाली दस्तावेजों के जरिये घुसपैठियों को सरकारी जमीनों खासकर नदियों के निकट और वन क्षेत्रों में बसाने में मदद की है। अल्पकालिक चुनावी लाभ के लिए इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ दीर्घकालिक समझौता हो जाता है। इससे नागरिकों और राज्य के बीच अविश्वास गहराता है। समय रहते अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह भारी अशांति*

## सम्पादकीय

### क्या नफरत की राजनीति भारतीयों के लिए बन रहा खतरा



मौजूदा लोकतांत्रिक स्वरूप में आने तक दुनिया ने वैचारिक पूर्वाग्रहों के कई दुखद दौर देखे हैं। नस्लीय दुराग्रहों पर आधारित नाजीवाद का वक्त उनमें से एक था और उससे पार पाने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी गई, कुर्बानियां दी गईं। इसके बाद आधुनिक विश्व में अगर किसी लोकतांत्रिक ढांचे वाले देश में ऐसी विचारधारा जड़ पकड़ती है और उसके निशाने पर कुछ खास समुदाय आते हैं, तो यह बेहद अफसोस और चिंता की बात है। जिन प्रवासियों ने आस्ट्रेलिया के विकास में योगदान दिया, सांस्कृतिक पहचान बनाई, आज उन्हीं को देश के लिए खतरा बता कर कई शहरों में आव्रजन विरोधी रैलियां निकाली जा रही हैं। इनमें खासतौर से आस्ट्रेलियाई-भारतीयों को निशाने पर लिया गया है। इस दौरान जिस तरह की सामग्री बांटी गई, उनमें नस्लवादी विचार तो थे ही, साथ ही इसकी जांच में इससे नव-नाजी समूहों के संबंध का भी पता चला है। हैरानी की बात है कि आधुनिक विश्व में जहां नाजीवाद की छाया से भी दूर रहना जरूरी माना जाता है, वहां कुछ लोग इसके आकर्षण में फंसे दिखते हैं। आस्ट्रेलिया में पनपा नव-नाजियों का समूह छोटा अवश्य है, लेकिन इसका विस्तार इस देश की सामाजिक समरसता को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। गनीमत यह है कि आस्ट्रेलिया की सरकार ने इस तरह के दुराग्रहों को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। मगर पिछले दिनों नफरत पर आधारित कुछ घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। ऐसे माहौल में भारतीयों की सुरक्षा और सहजता से जीने के अधिकार का मसला सबसे अहम है। भारत सरकार को इस मुद्दे पर आस्ट्रेलिया से संवाद बनाए रखना चाहिए, क्योंकि वहां फिलहाल भारतीय मूल के साढ़े आठ लाख लोग रह रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने स्वयं आप्रवासन को समायोजित किया है। इससे न केवल उसके विकास की रफ्तार बढ़ी, बल्कि दुनिया में उसकी बहु-सांस्कृतिक छवि भी बनी है। आस्ट्रेलिया के सत्तापक्ष से लेकर विपक्ष ने भी नव-नाजियों के रुख को शर्मनाक बताया है और स्पष्ट कर दिया है कि किसी तरह का नस्लवाद सहन नहीं किया जाएगा। उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया सरकार की ओर से नव-नाजियों के उभार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# रोका जाए धार्मिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग



उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा के अगले सत्र में पेश किए जाने वाले धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में प्रविधान है कि नौकरी, धन या अन्य उपहारों का लालच देकर किसी व्यक्ति का मतांतरण करने के प्रयास को जबरन पंथ परिवर्तन माना जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है, क्योंकि इसमें अंतःकरण की स्वतंत्रता भी शामिल है। अंतःकरण व्यक्ति के ज्ञान, अंतर्ज्ञान और तर्कशक्ति का मिश्रण है, जो उसे किसी मत-मजहब के सिद्धांतों को समझने और उसके अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कई बार हम आस्था में परिवर्तन को भी एक अधिकार मान लेते हैं। इसलिए जब भी राज्य उपासना पद्धति की स्वतंत्रता के अधिकार की सीमा निर्धारित करने या मत परिवर्तन रोकने का प्रविधान करता है तो कुछ लोग इसे अपने मौलिक अधिकार का उल्लंघन करार देते हैं। यह अक्सर विवाद और टकराव का रूप ले लेता है। मध्य प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और तमिलनाडु सहित करीब दस राज्यों में ऐसे कानून लागू हैं। उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने भी मत परिवर्तन निषेध कानून बनाए हैं। कई और राज्य भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं। मतांतरण के विरुद्ध राजस्थान सरकार ने भी ऐसा एक विधेयक प्रस्तुत किया है। इन सभी कानूनों में एक बात समान है कि विवाह के लिए मतांतरण को संज्ञेय और दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। हालांकि आलोचकों का कहना है कि ऐसे कानून धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के विरुद्ध हैं। इसलिए इन अधिकारों के संवैधानिक पहलुओं को समझना जरूरी है। इसलिए और भी, क्योंकि छल-छद्म से मतांतरण के मामले सामने आते ही रहते हैं। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में कथित छांगुर बाबा की ओर से कराए जाने वाले मतांतरण अभियान का षड्यंत्र आंखें खोलने वाला है। संविधान में अनुच्छेद 25-28 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है। एक ओर ये अधिकार समानता के सिद्धांत पर आधारित हैं, वहीं दूसरी ओर इनका सार धार्मिक सहिष्णुता है। यही भारत में पंथनिरपेक्षता का आधार भी है। इसीलिए संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा उद्देशिका में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़े जाने के बाद इसे परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं रही, क्योंकि धार्मिक सहिष्णुता इसे स्पष्ट कर देती है। एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ, 1994 मामले में उच्चतम न्यायालय ने न केवल पंथनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे में शामिल किया, बल्कि यह भी कहा कि भारतीय संविधान लागू होने के समय से ही पंथनिरपेक्ष था। अनुच्छेद 25-28 के तहत मिले अधिकारों में अंतःकरण की स्वतंत्रता के साथ-साथ अपनी उपासना पद्धति को स्वतंत्र रूप से मानने, आचरण करने और उसके प्रचार-प्रसार करने का अधिकार भी शामिल है। भारत में पंथनिरपेक्षता धार्मिक सहिष्णुता पर आधारित है। इसी कारण राज्य सामान्यतः धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करता, पर सांप्रदायिकता भड़कने की आशंका की स्थिति में हस्तक्षेप कर सकता है। इसीलिए अनुच्छेद 25(2) में उल्लेख है कि राज्य पंथ से संबंधित राजनीतिक, वित्तीय या अन्य लौकिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कानून बना सकता है। इस आधार पर यह कहना उचित है कि भारत में पंथनिरपेक्षता संविधान में राज्य की नीति के रूप में शामिल है। यह न तो किसी मत के पक्ष में है, न उसके विरुद्ध और न ही यह किसी मत के प्रति तटस्थ है। यह मतविरोधी नहीं, बल्कि संप्रदायवाद विरोधी है। ये सभी प्रविधान दर्शाते हैं कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में मतांतरण का अधिकार शामिल नहीं है, लेकिन कुछ लोग और संस्थाएं इसे अधिकार की तरह इस्तेमाल करती हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1948 में अपनाए गए मानवाधिकारों के सार्वभौमिक घोषणापत्र के अनुच्छेद 18 में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उपासना पद्धति को मानने, न मानने या उसे बदलने का अधिकार है। भारत संयुक्त राष्ट्र की नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का सम्मान करता है, लेकिन भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए यह उपबंध है कि कोई व्यक्ति अंतःकरण की स्वतंत्रता के आधार पर अपनी उपासना पद्धति बदल तो सकता है

# टूटते टूटते बचा यूरोप

लेकिन यही कोटा झगड़े की जड़ बन गया। पोलैंड, चेक रिपब्लिक, हंगरी और स्लोवाकिया के नेता शरणार्थियों को लेने के लिए बिल्कुल राजी नहीं हुए। यही नहीं, उन्होंने यूरोपीय संघ के भीतर मध्य यूरोपीय देशों का एक गुट बना लिया। जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों पर आरोप लगे कि वे यूरोपीय संघ के छोटे देशों पर अपनी मर्जी थोप रहे हैं। अब नई डील में सभी सदस्य देशों से कहा गया है कि वे इटली और ग्रीस जैसे देशों में आने वाले शरणार्थियों को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएं।



कुछ पूरा यूरोप ब्रसेल्स की तरफ टकटकी लगाए देख रहा था। यूरोपीय संघ के 28 देशों के नेताओं के फैसले का सबको इंतजार था। दांव पर यूरोपीय संघ की एकता थी। जर्मनी के लिए मामला और संजीदा था, क्योंकि ब्रसेल्स के फैसले पर चांसलर अंगेला मैर्केल की सरकार का भविष्य भी टिका था। 12 घंटों की माथापच्ची के बाद शुक्रवार तड़के डील हो जाने की खबर आई। डील शरणार्थियों के मुद्दे पर, जिसे लेकर यूरोपीय संघ दोफाड़ है। जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों को जहां यह राहत है कि शरणार्थियों के मुद्दे पर आखिरकार पूरा यूरोप एक साथ आया है, वहीं पोलैंड, चेक रिपब्लिक, हंगरी और स्लोवाकिया इस बात से खुश है कि उन्हें अब शरणार्थियों को लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। इटली और ग्रीस खुश हैं कि वे यूरोपीय संघ की सीमा पर होने के बावजूद अकेले नहीं हैं। 2015 के शरणार्थी संकट के बाद नौकाओं पर सवार होकर लाखों लोग यूरोप में पहुंचे। उत्तरी अफ्रीकी देशों से चलने वाली ऐसी नौकाओं की मंजिल इटली और ग्रीस के तट होते हैं जहां से शरणार्थी यूरोपीय संघ की सीमा में दाखिल होते हैं। एक तरफ सीरिया और इराक जैसे संकटग्रस्त देशों से लोग जान बचाकर यूरोप की तरफ भाग रहे हैं, तो वहीं उत्तरी अफ्रीका के साथ साथ अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे देशों के बहुत सारे लोग भी बेहतर जिंदगी की आस में समंदर का खतरनाक सफर तय करके यूरोप पहुंच रहे हैं। शरणार्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए यूरोपीय संघ ने तय किया था कि इस जिम्मेदारी को सभी सदस्य देश मिल कर उठाएंगे। इसके लिए एक कोटा व्यवस्था तैयार की गई जिसमें तय किया गया कि किस देश को अपने यहां कितने लोगों को जगह देनी है। लेकिन यही कोटा झगड़े की जड़ बन गया। पोलैंड, चेक रिपब्लिक, हंगरी और स्लोवाकिया के नेता शरणार्थियों को लेने के लिए बिल्कुल राजी नहीं हुए। यही नहीं, उन्होंने यूरोपीय संघ के भीतर मध्य यूरोपीय देशों का एक गुट बना लिया। जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों पर आरोप लगे कि वे यूरोपीय संघ के छोटे देशों पर अपनी मर्जी थोप रहे हैं। अब नई डील में सभी सदस्य देशों से कहा गया है कि वे इटली और ग्रीस जैसे देशों में आने वाले शरणार्थियों को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएं। डील के मुताबिक उत्तरी अफ्रीका के जिन देशों से नौकाओं पर सवार होकर शरणार्थी यूरोप का रुख करते हैं, उन्हें वहीं रोकने के लिए कदम उठाए जाएं। साथ ही यूरोप की सीमा से बाहर क्षेत्रीय सेंटर बनाने की बात भी कही गई है जहां अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में पकड़े गए आप्रवासी लोगों को रखा जाए। इसके अलावा, यूरोपीय संघ के सदस्य अपने यहां माइग्रेशन प्रोसेसिंग सेंटर कायम कर सकते हैं जिसके जरिए वे यह तय करेंगे कि आने वाले लोगों को आर्थिक आप्रवासी मान कर वापस उनके देश वापस भेजा जाए या फिर उन्हें शरणार्थी के तौर पर वे अपने यहां जगह दें। इस तरह के केंद्रों के लिए पैसा यूरोपीय संघ देगा। लेकिन यह सब स्वेच्छा के आधार पर होगा। इसके लिए किसी पर कोई बाध्यता नहीं होगी। इटली ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है, लेकिन यह नहीं बताया है कि वह अपने यहां इस तरह के सेंटर बनाएगा या नहीं। इटली ने हाल के दिनों में अपने तटों पर पहुंचने वाली कई नौकाओं को वापस भेजा है। यूरोपीय संघ के शिखर सम्मेलन में सबसे ज्यादा नजरें भी इटली पर ही थीं जहां एक महीने पहले शरणार्थियों का विरोध करने वाली दो पार्टियों ने गठबंधन सरकार बनाई है। ब्रसेल्स में इटली के प्रधानमंत्री जुसेप कोंते की हर मांग को जब तक नहीं मान लिया गया, वे यूरोपीय संघ के हर निष्कर्ष पर वीटो करते रहे। अब वह डील से बहुत संतुष्ट हैं। खुश पोलैंड, चेक रिपब्लिक, हंगरी और स्लोवाकिया भी हैं जिन्होंने शरणार्थियों के मुद्दे पर यूरोपीय संघ में बगावत का झंडा उठा रखा था। पोलैंड और चेक गणराज्य के नेता माइग्रेशन डील को यूरोपीय संघ के भीतर मध्य यूरोपीय देशों की जीत बता रहे हैं। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रे बाबिस ने ट्वीट किया, "हम अब उस बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां लोग कोटे की बात नहीं कर रहे हैं। (शरणार्थियों का) बंटवारा और पुर्नवास स्वैच्छिक होगा, मतलब कोई हम पर आप्रवासियों को थोप नहीं सकता।" जर्मन चांसलर मैर्केल को घरेलू स्तर पर इस डील से राहत मिलने की उम्मीद है। इस मुद्दे पर बगावती तेवर अपनाने वाली उनकी गठबंधन सहयोगी सीएसयू पार्टी ने डील पर संतोष जताया है।



# रणवीर शोरी ने बताया क्यों ठुकराई टाइगर जिंदा है

एक्टर रणवीर शोरी सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म एक था टाइगर में नजर आए थे, हालांकि दूसरी फिल्म टाइगर जिंदा है में वो नजर नहीं आए। अब रणवीर ने खुद दूसरी फिल्म छोड़ने की वजह बताई है। साथ ही ये भी कहा है कि दूसरी फिल्म ठुकराने के बावजूद वो गुस्से में टाइगर 3 का हिस्सा बने थे। हाल ही में डिजिटल कमेंट्री को दिए इंटरव्यू में रणवीर शोरे ने टाइगर जिंदा है न करने पर कहा, टाइगर 2 (टाइगर जिंदा है) भी मुझे ऑफर हुई। पहली जब बनी तो जब मैं स्क्रीनिंग पर गया तो यश जी थे सलीम साहब थे उन्होंने भी मेरी पीठ थपथपाई औप कहा बहुत अच्छा काम किया तुमने। मैं भी खुश यार। लेकिन जब पार्ट टू की स्क्रिप्ट आई, रोल मेरा पहले वाले से भी छोटा और पैसे जो ऑफर कर रहे हैं वो पहले वाले से भी कम थे, तो मैंने कहा ऐसा क्यों कर रहे हो यार। अगर लोग मेरे रोल की तारीफ कर रहे हैं तो आपको रोल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा, नहीं यही है, तो फिर मैंने मना कर दिया। आगे रणवीर शोरी ने कहा, तीसरे पार्ट (टाइगर 3) में क्या हुआ कि गिरीश जी (गिरीश कर्नाड) का निधन हो गया था। तो टाइगर की ओरिजिनल टीम थी, उसमें मैं ही बचा था, गिरीश जी थे और मैं था। इस बार भी मुझे जो रोल मिला, वो तो आपने देखा ही है, हम इस बारे में बात कर सकते हैं कोई स्पॉइलर नहीं है। तो मैंने कहा तुम मुझे वापस बुला रहे हो मारने के लिए, उन्होंने कहा, हां। पहले तो मुझे भी चोट लगी, लेकिन फिर कहते हैं न गुस्से में आकर कहा कि ठीक है मैं अपने कैरेक्टर को मौत देने आ जाऊंगा। अगर तुम ये इज्जत दे रहे हो इस कैरेक्टर को तो मरने के लिए मैं आ जाऊंगा। पैसे इस बार मैंने ठीक-ठाक लिए। बहुत ज्यादा नहीं लेकिन ठीक-ठाक। कैरेक्टर मारने के लिए मैं चला गया। बताते चलें कि रणवीर शोरे ने टाइगर फ्रैंचाइजी की फिल्मों में गोपी आर्या का किरदार निभाया था।




# युजवेंद्र चहल पर धनश्री ने फिर कसा तंज?

डांसर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा इन दिनों एक नए रियलिटी शो में नजर आने वाली हैं, जिसके चलते वो चर्चाओं में हैं। हालांकि सुर्खियों में आने की वजह सिर्फ शो नहीं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी भी है। धनश्री ने अपने रिएलिटी शो राइज एंड फॉल के प्रोमो में एक बयान दिया जिसे सोशल मीडिया पर लोग उनके एक्स-हसबैंड और टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल से जोड़कर देख रहे हैं।

## प्रोमो में क्या बोलीं धनश्री?

'राइज एंड फॉल' नाम के शो के लेटेस्ट प्रोमो में धनश्री कहते हुए नजर आती हैं- क्वीन को स्टार बनने की जरूरत नहीं है, इंटरव्यू लेने वालों की लाइन पहले से लगी है। और वैसे भी, पेंटहाउस के सारे स्पोर्ट्स चैनल्स मैंने बंद कर दिए हैं। धनश्री की इस लाइन को सीधे पूर्व पति चहल के साथ मामले को जोड़कर देखा गया।

## सोशल मीडिया पर उठे सवाल




जैसे ही यह प्रोमो सामने आया, सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे युजवेंद्र चहल पर अप्रत्यक्ष तौर पर टिप्पणी बताया। लोगों का कहना है कि स्पोर्ट्स चैनल वाला जिक्र दरअसल चहल की ओर इशारा है। देखते ही देखते ट्विटर और इंस्टाग्राम पर क्लिप वायरल हो गई और फैंस ने मीम्स की झड़ी लगा दी।

## 'राइज एंड फॉल' से नई पारी

शो 'राइज एंड फॉल' में धनश्री के साथ कई जाने-माने चेहरे भी शामिल हैं। इसे शार्क टैंक इंडिया के अशनीर ग्रोवर होस्ट कर रहे हैं। इस शो में सेलेब्रिटीज को पेंटहाउस और बेसमेंट जैसी दो अलग-अलग दुनियाओं में बांटा गया है। धनश्री का किरदार शुरू से ही हाइलाइट हो रहा है और अब अपने इस प्रोमो के बाद वो एक बार फिर से चर्चाओं में आ गई हैं।



# फिल्म जी ले जरा पर फरहान ने दी अपडेट

## प्रियंका-कैटरीना को कास्ट करने पर कहा





फरहान अख्तर ने साल 2021 में फिल्म जी ले जरा का एलान किया था। इस फिल्म में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ अहम किरदार निभाने वाली थीं। पिछले कुछ वर्षों में, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तारीखों के टकराव के कारण इस प्रोजेक्ट में देरी हुई है। कई लोगों ने अनुमान लगाया कि क्या यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से बंद हो गया है, क्योंकि पिछले चार वर्षों में इस पर कोई अपडेट नहीं आया है। अब, फरहान अख्तर ने बताया है कि जी ले जरा को बंद नहीं किया गया है।

### फरहान ने फिल्म के बारे में दिया अपडेट

बातचीत में फरहान अख्तर से पूछा गया कि क्या आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ अभिनीत फिल्म जी ले जरा को रोक दिया गया है। इस पर उन्होंने जवाब दिया मुझे यह कहना बिल्कुल पसंद नहीं आएगा कि इसे रोक दिया गया है। मैं बस इतना कहूंगा कि इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो बनेगी। मुझे नहीं पता कि यह कब बनेगी। लेकिन इसकी स्क्रिप्ट बहुत ही शानदार है।

### कलाकारों के बारे में नहीं है जानकारी

फरहान अख्तर ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है और वह इस पर और कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। हालांकि फिल्म जरूर बनेगी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर लोकेशन की तलाश और म्यूजिक सहित काफी काम पहले ही हो चुका है।

### तरीखों को लेकर फंसा था पेंच

2023 में वैरायटी के साथ बातचीत में फरहान अख्तर ने बताया हमारे पास बस तारीखों को लेकर समस्या है। मुझे नहीं पता क्या हो सकता है और क्या नहीं। इसलिए मुझे अब सचमुच विश्वास होने लगा है कि इस फिल्म की अपनी नियति है।

### रोड-ट्रिप फिल्म हो सकती है जी ले जरा

जी ले जरा को ऋतिक रोशन और अभय देओल अभिनीत हिट फिल्म जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की तरह एक रोड-ट्रिप फिल्म बताया जा रहा है। पहले ऐसी अफवाहें थीं कि कैटरीना और प्रियंका अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

# फिल्म परम सुंदरी के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को मिली 12 करोड़ रुपए फीस

तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी फिल्म परम सुंदरी की पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर ने लीड रोल प्ले किया है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...इस फिल्म के लिए सिद्धार्थ को 10 से 12 करोड़ रुपए तक की फीस मिली है। फीस के मामले में उन्होंने फिल्म के सभी कलाकारों को पीछे छोड़ दिया है। परम सुंदरी में जाह्नवी (सुंदरी) एक ऐसी लड़की की भूमिका में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है। इस फिल्म के लिए उन्होंने 4 से 5 करोड़ रुपए लिए हैं। फिल्म में संजय कपूर भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म के लिए उन्हें लगभग 50 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। मनजोत सिंह ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है, जिसके लिए उन्होंने तकरीबन 25 लाख चार्ज किए हैं। रेन्जी पणिक्कर को फिल्म के लिए 25 से 30 लाख रुपए तक की फीस दी गई है। परम सुंदरी का बजट 45 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इसके अलावा सिद्धार्थ जल्द ही फिल्म रेस 4 में भी दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान भी लीड रोल में हैं।



# डूमस्क्रॉलिंग पर परिणीति चोपड़ा ने जताई चिंता



तकनीक और सोशल मीडिया के तमाम फायदे हैं, मगर इसके अपने नुकसान भी हैं। डूमस्क्रॉलिंग यानी सोशल मीडिया पर लगातार नेगेटिव कंटेंट और खबरों के स्क्रॉलिंग की आदत। फिर चाहें वह हमारी चिंता और तनाव की वजह बन रही हो। परिणीति ने हाल ही में इस आदत पर चिंता जताते हुए पोस्ट शेयर किया है। परिणीति चोपड़ा ने आज को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी शेयर की है। इसमें लिखा है, एक दिन हम डूमस्क्रॉलिंग को उसी नजर से देखेंगे जैसे आज सिगरेट को देखते हैं। लत लगाने वाला, विनाशकारी, और ऐसा कुछ जिस पर हमें यकीन ही नहीं होता कि हमने कभी इतनी लापरवाही से ऐसा किया था। परिणीति चोपड़ा जल्द मां बनने वाली हैं। वे और राघव चड्ढा अपनी पहली संतान का स्वागत करने को तैयार हैं। हाल ही में परी ने इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर कर यह खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की। बता दें कि राघव चड्ढा और परिणीति ने साल 2023 में शादी रचाई।

## ओटीटी सीरीज में करेंगी डेब्यू

परिणीति के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही नेटफिलक्स की सीरीज में नजर आएंगी। यह परी की पहली ओटीटी सीरीज है। डेब्यू सीरीज को लेकर वे उत्साहित हैं।

परी के अलावा सीरीज में सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, ताहिर राज भसीन सहित कई और सितारे नजर आएंगे।



# पहली बार कन्नड़ डायरेक्टर के साथ काम कर सकते हैं अजय

बालीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन। को हिंदी में रीमेक करते हैं, अब साउथ के फिल्म निर्माताओं के साथ सीधे काम करने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक... अजय से तीन बड़े साउथ फिल्म बैनरों ने संपर्क किया है और फिलहाल उनकी बातचीत कन्नड़ निर्देशक जेपी थुमिनद के साथ एक हिंदी हॉरर कॉमेडी फिल्म को लेकर चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार... अजय की KVN प्रोडक्शंस के साथ बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। KVN प्रोडक्शंस वही बैनर है जो निर्देशक प्रियदर्शन की हैवान और यश की टॉक्सिक :अ फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स बना रहा है।

## मैत्री मूवी ने फिल्म के लिए किया अजय से संपर्क

कहा जा रहा है कि अजय को फिल्म पुष्पा फ्रैंचाइज बनाने वाली मैत्री मूवी मेकर्स और कई हिट फिल्में देने वाली सन पिक्चर्स ने भी संपर्क किया है। हालांकि इन बैनरों के साथ अभी शुरुआती दौर की बातचीत चल रही है। सूत्रों ने बताया... मैत्री और सन पिक्चर्स के साथ अजय की बातचीत शुरुआती चरण में है, लेकिन चड्ढह प्रोडक्शंस के साथ उनकी बात ठोस बन गई है। उन्होंने एक हॉरर कॉमेडी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जिसे जे. पी. थुमिनाद निर्देशित करेंगे। थुमिनाद ने हाल ही में कन्नड़ हिट फिल्म सू फ्रॉम सो का निर्देशन किया था।

सूत्रों के मुताबिक... अगर यह डील पक्की हो जाती है, तो यह अजय के करियर की पहली हॉरर कॉमेडी होगी। इससे पहले उन्होंने हॉरर फिल्में जैसे भूत (2003), काल (2004) और हाल ही में रिलीज हुई शैतान (2024) में काम किया है। उनकी फिल्म गोलमाल अगेन (2017) में अलौकिक कॉमेडी थी, लेकिन उसमें हॉरर के तत्व कम थे। सूत्र ने आगे बताया... अजय ने हाल ही में सू फ्रॉम सो देखी और उन्हें वह इतनी पसंद आई कि उन्होंने निर्देशक जे. पी. थुमिनाद को मुंबई बुलाया। दोनों इस महीने की शुरुआत में मिले और कहानी पर चर्चा की।

अजय को कहानी पसंद आई है, लेकिन वह स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद ही अपनी सहमति देंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दृश्यम 3 की शूटिंग अक्टूबर में शुरू करने के बाद, अजय थुमिनद की फिल्म पर काम शुरू कर सकते हैं। वर्तमान में, अजय फिल्म धमाल 4 की शूटिंग पूरी कर रहे हैं, । इस फिल्म में अजय के साथ कई स्टार भी दिखाई देंगे। ईशा गुप्ता भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसके अलावा अजय इन दिनों अपनी फिल्म रेंजर को लेकर भी चर्चा में हैं। इसकी शूटिंग भी उन्होंने शुरू कर दी है।

## नेटफिलक्स पर आएगी सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को थिएटर्स में रिलीज किया गया था। माना जा रहा था कि अजय की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। लेकिन सन ऑफ सरदार का सीक्वल ऑडियंस का दिल जीतने में सफल नहीं नहीं रहा। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। अब इसकी ओटीटी रिलीज की चर्चा तेज होने लगी। बता दें कि सन ऑफ सरदार 2 के डिजिटल राइट्स की डील नेटफिलक्स के साथ पहले ही हो गई थी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। कयास लगाए जा रहे हैं सितंबर के आखिरी या फिर अक्टूबर के पहले वीक में फिल्म पर अपडेट आ जाएगा।



## हनीट्रैप के मामले में एक साल से फरार 10 हजार का ईनामी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निस.)।** सवाईमाधोपुर में खिरनी नगर पालिका के पूर्व चैयरमैन रुपसिंह डोई हनीट्रैप के मामले में फंसाने की धमकी देकरके अपहरण व हनी ट्रेप के मामले में एक वर्ष से फरार 10 हजार के इनामी रेलबे के एक कर्मचारी 35 वर्षिय कालूराम गुर्जर पुत्र गिर्राज गुर्जर निवासी बालोली थाना मलारना डूंगर सवाईमाधोपुर को सवाई माधोपुर थाना कोतवाली पुलिस ने हाऊसिंग बोर्ड बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरलाल सिहं द्वारा पुलिस टीम के साथ की गई कार्यवाही के बारे में बताया गया कि आरोपी ने अप्रैल 2024 में पूर्व चैयरमैन को व्हाट्सएप पर हनीट्रैप के मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये मांगे। मना कर देने पर आरोपी ने अपनी गैंग के लड़कों द्वारा पूर्व चैयरमेन व उसके ड्राईवर को खैरदा रिलाईस पैट्रोल पम्प के पास बुलाकर उसका अपहरण कर भूरी पहाडी होते हुए कैमरी नादोती मे ले जाकर मारपीट कर फिरौती के एक करोड रुपये मांगे।



## अजय झामरी हत्याकांड में नाबालिग को आजीवन कारावास की सजा

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस.)।** वर्ष 2023 के बहुचर्चित अजय झामरी हत्याकांड में जिला एवं सेशन न्यायालय द्वारा एक नाबालिग आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। गुरुवार को अदालत द्वारा सुनाये गए इस इस बहुचर्चित हत्याकांड के मामले में मृतक परिवादी अजय झामरी के अधिवक्ता विवेक हथेनी ने बताया की 27 अगस्त 2023 की शाम बस स्टैंड के पास अजय झामरी की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में मृतक के सगे भाई की गवाही सजा की मुख्य वजह बनी जबकि मृतक के गांव का निवासी मामले का एक गवाह गौरव मुकदमे की सुनवाई में अपनी गवाही के दौरान अपने पुराने बयानों से मुकर गया था। प्रकरण में पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी तेजवीर पुत्र सतवीर, बंटी पुत्र नेम सिंह व एक नाबालिग के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। आरोपी तेजवीर व बंटी का प्रकरण अभी एडीजे संख्या 2 न्यायालय में विचारधीन है तथा दोनों सेवर जेल में बंद है।

## विधानसभा में ऐलीवेटेड रोड का मुद्दा उठाया विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस.),** भरतपुर विधायक व पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने राजस्थान विधानसभा में भरतपुर में प्रस्तावित ऐलीवेटेड रोड निर्माण से व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को होने वाली परेशानी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण मंत्री एवं शहरी विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि रोड निर्माण से पूर्व व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर सकारात्मक वार्ता की जानी चाहिए, ताकि उनकी जिज्ञासाओं का समाधान हो और विकास कार्य बिना किसी विवाद के आगे बढ़ सके। डॉ. गर्ग ने बताया कि तोप सर्किल से कुम्हेर गेट चौराहे तक प्रस्तावित रोड को लेकर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, जिससे व्यापारियों में संशय की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की चुप्पी के कारण व्यापारी धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं और एक दिन बाजार भी बंद किया गया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर सैकड़ों दुकानें हैं और हजारों लोगों का रोजगार इससे जुड़ा हुआ है। वर्तमान में यहां 66 फीट की सड़क है, ऐसे में यदि ऐलीवेटेड रोड की चौड़ाई 50-55 फीट तक सीमित कर दी जाए तो व्यापारियों का नुकसान रोका जा सकता है। डॉ. गर्ग ने बिजली घर और कच्चा कुण्डा क्षेत्र की समस्याओं का भी मुद्दा उठाया तथा सुझाव दिया कि जयपुर की तर्ज पर सिंगल रोड का ऐलीवेटेड रोड बनाया जाए, जिससे विकास भी हो और व्यापारियों व निवासियों को किसी तरह की परेशानी भी न हो।

## धरती को हरा भरा बनाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण ही मजबूत विकल्पः दर्जी

### जन सेवक डूंगर राम गेदर के जन्म दिन पर घांघू में किया पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** गांव घांघू में गुरुवार को जन सेवक सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गेदर के 59वें जन्म दिन पर पौधरोपण किया गया। पौधारोपण का शुभारंभ समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी ने स्थानीय श्रीबैकुंठ मुक्तिधाम परिसर में पीपल का पौधा लगाकर किया। इस मौके पर समाजसेवी परमेश्वरलाल दर्जी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और धरती को हराभरा बनाने के लिए पौधारोपण आज की महत्ती आवश्यकता है। हमें धरा को सुंदर बनाने, पर्यावरण सरंक्षण व प्रकृति पोषण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए, उन्होंने जनसेवक सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गेदर के स्वस्थ, सुखद और उज्जवल जीवन की कामना की। कार्यक्रम संयोजक बीरबल नोखवाल ने बताया कि घांघू के श्रीबैकुंठ मुक्तिधाम परिसर में पीपल, नीम, शीशम, बकाण सहित अन्य किस्म के पौधे लगाए गए। नोखवाल ने बताया की जन सेवक सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गेदर ने जन सेवा के लिए शादी नहीं की, अपने नाम से किसी भी प्रकार की संपत्ति नहीं है, किसी भी मद से जो भी आय होती है, जन सेवा में ही लगाते हैं। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का आधार बना रखा है। समाज को ऐसे उच्च व्यक्तित्व के जनसेवकों के जन्मदिन अवश्य मनाने चाहिए। ग्रामवासियों ने भी पौधे लगाकर जन सेवक के स्वस्थ, सुखी व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर मिस्त्री सलीम खान, जगदीश सिहाग, साजिद बड़गुर्जर, हारून व्यापारी, रईस, बुधराम प्रजापत, दिनेश कुमार, सुनील कुमार ने पौधरोपण किया।

## 72 नेत्र रोगियों की जांच कर 40 का ऑपरेशन के लिए किया चयन

**नावां सिटी(निस.)** । नांवा सोशल सर्विस सोसायटी एवं फ्रेंड्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान से जिला अंधता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल के सहयोग से रामेश्वर धाम बगीची में निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। नावां सोशल सर्विस सोसायटी के अध्यक्ष लुकमान शाह ने बताया कि पीड़ित मानव सेवा हितार्थ आयोजित शिविर का शंकरा अस्पताल जयपुर की चिकित्सा टीम ने 72 रोगियों की जांच कर 40 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया। चयनित रोगियों को बस द्वारा जयपुर भेजा गया।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं को मिली नई सौगात, रिदम मेकओवर सुमेरपुर ने भेंट की 28 टेबल-बेंच

### पंकज राज मेवाड़ा के निश्वार्थ सेवा कार्यो से अभिभूत होकर प्रमिला परिहार व डॉ. संजय परिहार द्वारा टेबल व बेंच भेंट की गयी




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणा से रिदम मेकओवर सुमेरपुर द्वारा राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पुराड़ा (सुमेरपुर) में अध्ययनरत बालिकाओं को पढ़ने और बैठने के लिए 28 टेबल व बेंच भेंट की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ की गई। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। रेडक्रॉस सोसायटी के चार्टर अध्यक्ष एवं ट्रस्ट संस्थापक पंकज राज मेवाड़ा के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर रिदम मेकओवर सुमेरपुर ने यह पुनीत कार्य किया। प्रमिला परिहार व डॉ. संजय परिहार ने व्यक्तिगत रूप से सहयोग करते हुए टेबल व बेंच प्रदान कीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजू बबेरवाल ने बताया कि पूर्व में बालिकाएं जमीन पर बैठकर पढ़ाई करती थीं, जिससे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट ने भामाशाहों से चर्चा कर बालिकाओं के लिए टेबल-बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित की। नई टेबल-बेंच पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बच्चों की मुस्कान देखकर नंदी गौशाला अध्यक्ष किशोर भाटी व कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने पंकज मेवाड़ा के सेवा भाव की सराहना की। इस सेवा कार्य में संरक्षक व पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़, नेनमल सोनी, झुमरलाल गर्ग, चंपालाल सोनी, हरिराम सोनी, डॉ. अनिल सुरेशा, सचिव डॉ. कमलेश कुमार, संपत मेवाड़ा, प्रियंका मेवाड़ा, नवीन गहलोत, युवराज रावल, संयम खान पठान, भावना, किशोर भाटी व प्रकाश अग्रवाल सहित विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा। मंच संचालन गिरीश शर्मा ने किया। प्रधानाध्यापिका बबेरवाल ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया और इस प्रकार की पहल को प्रेरणादायक बताया।

## मारोठ में पेयजल संकट अनिश्चितकालीन धरना और अनशन दूसरे दिन भी जारी

जयपुर टाइम्स



**नांवासिटी(निस.)।** मारोठ कस्बे में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को धरना दूसरे दिन भी जारी रहा और यह विकराल रूप लेता दिखाई दे रहा है। इसी बीच समाजसेवी मनोज गंगवाल और महेंद्र कस्वा ने कार्मिक अनशन शुरू कर दिया, जिसमें उन्होंने अन्न के साथ पानी का भी त्याग कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक ठोस समाधान नहीं होगा, संघर्ष जारी रहेगा। धरना स्थल गोपीनाथ जी मंदिर के सामने लोगों ने प्रशासन और सरकार की बेरुखी पर नाराज़गी जताई। रात्रि को सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर प्रशासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई। ग्रामीणों ने कहा कि समय सीमा बीत जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मजबूर होकर अब गांववासी उग्र आंदोलन की ओर बढ़ रहे हैं।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

1. नियमित पानी की सप्लाई और पाइप लाइन लीकेज दूर हो।
2. गोविंदी पंप हाउस को बिसलपुर मेन पाइप लाइन से जोड़ा जाए।
3. जल सप्लाई सिस्टम पर ठेकेदार की मनमानी रोकी जाए।
4. गांव को डीआई पाइप लाइन से जोड़ा जाए।
5. तालाब, नाड़ी, बांध और कुओं की रिपेयरिंग की जाए।
6. हैंडपंप और ट्यूबवेल सुचारू रूप से चालू किए जाएं।
7. बावड़ी और कुओं से जलापूर्ति बहाल की जाए।

### ग्रामीणों का संदेश और चेतावनी

गांववासियों ने कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए सड़कों पर उतरना शर्मनाक है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने एकता का संदेश देते हुए कहा–"सबका साथ, गांव का विकास, संगठन में ही शक्ति है।"

## नबी पाक के 1500वें जन्मदिवस पर फल वितरण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** हजरत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिवस के अवसर पर दावत-ए-इस्लामी इंडिया के गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से जिला चिकित्सालय शिशु अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला निगरान नदीम मदनी ने कहा कि नबी पाक ने हमेशा समाज को भलाई, भाईचारे, नशे से दूर रहने और सही रास्ते पर चलने की शिक्षा दी है। कार्यक्रम का नेतृत्व पीएमओ डॉ. विजय सिंह, डॉ. हरिओम गर्ग, डॉ. धर्म सिंह मैनावत और डॉ. असद खान ने किया। फल वितरण के दौरान मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया और डॉक्टरों ने उन्हें उचित उपचार एवं देखभाल के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर असलम मास्टर, अनीश खान, मजीद खान, आजाद उस्मानी, इरशाद कुरैशी, हाशिम भाई, साविर अत्तारी, मुन्ना भाई, आरिज खान, अफजल अत्तारी, काजिम भाई, साहिल कुरैशी, साजिद खान, इमाम नैय्यर रजा साहब और ताहिर कुरैशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नदीम मदनी ने कहा कि नबी पाक की शिक्षाएं हमें समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने लोगों से बीमारों की सेवा और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नबी पाक की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना था। उपस्थित लोगों ने भी भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## शिक्षक दिवस समारोह श्री हरिदत्त कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया



जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस.)।** श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज, सेवर में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण से हुई। तत्पश्चात मोहनी व गरिमा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा (निदेशक, श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन्स) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "शिक्षक समाज का दर्पण और राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं। भारतीय संस्कृति की आत्मा गुरू-शिष्य परंपरा में निहित है, इसलिए हमें सदैव अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए।" इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा व निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने मीरा शर्मा, डॉ. राजकमल दिवाकर, सुनील सर और नेहा ओमर सहित कई शिक्षकों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने भी शॉल ओढ़ाकर एवं इंसिग्निया पिन पहनाकर शिक्षकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में राज, सचिन, मोहनी गुर्जर व निखिल अग्रवाल ने प्रस्तुति दी, जबकि राशी और रूचि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन पूजा चतुर्वेदी व कुमारी चंचल ने किया। समारोह में प्राचार्य डॉ. संजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षण एवं प्रबंधकीय स्टाफ मौजूद रहा।

## भैरूपुरा विद्यालय में प्रधानाध्यापक जंवरीलाल सिंगाड़िया का सेवानिवृत्ति पर भव्य सम्मान

जयपुर टाइम्स




**कुचामणसिटी(निस.)।** पाँचवा गाँव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरूपुरा में प्रधानाध्यापक जंवरीलाल सिंगाड़िया के सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं विद्यालय स्टाफ ने सिंगाड़िया का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। विशेष रूप से भैरूपुरा के ग्रामीणों ने उन्हें स्नेह व आभार स्वरूप मोटरसाइकिल भेंट की। प्रधानाध्यापक सिंगाड़िया ने बताया कि उन्होंने शिक्षा विभाग में 37 वर्ष तक सेवा दी, जो उनके जीवन का सबसे सुनहरा समय रहा। समारोह के बाद उन्हें व उनकी धर्मपत्नी सविता देवी को बग्गी रथ में बैठाकर विद्यालय परिसर से डीजे व पुष्पवर्षा के बीच भव्य जुलूस के रूप में रवाना किया गया। यह जुलूस गाँव के मुख्य मार्गों, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, गंगा माता मंदिर व शिव मंदिर होते हुए उनके निवास तक पहुँचा। रैगर समाज पाँचवा की ओर से भी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य का साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। पूरे गाँव में जगह-जगह ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय को एक इनवर्टर सेट भेंट करने की घोषणा भी की। इस दौरान धन्नराम,महेंद्र सिंगड़िया, मनोज, भवानीशंकर, महेंद्र कुमार,सुरेंद्र कुमार ,आनंदी लाल चोमिया,कमलेश, महेंद्र, सुरेंद्र,राकेश, अनिल सहित कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही ।

# स्कूल शिक्षा विभाग व्याख्याताओ ने शिक्षा संकुल में धरना व ज्ञापन दिया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)** उपप्राचार्य पदोन्नति में कॉमन सीनियरिटी की मांग को लेकर सैंकड़ों व्याख्याताओ ने शिक्षा संकुल में माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट और शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता को ज्ञापन दिया और एक भर्ती में में विभिन्न विषयों में वरीयता क्रम अनुसार समान वरीयता की मांग की । शिक्षा विभाग ने उपप्राचार्य के लिए अस्थाई पात्रता सूची जारी की है, इस सूची के अवलोकन से विदित होता है कि उपप्राचार्य पद के लिए स्कूल प्राध्यापक भर्ती परीक्षा, 2015 के राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान अंग्रेजी राजस्थानी , समाजशास्त्र उर्दू विषय के समस्त प्राध्यापक पदोन्नत हो जाएंगे और शेष विषयों जैसे हिंदी, भूगोल, वाणिज्य, भौतिक विज्ञान संस्कृत आदि के लगभग 8000 व्याख्याताओ को पदोन्नति के लिए 7 से 8 वर्ष का इंतजार करना होगा इससे न केवल वर्तमान व्याख्याता प्रभावित हो रहे हैं बल्कि आगामी व्याख्याता भर्ती परीक्षा में केवल राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान , अंग्रेजी जैसे पदोन्नति वाले विषयों में ही पद रिक्त होंगे जिससे नई भर्ती में केवल इन विषयों के ही अधिकांश पद आएंगे , शेष विषयों से तैयारी करने वाले बेरोजगार खुद को ठगा सा महसूस करेंगे। गौरतलब है कि वर्तमान में राजस्थान शिक्षा (राज्य एवमं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2021 में व्याप्त वरिष्ठता सम्बन्धी विसंगतियों को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय में केस चल रहा है और उसकी सुनवाई अंतिम चरण में है इसके बावजूद शिक्षा विभाग अपनी हठधर्मिता के चलते उपप्राचार्य पदोन्नति को आनन फानन में द्रुत गति से आगे बढ़ा रहा है। जिससे यह पदोन्नति भी विवादास्पद होती दिख रही है। ऊपदोन्नति में विवाद का केंद्र शिक्षा विभाग वरीयता का निर्धारण 2015 तक आरपीएससी द्वारा भेजी जाने वाली अभिस्थावना के आधार पर किया जा रहा था, इसके बाद 2021 में राजस्थान शिक्षक सेवा नियम में सीनियरिटी का निर्धारण नियुक्ति आदेश के आधार पर किए जाने लगा । 2015 की स्कूल प्राध्यापक भर्ती के 19 विषयों में से 8 विषय गणित, चित्रकला, रसायन विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजस्थानी ,सिंधी ,संगीत, समाजशास्त्र के 1247 पदों को नियुक्ति 2016 दी गई। भर्ती पर न्यायलय से स्टे आने के कारण शेष विषय राजनीति विज्ञान अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, गृह विज्ञान, वाणिज्य, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, भूगोल 2015 की स्कूल प्राध्यापक भर्ती के 19 विषयों में से 8 विषय गणित, चित्रकला, रसायन विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजस्थानी ,सिंधी ,संगीत, समाजशास्त्र के 1247 पदों को नियुक्ति 2016 दी गई। भर्ती पर न्यायलय से स्टे आने के कारण शेष विषय राजनीति विज्ञान अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, गृह विज्ञान, वाणिज्य, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, भूगोल के 11841 पदों की नियुक्ति 2017 में अलग-अलग दिनांक को गई और इस भर्ती में वरिष्ठता का निर्धारण 2021 में बनाये नियम के आधार पर नियुक्ति से करने के कारण एक विषय का व्याख्याता दूसरे विषय के समस्त व्याख्याता से वरिष्ठ कर दिया गयाके 11841 पदों की नियुक्ति 2017 में अलग-अलग दिनांक को गई और इस भर्ती में वरिष्ठता का निर्धारण 2021 में बनाये नियम के आधार पर नियुक्ति से करने के कारण एक विषय का व्याख्याता दूसरे विषय के समस्त व्याख्याता से वरिष्ठ कर दिया गया। इससे पदोन्नति में केवल विभाग द्वारा पहले जारी नियुक्ति तिथि के विषय ही प्राथमिकता प्राप्त करते हैं, शेष विषय के प्राध्यापक खुद को ठगा महसूस करता है। प्राध्यापक स्कूल शिक्षा कॉमन सीनियरिटी संघर्ष समिति ने मांग कि शिक्षा विभाग को एक भर्ती में विभिन्न विषयों को मेरिट आधारित समान वरीयता प्रदान कर विभिन्न विषयों के साथ न्याय करना चाहिए। जिससे किसी भी विषय के प्राध्यापक के मौलिक अधिकार सुरक्षित हो सकें एवमं कोई भी भेदभाव का शिकार नहीं नहीं हो।

# ठाकुर चारभुजा नाथ भगवान ने किया नारायण अश्रु बिंदु सरोवर में नौका विहार

## ऐतिहासिक पलों को देखने के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निसं)।** जलझूलनी एकादशी के अवसर पर ठाकुर चारभुजा नाथ भगवान नयनाभिराम श्रंगार के साथ फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान होकर भक्तों के कंधों पर बैंड-बाजे की मधुर स्वरलहरियों व भक्तों के द्वारा रामधुनी के उदघोष के साथ अपने निज मंदिर से नारायण अश्रु बिंदु (गौरीशंकर) सरोवर में नौका विहार के लिए रवाना हुए। ठाकुरजी की पालकी शनि मंदिर के सामने से निकलने के दौरान शनि मंदिर पुजारी ने ठाकुरजी की आरती की। भ्रमण के दौरान रास्ते में पुजारी परिवार द्वारा पटाखे छोड़े गये। बावड़ी के खुर्रे पर पहले से खड़ी 16 लोहे के ड्रमों से निर्मित सुसज्जित नौका में विराजमान होकर ठाकुरजी जल विहार को रवाना हुए। सरोवर के मध्य स्थित चारभुजा नाथ की छतरी के चार परिक्रमा के बाद पुजारी गोपाल व्यास ने सरोवर के जल से छींटे देकर ठाकुर जी को स्नान कराकर आरती की। इस दौरान नौका में सवार भक्त मंडली लगातार मधुर भजनों से ठाकुरजी को रिझाती नजर आई। आरती के पश्चात ठाकुर जी बाग वाले बालाजी मंदिर के सामने स्थित सुरज घाट पहुंचे, जहां बागवाले बालाजी मंदिर पुजारी ने ठाकुरजी की आरती की। सुरज घाट से रवाना होकर ठाकुरजी पाल पर खड़े सैकड़ों भक्तों को दर्शन देते हुए रानीघाट, पुराना जनाना घाट, माहेश्वरी महिला घाट होते हुए शिव घाट पहुंचे। शिव घाट पर लक्ष्मीनाथजी, मदनमोहनजी व गंगा माताजी मंदिर पुजारियों ने ठाकुरजी की आरती की। शिवघाट से ठाकुरजी पुनः बावड़ी के खुर्रे पर पहुंचे। नौका में विराजमान ठाकुरजी की रघुनाथ जी मंदिर पुजारी कैलाश शास्त्री ने आरती की। ठाकुरजी ने लगभग सवा दो घंटे तक नौका विहार किया। नौका से पुनः ठाकुरजी भक्तों के कंधों पर सवार होकर बैंड-बाजे की मधुर स्वरलहरियों के साथ अपने निज मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान भक्तों में ठाकुरजी की पालकी के नीचे से निकलने की होड़ मची रही व बारी-बारी से सैकड़ों भक्त ठाकुरजी की पालकी के नीचे से निकले। निज मंदिर पहुंचने से पूर्व रामनारायण-गौरीशंकर मालू ने परिजनों के साथ हर वर्ष की तरह ठाकुरजी की आरती की। आरती के बाद निज मंदिर पहुंचने के बाद कथा व प्रसाद वितरण हुआ। ठाकुरजी को नौका विहार करते देखने के लिए अरूण मंत्री, रमेश मालू सहित कई भक्त जयपुर से जबकि श्याम सुंदर सैनी कुचामन सिटी से आयें। इस दौरान पुजारी गोपाल प्रसाद-गोविन्द-धन्नालाल-दामोदर व्यास सहित देवकीनंदन-मनोज, राजेश मंत्री, अशोक-अरूण, रामनारायण-गौरीशंकर-महेश-जयप्रकाश, रघुनंदन, रामरतन-अतुल, ओमप्रकाश, निर्मल, गोविन्द, राहुल मालू, गोपालप्रसाद, अरूण-अशोक- धीरज मोदानी, सुरेश राठी, कैलाशचंद, राजकिशोर तेला, भगवान बियानी, पुखराज स्वामी, पवन कुमावत सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। नौका विहार के दौरान किसी भी तरह की आकस्मिक घटना से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार सरोवर में अपनी नाव से गश्त कर रही थी। वहीं पुलिस प्रशासन की भी माकूल व्यवस्था थी। निज मंदिर से नौका विहार के लिए निकलते समय व पुनः मंदिर में प्रवेश से पूर्व पुजारी परिवार की बहन-बेटियों ने ठाकुरजी की नजर उतारी। इसी दौरान ठाकुर लक्ष्मीनाथ जी व मदनमोहन जी भी पालकी में सवार होकर धर्म तिबारे में पहुंचे। जहां उपस्थित भक्तों ने दर्शन किये।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत अंगीकार 2025 अभियान का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**बाड़ी धौलपुर(निसं.)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत अंगीकार 2025 अभियान का आगाज किया गया। मिशन निदेशक पीएमएवाई-यू एवं कार्यकारी निदेशक रूडसिको जयपुर हरिमोहन मीना तथा परियोजना निदेशक रूडसिको जयपुर प्रदीप कुमार गर्ग के आदेशानुसार यह अभियान अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में दिनांक 4 सितंबर से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। पीएमएवाई नगर नियोजन विशेषज्ञ तपेश बिधूड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान नागरिकों को योजना संबंधी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। इसके अंतर्गत घर-घर सम्पर्क, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्विज़ प्रतियोगिता सहित पूर्ण आवास लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर तपेश बिधूड़ी, शिवशंकर पचौरी, मनु बिधूड़ी, पुनीत कपरेला, रामकुमार कोली, जोगेन्द्र मीणा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## जर्जर घोषित भवन में चल रहा चिकित्सालय, हादसे की आशंका

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलावटिया के 50 वर्ष पुराने भवन को पीडब्ल्यूडी द्वारा एक माह पूर्व जर्जर तो घोषित कर दिया गया लेकिन अभी तक नवीन भवन के लिए प्रस्ताव बना कर सक्षम अधिकारियों को नहीं भिजवाया गया हैं। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नरेंद्र पारेता ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को 28 जुलाई को पत्र लिख कर हादसे की आशंका जताते हुए भवन को जर्जर घोषित करने की मांग की गई थी। इस पर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता द्वारा विगत 1 अगस्त को मौका निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन को जर्जर घोषित किया गया था और भवन को उपयोग के योग्य नहीं मानते हुए हादसे की आशंका जताई गई थी।डॉ. नरेंद्र पारेता ने बताया कि एक माह गुजर जाने के बाद भी नए भवन के लिए अभी तक प्रस्ताव बना कर नहीं भिजवाए गए हैं।बारिश की वजह से छत से टपकते पानी और प्लास्टर उखड़ कर गिरने से चिकित्सा स्टाफ के साथ ही मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं और सामान खराब हो रहे हैं।वहीं हादसे की आशंका भी बनी हुई हैं।

## बारिश ने डाला मेले में खलल, दुकानदार मायूस



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे में मंगलवार से शुरू हुए तेजा दशमी के 5 दिवसीय मेले में पिछले दो दिनों से हो रही तेज बारिश ने खलल डाल दिया। इसके चलते मेले में आए दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों के मेले में नहीं पहुंचने से बिक्री नहीं हो पाई। इससे दूर-दूर से आस लगा कर पहुंचे दुकानदार मायूस हैं। विदित हैं कि शुरू के दो दिनों में ही मेले में लोग ज्यादा आते हैं।इसके बाद भीड़ कम हो जाती हैं।दुकानदारों ने बताया कि कमाई तो दूर लेकिन आने-जाने का किराया भाड़ा भी नहीं निकल पाया हैं।कस्बेवासियों द्वारा ऐसी स्थिति में नगरपालिका व प्रशासन से दुकानदारों का मेला टैक्स माफ किए जाने की मांग की हैं।

## श्री विधानी परिक्रमा महोत्सव की तैयारी जोरो सोरो से चल रही




जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र विधानी में श्री सीताराम जी महाराज एवं श्री श्री 1008 बड़े बाबा व छोटे बाबा की अनंत कृपा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विधाणी परिक्रमा महोत्सव गुरुवार 18 सितंबर से मंगलवार 23 सितंबर 2025 तक मनाया जाएगा। इस मांगलिक अवसर पर विधानी आश्रम में अखंड रामधनी का आयोजन एवं भजन संध्या का कार्यक्रम शाम 4.00 बजे से 7.00 बजे तक होगा। इस दौरान कार्यकर्ता कैलाश चंद शर्मा छान्देल ने बताया कि भव्य शोभा यात्रा दिनांक 23 सितंबर मंगलवार को मंदिर श्री जगदीश जी महाराज गोनेर से विधानी आश्रम के लिए बड़ी धूमधाम से दोपहर 3.00 बजे रवाना होगी। इस सब मांगलिक अवसर पर आप सभी सह परिवार सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर भागवत कथा सुनने का सुधापन करें। इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या सफल बनाने हेतु गांव गांव व शहर, गली, मोहल्ले में बैनर, स्टीकर, पोस्टर आदि लगाकर जा रहे हैं आश्रम में कर सेवा करने वालों का ताता लगा हुआ है।

## आवासीय भूमि पट्टा मिलने से बाढ़ प्रभावित लोगों का हो सकेगा पुनर्वास - जिला कलक्टर

### राजाखेड़ा के चीलपुरा मे ग्राम स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** चम्बल नदी में बाढ़ आने से धौलपुर जिले के कई गाँवों में भारी तबाही हुई। अनेक परिवारों के मकान टूट गए और लोग बेघर हो गए। राजाखेड़ा के कई गावों में इस बाढ़ से कई परिवार विस्थापित हो गए है। इन विस्थापित परिवारों के लिए आवासीय भूमि पट्टा आवंटित किया जाएगा, ताकि वे स्थायी रूप से पुनर्वासित हो सकें। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने यह बात राजाखेड़ा के बाढ़ प्रभावित गाँव चीलपूरा में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कही। जिला कलक्टर ने जन जनसुनवाई के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की पीड़ा को सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित चीलपूरा और बक्सपूरा का सर्वे करवाया जा रहा है। इस सर्वे में उन परिवारों की सूची तैयार की जा रही है, जिनके घर पूरी तरह से बह गए हैं या रहने योग्य नहीं बचे। भूमि पट्टा वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की जाएगी ताकि कोई भी वास्तविक बाढ़ प्रभावित परिवार वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि भूमि पट्टा मिलने के बाद प्रभावित परिवार अपने नाम से मकान बना सकेंगे और सरकारी आवास योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। इस दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने ग्राम विकास अधिकारी को सभी पात्र परिवारों का पूर्ण पारदर्शिता से सर्वे कर सूची चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को आवासीय भूमि पट्टा मिलने से वह सुरक्षित स्थान पर अपना स्थायी आवास बना सकेंगे।

### आमजन के परिवादों का हो समयबद्ध समाधान

ग्राम पंचायत चीलपुरा में आयोजित हुई ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने ग्रामीणों के परिवादों को सुना। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को आमजन के परिवादों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान आंगनबाड़ी के जर्जर भवन का परिवाद मिलने पर उन्होंने सीडीपीओ और सहायक अभियंता को भेज कर मौका मुआयना करवाया तथा जर्जर भवन तुड़वा कर मनरेगा स्वीकृति के माध्यम से भवन का पुनर्निर्माण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निराश्रित गोवंश को चारागाह भूमि में छोड़ने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जलभराव, खरंजा निर्माण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के कुल 65 परिवाद प्राप्त हुए। जन सुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की आयोजित हुए समीक्षा बैठक व स्वागत सम्मान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की समीक्षा बैठक व स्वागत सम्मान महाराणा स्कूल धौलपुर में प्रदेश अध्यक्ष रणजीत मीणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रदेश संगठन महामंत्री में ने बताया कि पिछले दिनों राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के चुनाब में रणजीत मीणा को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया वही धौलपुर जिला अध्यक्ष के पद पर मनोज पोसवाल, प्रदेश सचिव के पद पर भरतसिंह गुर्जर, जिला महिला मंत्री के पद पर दुर्गावती राना को निर्वाचित हुए उनका स्वागत सम्मान समारोह और शिक्षकों की विभिन्नय समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व जिला कार्यकारणी का स्वागत और सम्मान,शिक्षकों की विभिन्न मांग जो सरकार के समक्ष अब तक रखी गईं हैं उनके पूरे होने और नहीं होने की समीक्षा,संगठन की नवनियुक्ति कार्यकारणी का गठन। संगठन की सदस्यता व विस्तार पर चर्चा। वही जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारी। पर चर्चा की गई। समारोह को प्रदेश अध्यक्ष रणजीत मीणा, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रभान चौधरी, प्रदेश सचिव भारत गुर्जर, गंगाराम, चोलसिंह, दुर्गावती राना जिला अध्यक्ष मनोज पोसवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश प्रजापति ने किया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, अनिल पाठक, विभीषण चौधरी, मधु यादव, नीतू अग्रवाल, पूजा जाट, रेनू, भावना शर्मा, रामवरण कपासिया, नौशाद खान, केशव मीणा, कल्याण सिंह, जसवंत सिंह, मानसिंह चंदेला, त्रिलोक यादव, मनीष कुमार, राकेश कड़वासरा, रामेश्वर किरार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## घुमंतू जाति के बच्चों में जागी शिक्षा की अलख

**कुचामनसिटी (निसं.)।**कुचामन ब्लॉक के घाटवा ग्राम पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेघवालों की ढाणी में विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार डोगीवाल एवं उदय सिंह कविया ने घुमंतू जाति के बच्चों में शिक्षा की अलख जगा कर अनूठी पहल की। प्रदीप कुमार डोगीवाल ने बताया कि स्थानीय कैचमेंट परिक्षेत्र में झाड़ली तलाई में निवास करने वाले बावरी एवं भोपा समाज के घुमंतू परिवारों से संपर्क किया गया। उन्हें शिक्षा का महत्व समझाते हुए उनके बच्चों को विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ा गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुचामन भंवरलाल खोखर भी कुचामन ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर घुमंतू जातियों को विद्यालय से जोड़ने पर जोर दे रहे हैं, ताकि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी तक पहुँच सके और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित (आउट ऑफ स्कूल) न रहे। विद्यालय परिवार ने इन बच्चों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई है तथा धीरे-धीरे अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी प्रदान की जा रही हैं। शिक्षकों का उद्देश्य है कि वंचित और घुमंतू समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहकर मुख्यधारा से जुड़ सकें।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रामाकिशन से बदलकर रामाकिशन बिजारणियां रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम रामाकिशन बिजारणियां के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**रामाकिशन बिजारणियां पुत्र केशराराम निवासी प्रगति नगर सुजानगढ़(चूरु)**

**नाम परिवर्तन**

मैनें मेरा नाम दीनदयाल से बदलकर दीनदयाल शर्मा (DEENDAYAL SHARMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। दीनदयाल शर्मा (DEENDAYAL SHARMA) पुत्र शंकर लाल शर्मा (SHANKAR LAL SHARMA), ग्राम सालासर तहसील सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

**नाम परिवर्तन**

मैनें मेरा नाम समीर पुत्र मो. साबिर से बदलकर समीर व्योपारी (SAMEER VYOPARI) पुत्र मोहम्मद साबिर (MOHAMMED SABIR) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। समीर व्योपारी पुत्र मोहम्मद साबिर, वार्ड नंबर- 12, बीदासर (चूरू) राजस्थान

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसई, पंचायत समिति कोटपूतली(राज.)**

क्रमांकः ग्रापंब/खु.बो./2025-26/59 दिनांकः- 03.09.2025

**खुली बोली सूचना-2/2025-26**

ग्राम पंचायत बसई में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृ त निर्माण कार्यों को सम्पादित कराने हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधीनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित सीलबन्द लिफाफे में खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www-sppp-raj-nic-in पर देखा जा सकता है।

NIB No- PFE2526A0069
UBN No - PFE2526WSOB00176-181

सरपंच
ग्राम पंचायत बसई

## झीडा श्री बालाजी महाराज के विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स





**विराटनगर(निसं.)।** बजरंगपुरा स्थित झीडा श्री बालाजी महाराज मंदिर परिसर में गुरुवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशाल संत सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रभर के संत-महात्माओं ने शिरकत कर श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति व जीवन मूल्यों की प्रेरणा प्रदान की। संतों के आशीर्वचन व प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।संत सम्मेलन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। महाराज महावीर पुजारी,चेतन दास पुजारी ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्ष धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। इस बार संत सम्मेलन, भंडारे के साथ नवकुंडीय हवन यज्ञ एवं पिछले 9 दिनों से चल रही रामकथा का भी समापन किया गया।आयोजन की व्यवस्थाओं में सुवालाल यादव पूर्व प्रधान ,हंसराज रावत, प्रभात महाराज,हीरालाल यादव, कमलेश सैनी, नेमीचंद शर्मा, मुकेश कसाना, मुकेश धेधड, रामनिवास कसाना, रोहिताश कसाना,बोदूराम यादव, हरिराम शर्मा, कैलाश कसाना, महेंद्र राठी, जगदीश यादव, अमीचंद राठी,पंडित भीमसेन शर्मा, गिरधारी लाल यादव,नरेश रेया,मुकेश बीछवाल, शंकर लाल जज़ि़म, सहित अनेक लोग सक्रिय रहे। वही सुगनचंद महासी के द्वारा सुंदर नेहड़ा भजनों की प्रस्तुति दी गई।झीडा के बालाजी मंदिर में हुए इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण जयकारों से गूंज उठा।वही अभयसिंह शेखावत ,सराज खान के नेतृत्व 32 स्काउट्स ने सेवा कार्य किया जहां कार्यक्रम समापन होने पर स्काउट का स्वागत किया।

## धौलपुर में कांस्टेबल संदीप शर्मा को दी अंतिम विदाई

### कल दौसा में ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत



**धौलपुर(निसं.)।** कल ड्यूटी के दौरान दौसा में सड़क हादसे में हुई थी मौत, पार्थिव देह सुबह लाया गया धौलपुर इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुलिस जवानों की टुकड़ी ने 3 चक्र फायर कर सलामी दी। अंतिम संस्कार के दौरान कई पुलिसकर्मियों की आंखें नम हो गईं। एसपी विकास सांगवान और एडिशनल एसपी मनोज शर्मा ने परिजनों को ढांढ़स बढ़ाया। एसपी विकास सांगवान ने कहा कि परिजनों की हरसंभव मदद की जाएगी। कांस्टेबल संदीप शर्मा की मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने संदीप शर्मा की याद में भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनकी शहादत को सलाम करते हुए सभी ने कहा कि वह हमेशा पुलिस विभाग के लिए एक प्रेरणा का स्रोत रहेंगे।

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT BARDOTI PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.No. 2025-26/BARDOTI/181-1/150 DATE 01-09-2025

**INVITATION OF TENDER YEAR 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractor for THREE CONSTRUCTION WORK AT GP BARDOTI estimated total cost of work is Rs. 11.90 Lakhs.

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and

www.eproc.rajasthan.gov.in

UBIN No. : ZJP2526WSOB01514 TO ZJP2526WSOB01516

TENDER ID :- 2025_PRD_499038_1 TO 2025_PRD_499038_3

Sarpanch
GP BARDOTI

**VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER**
**GP BARDOTI**

## कांग्रेस का विभिन्न मांगो को लेकर धरना दोपहर बाद स्थगित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** सफाई, रोशनी सहित 6 सूत्री मांगो को लेकर तारानगर नगरपालिका में कांग्रेस द्वारा चल रहा धरना गुरुवार को भी जारी रहा, अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप से वार्ता कर उक्त मांगो पर सहमति बनी एवं दोपहर बाद धरना स्थगित कर दिया गया। पार्षद हरीसिँह बेनीवाल ने बताया कि 6 सूत्री मांगो को लेकर हमारा धरना चल रहा था जो आज आपसी सहमति के बाद स्थगित किया गया। अधिशाषी अधिकारी ने एक माह का समय मांगा है अगर फिर भी हमारे मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया तों धरना फिर से शुरू किया जाएगा एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मोके पर कपिल शर्मा, सहदेव सिँह भाटी, बाबू हुसैन कुरैशी, कुंदन सैनी, मानसिंह सैनी, मनोज कस्वां, अकरम बिसायती, दिनेश खंडेकवाल, सुरजीत वर्मा, अदरीश सैय्यद, शीशपाल धीधवाल, बुँदे खाँ लुहार, असरफ, शरीफ सहित काफी लोग मौजूद थे।

## पिटाई से बालिका की मौत का आरोप, मुकदमा दर्ज



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** 12 साल की बच्ची की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में मृतका की माता ने मुकदमा दर्ज करवाया है। जानकारी के मुताबिक मृतक बच्ची लक्ष्मी की मां सुनीता पत्नी भीकमचंद सोनी, करणी माता मंदिर नया बास सुजानगढ़ ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि मेरी बेटी शिव शक्ति मंदिर के पास में रहने वाली चांदनी के पास पिछले डेढ़ महीने से रह रही थी। दिनांक 03 सितम्बर को मेरे पास फोन आया, जिस पर मैंने मेरी बेटी लक्ष्मी को जाकर संभाला, तो वह बेहोश थी। जिसे अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि चांदनी ने लक्ष्मी को बेरहमी से पीटा, जिसके कारण उसे चोटें आई और दूसरे दिन उसने दम तोड़ दिया। कोतवाली थानाधिकारी बेगाराम मीणा, एएसआई तेजाराम अस्पताल पहुंचे। गुरुवार को सुबह परिजनों की रिपोर्ट पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी चांदनी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। दूसरी ओर एफएसएल टीम भी घटना स्थल पहुंची तथा मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित, श्रमिकों को लाभ, महिला सशक्तीकरण और औद्योगिक निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन- गोदारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान विधान सभा में गुरुवार को कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित हुआ। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सदन में कहा कि इस संशोधन से प्रदेश के श्रमिक लाभान्वित होंगे, महिलाओं की कार्यक्षेत्र में भागीदारी बढ़ेगी, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे। गोदारा ने बताया कि विधेयक के अनुसार कारखानों में सप्ताह में अधिकतम काम करने की अवधि बढ़ाई गई है, जिससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी। अब श्रमिक बिना अंतराल के 6 घंटे तक काम कर सकेंगे और प्रतिदिन 10 घंटे 30 मिनट तक कारखाने में उपस्थित रह पाएंगे। इसके अलावा, ओवरटाइम सीमा 75 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे प्रति तिमाही कर दी गई है। इससे श्रमिकों की आय में बढ़ोतरी होगी और बाहर से आने वाले श्रमिक भी लाभान्वित होंगे। मंत्री ने बताया कि अब महिलाएं अपनी सहमति से रात्रि पाली में भी कार्य कर सकेंगी। इसके लिए उनकी लिखित सहमति आवश्यक होगी। इस प्रावधान से महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ेगी और महिला सशक्तीकरण को बल मिलेगा।

पुलिस और प्रशासन की संयुक्त बैठक

# कलक्टर डॉ अरुण गर्ग और एसपी बृजेश उपाध्याय ने दिए निर्देश

### शव रखकर प्रदर्शन करने वालों पर बरती जाएगी सख्ती, दर्ज होगा मुकदमा

### पेड़ों की अवैध कटाई और अवैध खनन पर भी सख्ती के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** विभिन्न मुद्दों पर शव रखकर प्रदर्शन करने वालों पर अब मुकदमा दर्ज करने जैसी सख्त कार्रवाई होगी। जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग एवं एसपी बृजेश उपाध्याय ने इस संबंध में सभी पुलिस उपाधीक्षकों और उपखंड अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिए हैं। दोनों आला अधिकारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पुलिस और प्रशासन की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पेड़ों की अवैध कटाई और अवैध खनन पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ यू.आर सियोल ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में वन विभाग द्वारा 62 प्रकरण दर्ज कर 1 करोड़ 66 हजार रुपए की वसूली की गई है। एसपी बृजेश उपाध्याय ने हरियाणा जाने वाले सभी रास्तों पर मुस्तैदी से नियमित नाकेबंदी के निर्देश दिए, ताकि पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों पर लगाम कसी जा सके। वहीं जिला कलक्टर डॉ गर्ग ने बिना नंबर प्लेट चलने वाली पिकअप वाहनों पर की गई कार्रवाई के बारे में डीटीओ से जानकारी लेते हुए सख्ती के निर्देश दिए। बैठक में खनन अभियंता को खेतड़ी, उदयपुरवाटी क्षेत्र में स्थानीय उपखंड अधिकारियों से समन्वय व सहयोग से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान 165 केवी लाईन के कार्य की प्रगति, मेले त्यौंहार आदि के संबंध में कानून व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी उपखंड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म, अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर किया अपलोड, चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**दांतारामगढ़(निस.)।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 17 साल की नाबालिग लड़की से रेप मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सहित उसके दो दोस्त और एक होटल संचालक को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस इन चारों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय लेकर पहुंचेगी, जहां मामले से जुड़ी आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य आरोपी ने पीड़िता से रेप के बाद उसके अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए थे। मामला सीकर के दांतारामगढ़ थाना इलाके का है। पीड़िता के पिता ने 3 अगस्त को दांतारामगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट दी थी कि बीरबल गुर्जर निवासी पिपराली उनकी बेटी का किडनैप कर लेकर गया था। एक होटल में रेप कर उसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए थे। आरोपी के दो दोस्त उसके सहयोगी थे। पुलिस ने जांच के बाद मुख्य आरोपी बीरबल गुर्जर और आर्यन सांई, दोनों निवासी सांगरवा को रानोली से गिरफ्तार किया। वहीं, मनीष को झारखंड से और होटल मैनेजर विशाल सिंह चौहान को भी हिरासत में लिया गया।

# गिव अप अभियान बना सामाजिक न्याय का पर्याय, 31 लाख ने छोड़ी खाद्य सुरक्षा, 31 अक्टूबर तक बढ़ी अवधि-सुमित गोदारा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)** राजस्थान में चल रहा गिव अप अभियान अब सामाजिक न्याय और निर्धन सेवा का प्रतीक बन चुका है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सचिवालय में आयोजित बैठक में कहा कि यह अभियान न केवल खाद्य सुरक्षा सूची का शुद्धिकरण कर रहा है, बल्कि समाज में स्वैच्छिक त्याग और सहयोग की भावना को भी मजबूत बना रहा है। गरीब के हक में सेंधमारी न हो, इस सोच ने गिव अप अभियान को एक सामाजिक कर्तव्य और धर्म का रूप दिया है।

**31 लाख अपात्रों ने छोड़ी खाद्य सुरक्षा, 60 लाख नए जुड़े**

मंत्री गोदारा ने बताया कि अब तक 31 लाख से अधिक अपात्र लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। इन रिक्तियों और ई-केवाईसी नहीं कराने वाले अपात्रों की जगह करीब 60 लाख नए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा गया है। उन्हें प्रति माह 5 किलो निःशुल्क गेहूं के साथ मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में 450 रुपये में 12 गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना में परिवार का पंजीकरण व 25 लाख तक का निःशुल्क इलाज और मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिल रहा है। गोदारा ने बताया कि अपात्रों के त्याग से राज्य को लगभग 568 करोड़ रुपये की कोषीय बचत हुई है, जिसे अब गरीबों के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है। अभियान की सफलता को देखते हुए इसकी अवधि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।

**जयपुर जिले का योगदान**

जयपुर जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में 2 लाख 25 हजार से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। वहीं, 26 जनवरी 2025 से अब तक 2.48 लाख से अधिक नए पात्र लाभार्थी एनएफएसए से जुड़े हैं।

**अपात्रों पर होगी सख्ती**

मंत्री गोदारा ने प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे पात्रता की डोर-टू-डोर जांच करें। अपात्रों की सूची पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं, रसद कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाएगी। उन्हें नोटिस दिए जाएंगे और गेहूं की वसूली की विधिक कार्रवाई शुरू होगी। 31 अक्टूबर तक गिव अप न करने वाले अपात्रों से 1 नवम्बर से 30.57 रुपये प्रति किलो गेहूं की दर से वसूली की जाएगी।

**नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया हुई आसान**

गोदारा ने बताया कि पहली बार नाम हटाने की तरह नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी सरल और लाभार्थी फ्रेंडली बनाई गई है। पात्र व्यक्ति अब ई-मित्र केंद्र या विभागीय पोर्टल food.rajasthan.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जांच के लिए शहरी और ग्रामीण स्तर पर विशेष दल गठित किए गए हैं।

**सतर्कता समितियों और विभागीय पर्यवेक्षण की भूमिका**

मंत्री ने जिलों और तहसीलों में गठित सतर्कता समितियों को अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इन समितियों से आवेदकों की पात्रता की स्थिति पर रिपोर्ट ली जाएगी। गिव अप अभियान की निगरानी के लिए उपायुक्त और संभागीय स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं।

# आमजन को मिले बेहतर सेवाएं, विभागीय अधिकारी बरतें संवेदनशीलतः सुराणा

### कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने गाजुवास में की जनसुनवाई, सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गाजुवास में जनसुनवाई की एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सुराणा ने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई जैसे उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता बरतें व प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण कर आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आमजन को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशानुरूप विभागीय अधिकारी जनता की समस्याओं के त्वरित व पारदर्शी समाधान हेतु गंभीर प्रयास करें। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर से सम्पूर्ण प्रदेश में 'गांव चलो अभियान' आयोजित किया जाएगा। अभियान अन्तर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को मिलेगा। यह प्रयास किया जाएगा कि काम के लिये शिविर में आने वाले व्यक्ति का काम उसी दिन पूर्ण किया जाए। सुराणा ने 'कोड चूरू' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा व रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में कोड चूरू कार्यक्रम चलाया जा रहा है। परिवेश के बच्चों को इस कार्यक्रम से जोड़ें व प्रोत्साहित करें। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, बिजली वोल्टेज, जर्जर कमरों की मरम्मत, जर्जर पटवार भवन को गिराने, सड़क में मोड़ को सही करवाने, फसल खराबे के सर्वे करवाने सहित कुल 13 प्रकरण प्राप्त हुए, जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अपेक्षित कार्यवाही कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर तारानगर उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार हनुमान सिंह, विकास अधिकारी अशोक कुमार सहित पीएचईडी, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# एनएसयूआई ने कुलपति के खिलाफ किया जमकर विरोध-प्रदर्शन

### विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन के नाम पर कुलपति द्वारा पैसे ऐंठने का लगाया आरोप



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिला मुख्यालय स्थित लोहिया महाविद्यालय में गुरुवार को एनएसयूआई की ओर से महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई छात्र नेता पुलकित चौधरी ने बताया कि कुलपति द्वारा परीक्षा के समय छात्रों को फेल कर दिया जाता है, उसके बाद पुनर्मूल्यांकन के नाम पर सात सौ रुपये लेकर उन्हें पास किया जाता है, इससे विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है, विद्यार्थी ये अन्याय कभी सहन नहीं करेंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि आज हमने कुलपति का पेट भरने के लिए एक गुल्लक में पैसे इकट्ठे किये हैं, जिससे उनका पेट भर सके। छात्रों ने कहा कि मध्यमवर्गीय छात्रों के पास पैसे ही होते तो हम लोग भी प्राईवेट बड़ी-बड़ी कॉलेजों में दाखिला करवाते। चौधरी ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जायेगा। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल भाकर ने कहा कि कुलपति के पैसों की भूख आ गई, वह अपनी भूख मिटाने के लिए गरीब बच्चों को निशाना बना रहे हैं। छात्र नेता अमन चौधरी ने कहा कि जब तक छात्रों के साथ न्याय नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। छात्र मुदस्सर खान झारिया ने कहा कि जब तक कुलपति का यह गोरख धंधा बंद नहीं होगा, तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इस अवसर पर राकेश कस्वां झारिया, अजय गंवारिया गाजसर, कार्तिक स्वामी, राकेश सिरसली, अजय चौधरी, आर.वी. वैष्णव, अमित मेहरा, नरेंद्र घंटेल, बिलाल, संदीप कस्वां, कमलेश सिहाग, देवेन्द्र खीचड़, संजय कस्वां, बालकृष्ण शर्मा, रोहित घंटेल, विजय घंटेल, बंटी आचार्य, नरेंद्र झारिया, सुनिल कस्वां, राकेश गोदारा, अर्जुनराम सहारण, गणेश सहारण, मुकेश मीणा, भागीरथ गोदारा, रेणू मीणा सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फसलों के नुकसान और मुआवजे को लेकर विपक्ष का हंगामा, विधानसभा 8 सितंबर तक स्थगित

### भारी हंगामा के बीच तीन बिल पारित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को भारी बारिश से फसलों के नुकसान का मुद्दा छाया रहा कांग्रेस विधायकों ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और जमकर हंगामा किया सुनने कल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों और किसानों को मुआवजे की मांग को लेकर सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया इस दौरान विधानसभा में हंगामा में ही तीन बिल पारित भी हो गए वहीं विधानसभा की कार्रवाई भी 2.00 बजे दोबारा से शुरू होने पर पर केवल 33 मिनट चलने के बाद 8 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई इससे पहले शून्य काल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने भारी बारिश से फसलों के हुए नुकसान का मुद्दा उठाया कांग्रेस विधायक अमित और नरेंद्र बुडानिया ने कहा कि अतिवृष्टि ने किसानों की स्थिति दयनीय कर दी है लाखों एकड़ में पकी हुई फसल बर्बाद हो चुकी है लेकिन सरकार को इसकी परवाह नहीं है बुडानिया ने तंजू कस्तादेवी कहा कि सरकार हेलीकॉप्टर में घूम रही है लेकिन किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है उन्होंने तत्काल मुआवजे की मांग की नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि किसानों की दो-दो बार फासले खराब हो चुकी है लेकिन गिरदावरी के आदेश तक नहीं दिए गए मुख्यमंत्री सदन में आए लेकिन कोई घोषणा किए बिना चले गए आपदा राहत मंत्री को सरकार ने जंजीरों में बांध रखा है भिवाड़ी और कई इलाके पानी में डूबे हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है टीकाराम जूली ने कहा कि वह किसान की आवाज को बहरी सरकार तक पहुंचाने के लिए जोर-जोर से बोल रहे हैं ।

**विधानसभा में आपदा मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा का जवाब**

आपदा मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को विपक्ष के सवालों का जवाब दिया और कहा कि स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड के नियमों के तहत सर्वे का काम चल रहा है उन्होंने कहा कि 1 अगस्त से गिरदावरी शुरू हो चुकी है 22 जिलों में भारी बरसात 16 जिलों में अतिरिक्त बरसात और तीन जिलों में सामान्य बारिश हुई है उन्होंने कहा कि भारी बारिश से 193 लोगों की मौत हुई 36 लोग घायल हुए और 347 छोटे व 200 बड़े पशु मारे गए द्य किरोड़ी मीणा ने बताया कि 1974 पक्के मकान 752 कच्चे मकान और 190 झोपड़ नष्ट हो गए तथा 3522 परिवारों के बर्तन और 2855 परिवारों के कपड़े बर्बाद हुए उन्होंने कहा कि 26 मृतकों के आश्रितों को सरकार ने अब तक 104 लाख रुपए का मुआवजा बांट दिया है राजस्थान विधानसभा में गुरुवार दोपहर 2.00 बजे फिर से कार्रवाई शुरू हुई और कांग्रेस पार्टी की विधायक विधानसभा की गैलरी में आकर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी करने लग गए स्पीकर वासुदेव देवनानी ने विपक्ष के सदस्यों को शांत रहने को कहा लेकिन विधायकों ने नारेबाजी जारी रखी, स्पीकर ने सख्त लहजे में कहा कि मैंने मंत्री से जवाब दिलवाया, लेकिन आपने सुना नहीं। वेल में आकर असभ्य आचरण करना बर्दाश्त नहीं करूंगा हंगामा के बावजूद विधानसभा में तीन बिल पारित किए गए, राजस्थान माल और सेवा कर द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 कारखाना राजस्थान संशोधन विधेयक 2025 और कोचिंग रेगुलेशन विधायक 2025 पारित किए गए ।

# सदन में विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ लेंगे अविश्वास प्रस्ताव-गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डोटासरा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के पूछे गए सवालों का सरकार जवाब देना नहीं चाहती और विधानसभा अध्यक्ष भी विपक्ष की सुनने के बजाय सत्ता पक्ष की ज्यादा सुनते हैं आखिर फिर विपक्ष जनता की आवाज को कहां उठाएं जब विधानसभा अध्यक्ष ही सदन में सौतेला व्यवहार करें तो फिर विधानसभा की कार्रवाई का कोई मतलब ही नहीं रह जाता उन्होंने कहा कि विधानसभा के चालू सत्र में विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रतिपक्ष एवं विश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष समान होते हैं लेकिन स्पीकर भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं उन्होंने कहा कि भारी बरसात से प्रदेश के 15 जिलों में हालत खराब हैं जल भराव और बाढ़ सेलाखों पशु मौत के शिकार हो गए हैं हजारों लोग बेघर हो गए हैं सैकड़ो लोग मर चुके हैं लेकिन सरकार को कोई परवाह नहीं है मुख्यमंत्री और मंत्री हेलीकॉप्टर से नीचे ही नहीं उतर रहे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि जब वह प्रदेश के शिक्षा मंत्री थे उस समय उन्होंने 1106 शिक्षकों का सम्मान करवाया था और वर्तमान भजनलाल सरकार ने सिर्फ 66 अध्यापकों का ही सम्मान किया है जब कोई सरकार अपने शिक्षकों का ही सम्मान करना मुनासिब नहीं समझती तो फिर शिक्षक भी उसी तरह से अपनी ड्यूटी को अंजाम देते हैं शायद इसीलिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को स्कूल में निरीक्षण किया और बच्चों से प्रधानमंत्री का नाम पूछा तो वह नहीं बता पाए कारण यही है कि जवाब शिक्षकों का सम्मान नहीं करेंगे तो फिर शिक्षकों से अच्छा करने की उम्मीद रखना भी बेमानी होगा उन्होंने कहा कि जयपुर में संघ के कार्यालय से 10 शिक्षकों के नाम आए सम्मानित करने के लिए आए तो शिक्षा मंत्री ने भी आंख बंद करके अपनी मंजूरी दे दी इस तरह से शिक्षकों का सम्मान करने में भी संघ का सरकार पर प्रभाव है द्य एक सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि वोट चोरी का मामला किसी एक स्टेट का मामला नहीं है बल्कि अब पूरे देश को पता चल गया है की चोरी के वोट के आधार पर ही देश में मोदी सरकार शासन में आई और कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने में सफल हुई इसलिए कांग्रेस पार्टी और पूरा विपक्ष इस मुद्दे पर एक साथ मोदी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है और इसमें बिहार में जिस तरह से राहुल गांधी की यात्रा को समर्थन मिला वह यह दिखाता है कि पूरा देश वोट चोरी को लेकर भाजपा के खिलाफ हो गया है और राहुल गांधी के समर्थन में पूरा देश अखाड़ा हुआ है ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## लेखक संघ का राष्ट्रीय सम्मेलन 19 से 21 सितंबर को

### सीकर के लेंगे पांच प्रतिनिधि भाग

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जनवादी लेखक संघ का अगला अखिल भारतीय सम्मेलन उत्तर प्रदेश के बांदा शहर में 19 से 21 सितंबर तक होने जा रहा है, इस सम्मेलन में सीकर से पांच लेखक शिरकत करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनवादी लेखक संघ की सीकर जिला इकाई के सदस्य रघुवीर सिंह बारेठ ने बताया कि 24 से 25 जुलाई को राजस्थान यूनिवर्सिटी के देरा श्री शिक्षक भवन में जनवादी लेखक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन के निर्णय अनुसार बांदा में होने वाले अखिल भारतीय सम्मेलन में सीकर से मेघ सिंह दुलड , बृज सुंदर जांगिड़,पवन पारस, बृजेंद्र सिंह मील,व श्रीकांत मेहरिया भाग लेंगे। सम्मेलन में साहित्यिक विचार गोष्ठी,कविता पाठ व समसामयिक विषयों पर परि चर्चाएं आयोजित किए जाएंगे जिसको देश के नामचीन लेखक, कवि संबोधित करेंगे।

## ऑटो रिक्शा यूनियन ने किया प्रदर्शन हुई सभा

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** सीकर ऑटो रिक्शा यूनियन की प्रदर्शन सभा हुई जिस की अध्यक्षता जिला सचिव कामरेड दिलीप मिश्रा ने की। सभा को ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के जनरल कोंसिल के सदस्य शयोदान राम शेषमा ने संबोधित करते हुए ऑटो रिक्शा के चालकों की समस्याओं को उठाते हुए विस्तार से बताया और सरकार से ऑटो रिक्शा को टैक्स मुक्त व दुर्घटना में मुआवजे की मांग की तथा ऑटो चालकों को मिनिमम किराया 20 करने की मांग की। सभा में दिलीप मिश्रा ने विचार रखें। सभा में ऑटो रिक्शा यूनियन के साथीयो ने भाग लिया व 12 तारीख को रोडवेज बचाओ अभियान का समर्थन किया।

## पहली बार पित्ताशय के कैंसर की सफल सर्जरी के.जी.एन. हस्पिटल में

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** सबलपुरा पावर हाउस के पास के.जी.एन. हस्पिटल में 35 वर्षीय महिला पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द, भूख न लगना और वज़न कम होने की समस्या से पीड़ित केजीएन अस्पताल, सीकर के वरिष्ठ गैस्ट्रोसर्जन डॉ. विक्रम सिंह सोढ़ा से परामर्श पेट का सीटी स्कैन किया गया और उसमें पित्ताशय के कैंसर गैल ब्लैडर नेक का पता चला। उसने रैडिकल कालेसिस्टेक्टॉमी विथ सीबीडी एक्सीजन, रॉक्स एन वै हेपिटिको-जेजुनोस्टॉमी सर्जरी करवाई। सर्जरी 6 घंटे तक चली सर्जरी केजीएन अस्पताल, सीकर में की मरीज़ को ऑपरेशन के पाँचवें दिन छुट्टी दे दी गैस्ट्रोसर्जरी टीम में डॉ. विक्रम सिंह सोढ़ा, डॉ. हेमराज सैनी, प्रदीप, दिनेश और शुभम शामिल थे। केजीएन अस्पताल के निदेशकः खालिद हुसैन और सिकंदर अली ने पूरी गैस्ट्रोसर्जरी टीम को बधाई दी।

## सेवा पखवाड़ा में संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** भाजपा में संगठनात्मक कार्य के सफल संचालन के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने सेवा पखवाड़ा में संयोजक व सहसंयोजक की नियुक्ति की है। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा में संयोजक के पद पर रामावतार रूंथला को नियुक्त किया है। सहसंयोजक के पद पर मोती डोटासरा, बाबुलाल हल्दुनिया, निर्मल सिंह, प्रियंका बाजिया व मनीष भारद्वाज आईटी को नियुक्त किया है।

## जीएसटी 2.0 सुधारों का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स


**सीकर(निसं.)।** लघु उद्योग भारती नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त को लाल किले से घोषित ऐतिहासिक जीएसटी 2.0 सुधारों तथा 3 सितम्बर 2025 को जीएसटी परिषद द्वारा अनुमोदित सरलीकृत दो-स्तरीय जीएसटी दर संरचना का हृदय से स्वागत करता 22 सितम्बर 2025 से लागू होने वाले 5' और 18' के तर्कसंगत कर स्लैब, भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में एक परिवर्तनकारी बदलाव का संकेत हैं।अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा व अखिल भारतीय महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के विवेकपूर्ण मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित यह सुधार राष्ट्र की आर्थिक प्रगति को नई गति देगा।राजस्थान प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार गर्ग ने कहा कि कर दरों का सरलीकरण एवं अल्पकालिक राजस्व हानि को वित्त मंत्रालय द्वारा वहन करने की प्रतिबद्धता, आर्थिक विकास और उपभोक्ता कल्याण के प्रति गहरी निष्ठा को दर्शाती है।प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह सुधार कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को कम करेगा, कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाएगा और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को व्यापक बाजार तक पहुँचने में मदद करेगा। आत्मनिर्भर भारत" एवं "मेक इन इंडिया मूवमेंट" को और अधिक बल मिलेगा।लघु उद्योग भारती इन सुधारों को राष्ट्र-निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ और आत्मनिर्भर, प्रगतिशील भारत की दिशा में साहसिक कदम मानती है।

## गणेश पूजा महोत्सव में भजनों की बहाई गंगा

**नवलगढ़ (निसं.)।** झुन्झनू मुकुंदगढ़. मनुष्य के जीवन में संस्कारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संस्कार जागृत होने से मनुष्य का झुकाव आध्यात्म की ओर होता है..... प्राणवश्रम गणेड़ी धाम के महंत निवृतिनाथ कृष्णा महाराज मंगलवार रात्रि को कस्बे के वार्ड नं. 12 में नगर पालिका के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में चल रही श्रीलाल कुआं गणेश पूजा महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में भक्तों से रूबरू होते हुए कहा । गणेश घोडेला एवं दिनेश बालान ने बताया कि गनेड़ी आश्रम के महंत निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज ने गणेश वंदना गौरी के सुवन सुजान प्रथम थारो यस गांवा से भजन संध्या का शुभारंभ के पश्चात बलिहारी बलिहारी म्हारे सतगुरुवां ने बलिहारी...., । शिव । शिव रटता जा.......नम शिवाय नम शिवाय, नम शिवाय रटता जा ..... राम सहारा है तेरा और सहारा कोई नहीं....सहित धार्मिक एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। निवृतिनाथ कृष्णा के अलावा आशीष गुर्जर, विकास, राकेश टेलर सहित भजन कलाकारों ने भी भजनों शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान प्रेमपाल दूलर, चंद्रपाल दूलर, पार्षद रमेश कुमार दर्जी, आत्माराम जोशी, हरिराम टेलर, मुकेश खांडल, मुकेश मारवाल, राजेंद्र घोडेला, अशोक टेलर, मनीष शर्मा, प्रेम सैनी, ताराचंद कुमावत, ताराचंद जांगिड़, राजेंद्र टेलर सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज, मुल्क की सलामती की होगी दुआ

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर हर साल की तरह शेखावाटी में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी अंचल में शुक्रवार को शांति अकीदत के साथ होगी। अकीदतमंद अपनें आका पर कलाम पाक पढ़कर बख्शेंगे और मुल्क की सलामती की दुआ करेंगे त्योहार को लेकर बीते तीन दिनों से शहर के बाजारों में खरीदारी की जा रही जानमाज, तस्वीह, कलाम पाक आदि जहां खरीदा जा रहा, वहीं इस्लामिक नारे लिखे हुए झंडे बाजार में खूब बिक रहे इसमें 10 रुपये से 30 रुपये तक बाइक में लगाने वाले झंडे इसके अलावा जुलूस में या घरों पर लगाने वाले झंडे 300 रुपये से 400 रुपये तक हैं। मोलाना शमशेर आलम खतीब और इमाम ने बताया कि मजहब-ए-इस्लाम के आखरी पैगंबर मो. सल्ल. का जन्म इस्लामिक कैलेंडर के रबी-उल-अव्वल महीने कि 12 तारीख को हुआ ग्रेगेरियन कैलेंडर के मुताबिक अप्रैल 571 ईसवीं में माना जाता पैगंबर इस्लाम की पैदाइश का त्योहार मनाने के लिए शहर की आयशा मस्जिद मोहल्लाह नारवान मस्जिद शहर काजीयान समेत अन्य मस्जिदों को बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी वाली झालरों से सजाया गया है। लोगों ने घरों पर भी झंडे लगाकर खुशी का इजहार किया है। मस्जिद शहर काजीयान में ईद मिलादुन्नबी के बारह दिनों तक रोजाना बाद नमाज ईशा अजीमुश्शान अकीदत के साथ वाद मिलाद मुनक्किद होती रही जिसमे आलिमों की ओर से हयाते रसूल पर विस्तार से रोशनी डाली और नौजवानों को उनकी सुन्नतों पर अमल करने के लिए प्रेरित किया। समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने पर भी मंथन किया। जुलूस ए मुहम्मदी मदरसा मदीना स्कूल सालासर रोड से शुरू होकर,मोहल्ला नारवान्, मोहल्ला हुसैन गंज, रोशन गंज,मोहल्ला जमींदारण मोचीवाड़ा, तहसील ईदगाह रोड सालासार बस स्टेण्ड से वापस मदरसा मदीना स्कूल मे सलातो सलाम व देश कि अमन चैन कि दुवाओ के साथ समापन होगा। जुलूस ए मुहम्मदी मे शामिल होने के लिए सुबह 8, बजे सेहि अलग अलग मोहल्लो से जैसे बड़े हकीम साहब कि दरगाह मोहल्ला किरैशीयान, बिलाल मस्जिद जगमाल पूरा रोड खलीफा कालोनी फतेहपुर रोड, धोद रोड, मोहल्ला गोलमदारो पालवास रोड सिराज मस्जिद मोहल्ला रोशन गंज, सेय्यद ढाणी मोहल्ला जमींदारों, पीर अली बक्स मस्जिद मोहल्ला हुसैन गंज अल्हम्दो मस्जिद वाहिद चौहान कि बाड़ी से टुकड़ियों के रूप मे मे जुलूस लेकर मदरसा मदीना स्कूल पहुंचेंगे। मदरसा मदीना स्कूल से विशाल जुलूस ए मुहम्मदी सुबह 10 बजे से 1 बजे तक निकाला जाएगा।

# श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संकीर्तन में झूम उठे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** स्थानीय दुजोद गेट के पास स्थित श्री श्याम मंदिर में पंचदिवसीय 56 वा वार्षिक उसत्व श्री श्याम मंदिर सत्संग समिति द्वारा श्याम भक्त श्री पीयूष गड्डीका महाराज के सानिध्य में बनाया जा रहा है इस कड़ी में गुरुवार को दोपहर साढे तीन बजे महिलाओं द्वारा भव्य नंदोत्सव बनाया गया। व शुक्रवार रात्रि को श्री श्याम मंदिर में रात्रि 8 बजे से वार्षिक उत्सव बनाया जाएगा श्यामजगत के जाने माने कलाकार श्री राजू हँस व अमित खंडेलवाल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियाँ दी जाएगी । श्याम दिवानों का मासिक संकीर्तन गुरुवार को यहां शेखपुरा स्थित रामेश्वरम में भव्य ढंग से आयोजित किया गया। श्रीश्याम बाबा भजन समिति की ओर से आयोजित इस भजनसंध्या में श्रद्धालु भजनों की लय ताल पर भक्तिभाव से झूम उठे। सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने बताया कि हर माह द्वादशी को शेखपुरा स्थित रामेश्वरम में यह भजनसंध्या आयोजित की जाती है। गुरुवार को भी बाबा की ज्योत लेने के बाद श्यामप्रभु को भजनों से रिझाया गया। भजन गायक रामगोपाल गोपी सहित भोपाल से आई भजन गायिका सुनीता लोधी, सुगनचंद पंवार, मीनू शर्मा, भावना जांगिड़,सरोज शर्मा, पूनम शर्मा आदि ने बाबा को रिझाते मधुर भजन प्रस्तुत किये। भजनसंध्या में गौसेविका ज्योती तनवानी, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, भाजपा नेत्री दुर्गा हटवाल, प्रख्यात भजन गायिका सोनू शर्मा, सुनिता लोधी आदि का अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अनीता कांकड़ोलिया, संस्थापक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी, सुनील नैनसुखा, रमाकांत धानुका (कोलकाता) नितिन शर्मा, सुखदेव सिंह चौहान, मनीषा शर्मा, राज शर्मा, पायल कुमावत, सरिता पेसवानी, दुर्गा हटवाल, विनीता कालरा, देवी पेशवानी, रमा माथुर, सुमन जांगिड़ संगीता मोदी, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# ठेकेदार ने नाथोतालाब पर काम करने से किया मना, पुलिस की मौजूदगी में हटाई गई मशीनें

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नाथो तालाब मोहल्ले के अजीब हालात हैं। यहां पर लोग 13 दिनों से पानी के बीच बैठे हैं, घरों और गलियों में पानी भरा हुआ है और लोगों को कोई ठोस राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। जल निकासी के लिए रात को ही मशीनें आ गई और किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद ठेकेदार ने कहा कि मुझे गाली दी गई है मैं यहां पर काम नहीं कर सकता। सुबह फिर से यही विवाद हुआ। ठेकेदार इस बात पर अड़ा है कि मैं किसी भी सूरत में काम नहीं करूंगा। जबकि पूरे मोहल्ले के लोग माफी मांगते रहे कि भाई अगर किसी ने गाली दी है, तो हम सब लोग माफी मांग रहे हैं। लेकिन ठेकेदार ने काम करने से मना कर दिया। ऐसे में लोग मशीनों के सामने बैठ गए हैं और ठेकेदार को निकलने नहीं दिया। मौके पर नायब तहसीलदार असलम खान पहुंचे और समझाइश की लेकिन बात नहीं बनी। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में मामला नहीं सुलझा, तो एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा भी मौके पर पहुंचे और लोगों को बताया कि जब ठेकेदार मना कर रहा है, तो इसको यहां से जाने दीजिये, फिर भी लोग जिद पर अड़े रहे कि हम मशीनें नहीं हटाने देंगे। फिर उपखंड अधिकारी ने पुलिस की सहायता से ठेकेदार की मशीनों को मौके से हटवाया। जिससे लोग काफी निराश हुए। दूसरी ओर शाम को होली धोरा मोहल्ले में मशीनों के पहुंचे के समाचार मिले।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ बुधवार को

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ के तत्वाधान में संघ के कार्यालय में द्वितीय -तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर 1 सितंबर 2025 से चल रहा है । बुधवार को शिविर के तृतीय दिवस में प्रातः ध्वजारोहण पूर्व प्रधान व संरक्षक कैलाश चोटिया द्वारा किया गया ,उन्होंने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड को सेवा का पर्याय बताया उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड से प्राप्त प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है ।संघ के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड को शिविर में जो भी सिखाते हैं उन्हें जीवन भर याद रहता है ।चार दिवसीय प्रशिक्षण में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर मे स्काउट गाइड के नियम-प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, प्राथमिक उपचार, ध्वज शिष्टाचार ,दिशा ज्ञान व कंपास,स्काउट गाइड की विभिन्न शाखाएं, अनुमान लगाना आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया है । शिविर प्रभारी एवं सह सचिव महेश कुमार माछलपुरिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्य में लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ,गाइडर बीना चंदेल, सुनीता देवी , सचिव अर्जुन सिंह सांखनीया ,कोषाध्यक्ष दशरथ लाल सैनी आडिटर मोजी राम बजाड,स्काउटर रौनक वर्मा, कविराज आर्य द्वारा दिया गया है। शिविर में उप प्रधान ओमप्रकाश सेन, रूक्मानंद खत्री ,प्रधानाचार्य सुरभि गुप्ता ,डॉक्टर वेद प्रकाश सैनी ने भी बच्चों को उद्बोधन देकर प्रोत्साहित किया । शिविर में ब्लॉक नवलगढ की बारह स्कूलों के 136 स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। गुरुवार को शिविर का समापन होगा ।

## दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर भूमि पूजन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्री शीतला सांस्कृतिक समिति सीकर के अध्यक्ष काशी प्रसाद माऊका ने बताया कि गुरुवार को सुबह 8.15 बजे दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए भूमि पूजन किया गया । जिसमें समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल ने पूजन किया। भूमि पूजन पं नरेश जोशी ने विधिवत रूप से सम्पन्न करवाया।इस अवसर पर समिति के मार्गदर्शक दशरथ तिवाड़ी, विद्याप्रकाश शर्मा सहित गिरधारी लाल पारीक, सतीश शर्मा, सुरेश मिश्रा, पं राजेंद्र शर्मा, रितेश शर्मा,अशोक माथुर, अभिषेक तिवाड़ी,पवन शर्मा, हनुमान दीक्षित, दीनदयाल शर्मा, देवकीनंदन शर्मा,ओमप्रकाश माथुर, झाबर मल सैन, राजनारायण माथुर, नरेश सैन, महेश माथुर, रामजीलाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वामन द्वादशी पर महाराज का हुआ वामन स्वरूप श्रृंगार



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्री कल्याण धाम सीकर में वामन द्वादशी के अवसर पर धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में श्री कल्याण जी महाराज का भव्य वामन स्वरूप श्रृंगार किया गया और महाआरती कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि जब राक्षस राजा बलि ने देवताओं को हराकर स्वर्ग पर कब्ज़ा कर लिया था, तब देवी-देवताओं ने भगवान विष्णु से मदद मांगी थी।भगवान विष्णु ने देवमाता अदिति और ऋषि कश्यप के पुत्र के रूप में वामन अवतार लिया वामन ने छोटे कद वाले ब्राह्मण के रूप में राजा बलि के पास जाकर तीन पग ज़मीन मांगी थी.वामन ने अपने पहले पग से पूरा भूलोक, दूसरे पग से देवलोक नाप लिया था. तीसरे पग के लिए ज़मीन न बची होने पर राजा बलि ने अपना सिर वामन को रखने के लिए दे दिया था.वामन ने बलि को सुतल लोक भेज दिया। एक और कथा के मुताबिक, वामन ने बलि के सिर पर अपना पैर रखकर उन्हें अमरत्व प्रदान कर दिया।भगवान विष्णु ने बलि को महाबलि की उपाधि दी।

## शिक्षक को एपीओ करना सरकार की तानाशाही

### सरकार चाहती शिक्षा का पूर्णतया निजीकरण - बृजसुंदर जांगिड़

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र, सीटू जिला कमेटी सीकर ने राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के शिक्षक नौलाराम को पाठ्य पुस्तक के बारे में पूछने पर विभाग द्वारा एपीओ किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मांग की है कि निलंबन आदेश को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। इस संबंध में सीटू जिला महामंत्री बृज सुंदर जांगिड़ व जिलाध्यक्ष सुभाष नेहरा ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार शिक्षा का पूर्णतया निजीकरण करना चाहती है। केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया गया है कि 6 साल से कम आयु के बच्चे सरकारी स्कूल में दाखिला नहीं ले सकेंगे जाहिर है, उनको प्राइवेट स्कूलों की ओर दखेलने का काम सरकार की नई शिक्षा नीति द्वारा किया गया है। राजस्थान में कुल 1.19 लाख विद्यालय हैं जिनमें से लगभग 35 हजार प्राइवेट स्कूल हैं। यह राजस्थान सरकार की व बड़बोले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की ही नीतियां हैं जिनके चलते राजस्थान में पिछले तीन सालों में सरकारी विद्यालयों में 20 लाख छात्र कम हो गए हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि पिछले 3 सालों में प्राइवेट स्कूलों में 23 लाख छात्र बढ़ गए हैं। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र, सीटू राजस्थान सरकार से मांग करता है कि शिक्षकों के प्रति भेदभाव की व दुर्भावनापूर्वक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं करें। हम मांग करते हैं कि शिक्षक को अविलंब बहाल किया जाए और एपीओ आदेश रद्द किए जाएं।

## अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा एवं संरक्षण के संबंध में बैठक 6 सितंबर को

**सीकर(निसं.)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग, न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर एवं अध्यक्ष, किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय की अध्यक्षता में 6 सितंबर 2025 को अपराहन 3.15 बजे, जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में जिले में बच्चों, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा एवं संरक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

**कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू**

website: www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru
Email: principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone: - 01562-251888

क्रमांक :- लेखा/निविदा/ Lab Reagents/2025/422 दिनांक -28/8/25

**E-NIT - 14/2025-26**
**(UBN No.- MCC25264GLRC00018 )**

Online Bid for Lab Reagents are invited from interested bidders up to 05.00 PM on dated 8.9.2025 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 25,00,000/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp:// sppp.rajasthan.gov.in of the State, https://eproc.rajasthan.gov.in.

**Principal**
**PDU Medical College, Churu**

DIPR/C/12856/2025

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
5 सितम्बर, 2025

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा की सितम्बर माह की मासिक बैठक गुरुवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र पीएचईडी में आयोजित की गई। सुरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निम्न पदाधिकारी मन्नालाल, काध्यक्ष, तिलोकराम दुधवाल, आनंदीलाल सोनी, दीपाराम सांडेला, रंजीत नाई, दीने खां, हाकम अली खान, रामचंद्र टेलर, सुरेंद्र पांडे, नेमीचंद, सत्यनारायण स्वामी, जवाहर सिंह, ओमप्रकाश तेजस्वी, बजरंग लाल नाई, नरेंद्र सिंह भाटी, चुन्नीलाल सांखला, सुरेंद्र कुमार शर्मा, भींवाराम किलका आदि मौजूद रहे। रेखाराम मेहरड़ा ने बताया कि बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई।

## ईद मिलादुन्नबी का पर्व आज



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** ईद मिलादुन्नबी अर्थात पैगम्बर ए इस्लाम मोहम्मद साहब के जन्मदिन को लेकर शुक्रवार को आयोजित होने वाले जुलूस को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन कोतवाली थाने में किया गया। बैठक में जुलूस के दौरान कम आवाज पर डीजे बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर रफीक खिची, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम स्वर्णकार, बनवारीलाल भार्गव, पार्षद तरूण सियोता, कॉमरेड जगदीश नाथ सहित अनेक लोग मौजूद रहे। पार्षद प्रतिनिधि जावेद खिची ने बताया कि इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है और मोहल्लों में सजावट की गई है। शुक्रवार को इस पवित्र मौके पर अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण होगा और गायों को गुड़ खिलाया जायेगा। इसी प्रकार तेलियान मैरिज हॉल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## कर्नल सोनाराम चौधरी को अर्पित की श्रद्धांजली



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में पूर्व सांसद स्व कर्नल सोनाराम चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा को स्व. कर्नल साहब का काफी मार्गदर्शन मिला है और उनके देश समाज में दिए गए योगदान को याद किया जाएगा। वो एक सच्चे किसान नेता थे, जिन्होंने गांव, गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के लिए काम किया। इस अवसर पर लोढसर सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष विकास सारण, गिरधारीराम, पूर्व सरपंच पुनाराम, सरपंच प्रतिनिधि मनसुख गोदारा, जोगेंद्र भामू, सुरेंद्र शर्मा, हरि भामू, देवेंद्र सिंह सारण, डूंगर कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष मनीराम सारण, शिवराज गुलेरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखा गया और कर्नल सोनाराम अमर रहे के नारे लगाए गए।

## जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता मौजास में प्रारम्भ



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** 69वीं जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मौजास में प्रारम्भ हुई। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महिपाल सिंह बुगालिया ने की। मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा,विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार सरपंच मोजास, पवन वर्मा प्रधानाचार्य कुहाड़ू,सुमन भड़िया प्रधानाचार्य भदौडा कला, संजय तेतरवाल संजय एजुकेशन सोसाइटी मंडावा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य महिपाल सिंह बुगालिया ने बताया कि 17 वर्षीय छात्र व छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता 4 सितंबर 2025 से 7 सितंबर 2025 तक मौजास स्कूल में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन मैच बड़ागांव व शेखसर के मध्य हुआ जिसमें बड़ागांव विजेता रही। शारीरिक शिक्षक योगेंद्र दुलड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में लगभग 26 टीम व छात्रा वर्ग में लगभग 31 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता संयोजक शारीरिक शिक्षक हरि सिंह ढाका व संचालन समिति में व्याख्याता राजीव कुमार धायल, अजय कुमार महला व धर्मपाल सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर सुखदेव प्रसाद एचरा, गणपत सिंह बिशु, सत्यपाल एचरा, सुल्तान स्या,हनुमान बीशु, रामकुमार बीशु, पन्नालाल शर्मा व उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संचालन जय चंद भड़िया ने किया।

## प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया

**सादुलपुर(निसं.)।** कच्ची बस्ती के लोगों ने सोमवार को काला दिवस मनाते हुए प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया एक साल पहले 4 सितंबर को प्रशासन ने करीब 300 परिवारों को बारिश के मौसम में बेघर कर दिया था। झुग्गी निवासियों का आरोप है कि प्रशासन ने उन्हें यहां बसाने का वादा किया था। उपखंड अधिकारी और तहसीलदार ने 7 दिन में बिजली, पानी, स्कूल और शौचालय की सुविधा देने का आश्वासन दिया था। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने, आंगनबाड़ी से बच्चों को जोड़ने और प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ने का वादा किया

# जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय पीसीबी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक दिवस व 69 वीं जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता (17 व 19 वर्षीय छात्र) कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी नरेंद्र कुमार दाधीच तथा विशिष्ट अतिथि निखिल सोनी, सेवानिवृत शिक्षक राधेश्याम लाटा, यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर भोजक, सेवानिवृत्त अध्यापिका व भामाशाह कौशल्या गुलेरिया, शा. शिक्षक सुभाष कस्वां व उप प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा रहे। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय में शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम के सभी विषयाध्यापकों की प्रशंसा की। इस अवसर पर अनेक प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी गई। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन पूर्व राष्ट्रपति से जुड़ी हुई अनेकों शिक्षाप्रद बातों का उल्लेख वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में किया। जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन रणवीर सिंह प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। खेल उद्घोषणा पत्र का राधेश्याम लाटा द्वारा पढ़ा गया। 19 वर्ष के छात्र वर्ग में 11 विद्यालय, 17 वर्ष के आयु वर्ग में पांच विद्यालय ने पंजीकरण करवाया है और कुल प्रतिभागी 144 हैं। अशोक कुमार, अभिषेक चौधरी, जगदीश प्रसाद, मोहिनी, राकेश रांकावत, मनोज शर्मा, विनिता मीणा, गोपाल कंवर, अनिल लाम्बा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। नरेन्द्र ढ़ाका ने विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक वाले सभी विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। संचालन एकता मीणा ने किया। उद्घाटन मैच अयोज्या बाई करवा रा.उ.मा. विद्यालय, सुजानगढ़ तथा श्री जैन श्वेतांबर बाल विहार चूरू के मध्य खेला गया जिसमें श्री जैन श्वेतांबर बाल विहार चूरू विजेता रही। उद्घाटन में रामेश्वर लाल खीचड़, गणेशचंद्र, भंवरलाल पांडर, बंशीधर, कमल कुमार जाट, भागीरथ गोदारा तथा अन्य शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

## गोरखनाथ धुणे में लगे जागरण में भक्तों ने आग से दिखाये करतब

जयपुर टाइम्स



**चूरूः(निसं.)** निकटवर्ती कस्बे रतननगर में जयपुर रोड़ स्थित गोरखनाथ धुणां में बुधवार को विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। मेड़ी के भगत असगर खां ने बताया कि जागरण में सरदारशहर, सीकर, चूरू, रामसरा, रतननगर, घंटेल, बूंटिया, रामगढ़, बिसाऊ, गिनड़ी, दुधवा मीठा के गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विकास भाटिया, रतनलाल, हरिराम, दीपचंद, जगदीश, सांवरमल, महेंद्र, धर्मपाल, शंकरलाल, पवन सैनी, ओमप्रकाश, अशोक सहित अनेक भजन मंडली के कलाकारों ने गोगाजी के शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कलाकारों ने शानदार डेरु नृत्य की प्रस्तुति दी। गायक कलाकारों ने लाग्यो उमावो रे....., केसरो परमेसरो....., आसन, गोरखनाथ जी की सेवा जैसे अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित गोगा भक्तों को देर रात तक बांधे रखा। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष निर्मल सेन, बंटी गुर्जर, शंकर गुर्जर, भरत गौड़, पवन यादव, महेश जाजम, पवन सैनी सहित अनेक महिला-पुरुष उपस्थित थे। इससे पूर्व मंदिर परिसर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ढ़ाणी लाल सिंह पुरा की दो टीम, ऊंटवालिया रतन नगर, दुधवा मीठा, छाजूसर सहित कुल 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला दुधवामीठा और छाजूसर के मध्य खेला गया, जिसमें दूधवामीठा की टीम विजेता रही। विजेता टीम को ताराचंद भांम्भू, सरपंच फोरम अध्यक्ष बलवीर ढ़ाका, प्रेमरतन शर्मा सहित अनेक अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। ये नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र रतननगर गोरख धुणा पर हुये रात्रि जागरण में भगत असगर खां व उनके शिष्यों ने सर्प नृत्य, जलते आग के गोले को मुंह से उठाना व सांकल से करतब दिखाए, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। भगत असगर खां ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जयपुर में 6 को श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च का लोकार्पण पर विप्र जाएंगे जयपुर

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.) ।** शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर स्थित नवनिर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च का 6 सितंबर को दोपहर 3.00 बजे नीरजा मोदी स्कूल ग्राउंड में होने वाले लोकार्पण समारोह में मंडावा से विप्रजन के शामिल को लेकर परशुराम भवन में एक बैठक संपन्न हुई । फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष डॉ राधा रमन शर्मा ने ने बताया कि मंगलवार को ब्राह्मण अतिथि भवन में विप्र फाउंडेशन के जिला संरक्षक श्री राम ढंण्ढ की अध्यक्षता में व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद परीक, तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष सजन मिश्रा सानिध्य में फाउंडेशन की कार्यकारिणी एवं समाज के वरिष्ठ लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया तहसील अध्यक्ष डॉ राधा रमन शर्मा ने, जानकारी देते हुए कहा कि भगवान श्री परशुराम ज्ञानपीठ का लोकार्पण 6 सितंबर शनिवार को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा किया जाएगा।उद्घाटन समारोह के अवसर पर देश-प्रदेश से इस विप्र महाकुंभ में शामिल होने हजारों की संख्या में विप्रबंधु , विशिष्ट जन, एवं वरिष्ठ समाज सेवी उपस्थित रहेंगे तथा राजस्थान सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर निर्मित वातानुकूलित आधुनिक छह मंजिला भवन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित होगा । इसमें वैदिक अनुसंधान केंद्र, कन्या छात्रावास, प्रतियोगी परीक्षा परीक्षण व कोचिंग कक्षाएं, कौशल विकास केंद्र, ई-लाइब्रेरी, अतिथि गृह, सभागार एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समस्त सुविधाएं उपलब्ध होगी।सभी विप्रजनों को जयपुर महाकुंभ में चलने का विधिवत न्योता दिया गया तथा शहर एवं आसपास के गांवों में संपर्क कर निमंत्रण देने के लिए शहर कमेटी का गठन किया गया जिसमें श्रीराम शर्मा, मनोज नारेडा, शंकर सुरोलिया, अरविंद भुकान, विष्णु जोशी, पंकज शर्मा, विष्णु नरेडा , संदीप शर्मा, सुनील जोशी, किशोर थलीया, सज्जन शर्मा, रामशरण ढंण्ढ, गोविंद जोशी, रामस्वरूप भूतिया, मोतीलाल जोशी, महेश नागरका आदि को जिम्मेदारी सौंप गई । इस अवसर पर समाज द्वारा समाज में सक्रिय रहे स्वर्गीय शिक्षाविद परमेश्वर लाल शर्मा को 2 मिनट का मोहन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी रही मुख्य अतिथि

### उद्घाटन मैच में पापड़ा की टीम विजेता

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा (निसं.)।** बाल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को 14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग जिला स्तरीय 69 वीं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। एसीबीईओ दामोदर प्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने दीप प्रज्वलित कर मार्च पास्ट की सलामी ली और झंडारोहण करने के बाद खिलाड़ियों को शपथ दिलाई तथा विधिवत रूप से जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की। समारोह के विशिष्ट अतिथि रामनिवास जानू, भाजपा जिला मंत्री महावीर ढाका, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, संजय मील, हरिशंकर राहड़, दयानंद जांगिड़ थे। आयोजक व विद्यालय निदेशक खेम सिंह ढाका ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सभी मिलजुल कर खेल की भावना से खेल को खेलें तथा इस आयोजन को सफल व यादगार बनाएं। उद्घाटन मैच दीक्षा पब्लिक स्कूल पापड़ा व सुबोध पब्लिक स्कूल नवलगढ़ के बीच खेला गया जिसमें पापड़ा स्कूल की टीम विजेता रही।मुख्य अतिथि हर्षिनी कुलहरी ने संबोधन में खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला स्तरीय टीम में चयन होना ही खिलाड़ी अपने आप में विजेता है जीतने वाली टीम को और मेहनत से खेलना चाहिए तथा हारने वाले को निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत की ओर कदम बढ़ाती है, कुलहरी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने को लेकर कहा कि कहते हैं जो पानी से नाहता है वह वस्त्र बदलता है, जो पसीने से नाहता है वह इतिहास रचता है। विजय सिंह ढाका ने बताया कि जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में 20 व छात्रा वर्ग में 13 टीमें भाग ले रही है। रैफरी कैलाश, धर्मवीर, शर्मिला, इंद्र थे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य राजवीर, नवदीप भूतिया, सुभाष, दयानंद सीगड़ सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## उचित मूल्य की दुकानों के लिए साक्षात्कार 9 सितंबर को

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं,(निसं.)।** जिले की रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य की दुकानों के लिए प्राप्त आवेदनों के व्यक्तियों का साक्षात्कार 9 सितंबर को जिला रसद अधिकारी कार्यालय कलेक्टर के कमरा नंबर 103 में आयोजित किया जाएगा। जिला रसद अधिकारी निकिता राठौड़ ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के लिए प्राप्त आवेदनों के पात्र व्यक्तियों के चयन हेतु आवंटन सलाहकार समिति के सदस्यों के द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे झुंझुनू शहरी एवं झुंझुनू ग्रामीण तथा बगड़ शहरी के साक्षात्कार किया जाएगा।

## पात्रता और आवश्यक दस्तावेज

जयपुर टाइम्स

**(निसं.)**।इस योजना का लाभ वही अभ्यर्थी उठा सकते हैं जो राजस्थान के मूल निवासी हों, उनके माता-पिता की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम हो, और उन्होंने पूर्व में इस योजना का लाभ न लिया हो। आवेदन के लिए जनआधार कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवश्यक दस्तावेजों में मूल निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, स्वघोषित आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और शाखा का नाम की आवश्यकता रहेगी ।

## कोचिंग बिल को लेकर विधायक ने रखे सुझाव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने राजस्थान विधानसभा में कोचिंग विधेयक को लेकर सुझाव रखे हैं। विधायक मनोज मेघवाल ने गुरूवार को राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण विधेयक 2025 पर सदन में अपनी बात रखते हुए कोचिंग सेंटरो को भी राईट टू एजुकेशन से जोड़े जाने, गरीब परिवारों के बच्चों के एडमिशन निशुल्क और रियायती दर पर लेने, खेल मैदान तथा खेल गतिविधियां, कल्चरल कार्यक्रम आयोजित करवाने को अनिवार्य करने सहित अनेक उपयोगी सुझाव रखे।

## कब्बडी प्रतियोगिता का खिताब गुरुग्राम की टीम ने जीता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निसं.)।** बाबा रामदेव सेवा समिति, पाटोदा एवं पाटोदिया परिवार की ओर से आयोजित लोक देवता बाबा रामदेव जी के मेले में कबड्डी प्रतियोगिता 2025 फाइनल मैच मोहित नरवाल गुड़गांव तथा पुजारी की ढाणी के मध्य खेला गया जिसमें प्रथम विजेता टीम मोहित नरवाल गुड़गांव की रही अतिथियों ने प्रथम विजेता टीम को 21000 तथा द्वितीय विजेता टीम को 11000 नगद तथा एक-एक स्वर्णिम ट्रोफी प्रदान कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में पाटोदा के सरपंच राजपाल सैनी, सुरेंद्र पीटीआई ,चंद्रपाल सिंह , मुराद जी पीटीआई,इकबाल खान ,भवानी सिंह शंकर सिंह, संपत सिंह भाटी ,रघुवीर सिंह भाटी, सज्जन सिंह,जय सिंह, मातादीन सेवदा ,जुगल किशोर शास्त्री तथा बड़ी संख्या में गांव के नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे अंत में राजपाल सैनी सरपंच पाटोदा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया ।

## एक दिवसीय विशेष शिविर का किया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निसं.)** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 04 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने पूर्ण उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शिविर के प्रथम सत्र में एन.एस.एस. प्रभारी पिंकेश व अंजू सैनी के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ -साथ पौधों की कटाई-छटांई एवं निराई-गुड़ाई की। शिविर के द्वितीय सत्र में "स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत" विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन कर शपथ दिलवायी गई। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने स्वयंसेविकाओं को एन.एस.एस. के विषय में विस्तार पूर्वक बताया एवं निःस्वार्थ भाव से समाज हित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने स्वयंसेविकाओं को अपने घर-परिवार के साथ-साथ पास-पड़ोस, मोहल्ला, महाविद्यालय व देश में स्वच्छ वातावरण रखने हेतु प्रेरित किया साथ ही पॉलिथिन के दुष्परिणाम भी बताए। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य व स्वयंसेविकाऐं उपस्थित रही।

## हेतमसर में रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** ऋचा स्मृति फाउंडेशन, हेतमसर की ओर से ऋचा चौधरी की द्वित्तीय पुण्यतिथि के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हेतमसर में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा । ऋचा चौधरी के ससुर शिशुपाल सिंह मील सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ,गाड जी का बास हेतमसर व विधालय प्रधानाचार्य की ओर से ग्रुप के समस्त सम्माननीय सदस्यों से विनम्र अपील की सभी गणमान्य सदस्य अधिकाधिक रक्तदान शिविर में पहुंचकर कर इस पुण्य कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें ।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना निःशुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 सितंबर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं,(निसं.)।** । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 14 सितंबर है। उप निदेशक डॉ. पवन पूनिया ने बताया कि पात्र विद्यार्थी 14 सितंबर तक अपने नजदीकी ई-मित्र के माध्यम से अपनी एसएसओ आईडी के जरिए विभाग के पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## प्रधानमन्त्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 8 सितम्बर को



जयपुर टाइम्स

**(निसं.)।** झुंझुन कौशल विकास और उद्यमशिलता विकास मंत्रालय की ओर से 8 सितबंर 2025 को राजकीय आई0 टी0 आई0 उदावास झुंझुनूं में "प्रधानमन्त्री नेशनल अप्रेंटिशिप मेला 2025" प्रातः 9 बजे से सायः 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। संस्थान अधीक्षक उमा कुमारी ने बताया कि इस मेले में इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा की 02 फोटो प्रति, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, दसवीं की अंकतालिका, आईटीआई उत्तीर्ण की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की छाया प्रतियों सहित उपस्थित हो सकता है जिससे कि अभ्यार्थियों का पंजीयन कर अप्रेन्टिशिप हेतु नियोजन प्रक्रिया संपादित की जायेगी। मेले में प्रसिद्ध कपनियों द्वारा नियोजन कर रोजगार उपलब्ध करवाया जायेगा। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक प्रतिभागियों को अप्रेन्टिशिप / रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है।

## माकडिया बाला जी मंदिर परिसर में गणेश महोत्सव धूम,6 सितंबर को विसर्जन यात्रा



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** माकड़ियां बालाजी मंदिर परिसर में गणेश पूजा समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय गणेश महोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ जारी है। 27 अगस्त को आचार्य राजेश कुमार शर्मा के सान्निध्य में गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई, जिसके बाद प्रतिदिन सुबह-शाम भव्य आरती का आयोजन किया जाता है।आरती में मोहल्लेवासी और दूर-दराज से आए भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल होते है।समिति अध्यक्ष बालकृष्ण मिश्रा और मंत्री अमन पाराशर ने बताया कि बुधवार रात्रि को बिदावत मंदिर महंत दिलीप दास महाराज की उपस्थिति में विशेष आरती हुई। यजमान विष्णुकांत काबरा और नितेश काबरा ने छप्पन भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरित किया।महोत्सव के तहत 5 सितंबर, शुक्रवार की रात को मंदिर प्रांगण में भव्य जागरण का आयोजन होगा, जिसमें सारनाथ आश्रम, फतेहपुर के संत रोशन नाथ महाराज और स्थानीय कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। 6 सितंबर को बैंड-बाजों, डीजे और भजन मंडलियों के साथ गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा निकालकर तोदी कॉलेज स्थित जोहड़ में प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

## बाबा सुंदरदास जी महाराज का दो दिवसीय मेला आज से

### विशाल भजन संध्या, रंगारंग प्रस्तुतियां और भंडारे का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चिराना(निसं.)** कस्बे के पूर्वी ढ़हर स्थित किरोड़ी घाटी के पास विराजित बाबा सुंदरदास जी महाराज के पावन धाम पर आज से दो दिवसीय जागरण एवं मेले का आयोजन शुरू हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। बाबा सुंदरदास सेवा समिति के सदस्य तोलाराम सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात्रि को संतो के सान्निध्य में विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन मंडली झाबर जी नागौरी एंड पार्टी (रेनवाल) भजनों की रसधारा बहाएगी।



शनिवार, 7 सितंबर को मेले का दूसरा दिन होगा, जिसमें प्रातः 10-15 बजे से राकेश सैनी एंड पार्टी (पनिहारवास) द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर किया जाएगा। रविवार, 8 सितंबर को सुबह 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ पंगत प्रसाद का लाभ लेंगे। समिति द्वारा मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और सेवा कार्यों के लिए स्वयंसेवकों की टीमें सक्रिय रहेंगी।

## रींगस में रावण के पुतले का निर्माण शुरु, 2 अक्टूबर को होगा दहन,

### उपखंड अधिकारी ने बांस की ताड़ी बांधकर किया विधिवत शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** युवा विकास मंच के तत्वाधान में छतरी वाले बालाजी मंदिर में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का निर्माण शुरू किया गया,जिसमें उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार ने रावण के पुतले की ताड़ी बांधकर विधिवत शुभारंभ किया। मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक एवं सचिव विजय कुमावत ने बताया कि उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार व पुतला निर्माता मनोज जांगिड़ अपने हाथों से रावण के पुतले के निर्माण के लिए बांस की ताड़ी बांधकर विधिवत शुरुआत की। इस दौरान पंडित नंदकिशोर वैद्य ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। पुतला निर्माता मनोज जांगिड़ ने बताया कि इस बार रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलें विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। जिसकी विधिवत तैयारी प्रारंभ की गई है। उपाध्यक्ष सतीश जांगिड़ एवं कोषाध्यक्ष प्रेम तिवाड़ी ने बताया कि 2 अक्टूबर को युवा विकास मंच के तत्वाधान में विशाल दशहरा मेला आयोजित होगा। मेले को सफल बनाने के लिए मंच द्वारा अनेक लोगों को जिम्मेदारी देकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस दौरान मंच के पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा, महावीर जोशी आदि मौजूद थे।

## शिक्षकों व परिजनों का बढ़ाया मान प्रेरणा यूके में करेगी पढ़ाई

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर प्रेरणा ने बढ़ाया शिक्षकों व परिजनों का मान, पढ़ाई के लिए यूके के लिए किया प्रस्तान। गर्व की बात है कि दांता से पहली बार ठेकेदार चिरंजीलाल कुमावत की बिटिया प्रेरणा कुमावत यूके के यूनिवर्सिटी कॉलेज बर्मिंघम में मास्टर्स इन फाइनेंस एण्ड एकाउंटिंग पढ़ने जा रही है। यूनिवर्सिटी कॉलेज बर्मिंघम यूके में स्थित है। यह यूके के दूसरे सबसे बड़े शहर बर्मिंघम में स्थित एक पब्लिक यूनिवर्सिटी है। प्रेरणा ने दांता के स्वामी नित्यानंद एकेडमी से सीनियर व शोभासरिया कॉलेज से बीबीए की पढ़ाई की हैं। गुरुवार को परिजनों ने प्रेरणा का मुंह मिठा कराके लड्डु गोपाल की प्रतिमा भेंट कर किया विदा।



# राष्ट्रधर्मी माता पन्नाधाय स्मृति पर्यावरण चेतना यात्रा के ध्वज बाबा खाटूश्यामजी के चरणों में समर्पित

जयपुर टाइम्स



**खाटूश्यामजी(निसं.)।** मुंबई (थाने) से खाटूश्याम धाम (राजस्थान) तक आयोजित राष्ट्रधर्मी माता पन्नाधाय स्मृति पर्यावरण चेतना यात्रा का समापन खाटूश्यामजी में हुआ। इस अवसर पर यात्रा के ध्वज बाबा खाटूश्यामजी के चरणों में समर्पित किए गए। यात्रा के खाटूश्याम धाम पहुंचने पर पुजारी संघ सीकर के जिला अध्यक्ष शंकरलाल पुजारी, वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष विद्याधर शर्मा, बी.एम.एस. के प्रदेश अध्यक्ष तथा राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने पदयात्रियों का स्वागत-सत्कार किया। आशापुरा मानव कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष नानजी भाई गुर्जर ने बताया कि इस पदयात्रा के माध्यम से मुंबई से खाटूश्याम तक लगभग 1246 किलोमीटर की दूरी तय की गई। यात्रा में दीपक सोलंकी (कुंभलगढ़, राजसमंद), भैरव सिंह सिसोदिया (सिसोदिया, राजसमंद) और निखिल राठौर (जोधपुर) ने भाग लिया। पदयात्रियों ने राष्ट्रमाता पन्नाधाय के बलिदान की प्रेरणादायी गाथा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व का संदेश समाज तक पहुँचाया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक परिसंघ राजस्थान, राजस्थान गुर्जर महासभा, प्रदेश पुजारी महासंघ के पदाधिकारियों सहित कमल सिंह सोलंकी एवं सीता नाथू सिंह सोलंकी ने भी पदयात्रियों का अभिनंदन किया।वक्ताओं ने राष्ट्रधर्मी माता पन्नाधाय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को राजस्थान एवं भारत सरकार की पाठ्यपुस्तकों में शामिल किए जाने की मांग पर बल दिया तथा आशापुरा मानव कल्याण ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।नानजी भाई गुर्जर ने जानकारी दी कि राजसमंद जिले की कुंभलगढ़ तहसील के कालिंजर ग्राम पंचायत में राष्ट्रधर्मी माता पन्नाधाय वनस्थली विकसित की जा रही है। यहां अब तक 35,000 पौधे लगाए जा चुके हैं तथा वर्ष 2025 में 1,25,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नागरिक परिसंघ राजस्थान के अध्यक्ष विद्याधर शर्मा ने सभी यात्रियों एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रींगस की महला स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

जयपुर टाइम्स



**रींगस(निसं.)।** खाटूश्याम जी रोड़ स्थित महला स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 5 सितंबर को अवकाश होने के कारण गुरुवार को ही भारत के महान दार्शनिक, विद्वान एवं देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सचिव विशाल महला एवं प्राचार्य राजेन्द्र यादव ने डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। संस्था सचिव महला ने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया, वहीं प्राचार्य ने शिक्षकों के योगदान और महत्त्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन वरिष्ठ विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा विद्यार्थियों ने उपहार और शुभकामनाएं भेंट की। रोल बॉल कोच पिंटू दयाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देते हैं और उन्हें अच्छे संस्कारों व ज्ञान से समृद्ध बनाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए विभिन्न रोचक टास्क आयोजित किए गए, जिन्हें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक पूरा किया। साथ ही विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर अध्यापन का अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन एंजल व कनक ने एक्टिविटी इंचार्ज डॉ. शिप्रा यादव व गंगोत्री पारीक के मार्गदर्शन में किया। खुशी शर्मा कार्यक्रम की मुख्य इंचार्ज रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुरेश ढाका, संदीप वर्मा, ललित शर्मा, ज्योति शर्मा, सुमन लता, देवाशीष, संपत, पुष्पा, अर्चना शर्मा, प्रीति यादव, ज्योति पारीक, संजू आदि मौजूद थे।

### लक्ष्मणगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 555 ग्राम डोडा पोस्त चुरा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लक्ष्मणगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं लक्ष्मणगढ़ पुलिस उपाधीक्षक दिलीप कुमार मीणा के पर्यवेक्षण और लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी महेंद्र सिंह साहू की अगुवाई में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लक्ष्मणगढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति को 555 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चुरा के साथ गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार बुधवार 3 सितंबर को शहर के नैचर पार्क के सामने सड़क पर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया,लेकिन वह भागने की कोशिश करने लगा। तत्परता दिखाते हुए गठित पुलिस टीम ने उसे रोका और पूछताछ की,पूछताछ में उसका नाम दिनेश जोशी पाया गया। जांच के दौरान उसकी मोटरसाइकिल आरजे 23 जेड एस 0401 पर लटक रही प्लास्टिक थैली की तलाशी ली गई, जिसमें 555 ग्राम डोडा पोस्त चुरा बरामद हुआ। जिसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी दिनेश जोशी पुत्र हरी प्रसाद जोशी,निवासी लक्ष्मणगढ़ को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया तथा मादक पदार्थ और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने में बड़ी मदद मिलेगी।

## जिलास्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू, बलाल में 17 और 19 वर्ष के 67 खिलाड़ी लेंगे भाग, 7 सितंबर तक चलेगा टूर्नामेंट

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलाल में 69 वीं जिलास्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता प्राचार्य रामकुमार खीचड़ की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि शशि राधेश्याम पूनियां और राजेंद्रसिंह पूनियां ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए ध्वजारोहण के साथ किया गया। प्राचार्य रामकुमार खीचड़ ने बताया कि प्रतियोगिता 4 से 7 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 67 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 17 वर्ष वर्ग में 28 छात्र और 19 छात्राएं शामिल हैं। 19 वर्ष वर्ग में 15 छात्र और 5 छात्राएं प्रतिभागी कर रहे हैं। पहले दिन 17 वर्ष छात्रा वर्ग के मुकाबले हुए जिसमें 44 किग्रा भार वर्ग में श्योपुरा की अंशु पूनियां प्रथम और लम्बोर से नचिता द्वितीय रहीं। 48 किग्रा में लम्बोर बड़ी उर्मिला ने पहला और बलाल की रजनी ने दूसरा स्थान हासिल किया। 53 किग्रा में लम्बोर बड़ी की भावना प्रथम और लम्बोर की निशा द्वितीय रहीं। 58 किग्रा में चांदगोठी की खुशी और लंबोर कंचन क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं। 77 किग्रा में सुचिता और 77 किग्रा प्लस में कनिका विजेता रहीं। प्राचार्य खीचड़ ने बताया कि शानदार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत समिति के एईएन मुकेश बाकोलिया, एसडीएमसी सदस्य दुनिराम नेहरा और विद्यालय के भामाशाह हरचंदराम मूंड समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। राधेश्याम पूनियां, हरजीत सिंह, चंद्रशेखर, नरेश पूनियां, नरेश पूनियां आदि निर्णायक मंडल में शामिल रहे। इस मौके पर हेमराज मोटसरा, रामलाल मूंड, शीशराम नेहरा, धनपत मूंड, खीराजसिंह आदि उपस्थि रहे है।

## रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित शराब ठेके को हटाने की मांग, संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सरदारशहर(निसं.)।।** तहसील के एक झंडा एक डंडा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुंदर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक जयपुर मार्फत उपखंड अधिकारी सरदारशहर को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत करवाया गया है। ज्ञापन में बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के सामने नियम विरोध संचालित शराब ठेके को बंद करने की मांग की गई। संगठन संयोजक रुपचन्द सहारण ने बताया रोडवेज बस स्टैंड के सामने एक शराब ठेका संचालित है। जिसके पास एक विश्रामालय भवन स्थित है। जिसमें यात्री विश्राम हेतु दूर दराज से आते जाते रहते हैं तथा रोडवेज बस स्टैंड पर महिलाएं एवं पुरुष छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों यात्रियों की आवाजाही रहती है। इस शराब ठेके के कारण शराबी हर समय शराब पीकर बस स्टैंड के पास उत्पाद मचाते रहते हैं। जिससे सरदारशहर के सौंदर्य करण का नाम भी दूसरे राज्यों में बदनाम हो रहा है। उक्त ठेका नियम विरुद्ध देर रात तक खुला रहता है। जिस कारण रात्रि के समय आने वाले यात्रियों में भय का वातावरण बना रहता है। यहां शराबी यात्री को आने वाले यात्रियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर लड़ाई झगड़ा करते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शराब ठेके के कारण आसपास के मोहल्ले वासियों का जीना मुश्किल होता जा रहा हैं। इसलिए तुरंत प्रभाव से शराब ठेके को हटवाया जाए अन्यथा संगठन एवं मोहल्ले वासियों द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में सुंदर शर्मा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, रुपचन्द सहारण, सांवरमल जाखड़, सुरेश कड़ेल, अर्जुन सैनी, बाबूलाल, राधेश्याम, बबलू भोजक आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर सुखराम होंगे शिक्षक गोरव सम्मान से सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निसं.)।।** समीपवर्ती गांव माधोकाबास निवासी शिक्षक सुखराम पालिवाल को शिक्षक दिवस पर मानव जनजागृति संस्थान जयपुर द्वारा शुक्रवार को प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम में "शिक्षक गोरव सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। संस्थान द्वारा यह सम्मान समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान व कार्य करने पर दिया जाता है। शिक्षक सुखराम पालिवाल को यह सम्मान मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर कर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## लाडपुर में ठाकुर जी मंदिर की अवधेशाचार्य ने रखी आधारशिला



जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निसं.)** कस्बे के लाडपुर गांव में श्री ठाकुर जी मंदिर के जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी गई। मंदिर की आधारशिला लोहार्गल सूर्य पीठाधीश्वर महंत श्री अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में नींव रखी गई। अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि आज के इस युग में हर गांव में जीर्ण शीर्ण मंदिर हैं। हिंदुत्व को बचाना है तो गांव वाले अपने गांव के हर मंदिर का जीर्णोद्धार कराना चाहिए। कहा कि ऐसे ही संपूर्ण भारत में प्राचीन मंदिरों का चाहिए। क्योंकि हिंदुत्व को बचाना है तो मंदिरों का निर्माण करना होगा ओर भामाशाहों को भी ज्यादा से ज्यादा सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

# अधीक्षण अभियंता देवंदा का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** विद्युत विभाग में अधिशासी अभियंता पद से पदोन्नत होकर अधीक्षण अभियंता बने सुभाष चन्द देवंदा का मिलन होटल पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीताराम पुनिया के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता देवंदा को माला पहनाकर, साफा बंधवाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। गौरतलब है कि अधीक्षण अभियंता बने सुभाष देवंदा पहले रींगस में सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता पद पर सेवाएं दे चुके हैं। इस दौरान दिनेश पुनिया,बाबू हरितवाल, सहायक अभियंता महेंद्र यादव, एआरओ देवेंद्र कोटिया, ओमप्रकाश बराला आदि मौजूद थे।



## जलझूलनी एकादशी पर पिलाया जूस, भक्तों की सेवा कर कमाया पुण्य



जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निसं.)** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम की नगरी खाटूश्यामजी में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर भक्तों की सेवा का सिलसिला निरंतर जारी रहा। इस दिन कई संस्थाएं भक्ति भाव से सेवा कार्यों में जुटी रही इसी क्रम में श्री कल्याण मानव सेवा संस्थान खाटूश्यामजी ने खाटू में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क जूस वितरण की व्यवस्था की। हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने इस सेवा का लाभ उठाया। संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वयं सेवाभाव से भक्तों को जूस पिलाया। संस्थान अध्यक्ष पिंटू भारतीय (कुमावत) ने बताया कि प्रत्येक माह एकादशी पर श्याम प्रेमियों के लिए जल सेवा जूस और भोजन से संबंधित पैकेट वितरित किए जाते हैं। इसी प्रकार संस्था कई प्रकार के सेवा कार्य करती आ रही है।बाबा श्याम की भक्ति में सेवा का महत्व सर्वोपरि है और इसी उद्देश्य से यह सेवा शिविर लगाया गया। इस मौके पर संस्था के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा।

## रीको कर्मचारियों के लिए लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 250 हुए लाभान्वित




जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** एनएच 52 पर होटल रघु पैलेस के पास स्थित बीटीएस हॉस्पिटल के तत्वावधान में एसकेएस इंडस्ट्रियल एसोसिएशन भवन रीको में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 250 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर का विधिवत शुभारंभ डॉ भंवर सिंह ताखर, झाबर मल बिजारणियां, डॉ अजय सक्सेना, ललित अग्रवाल ने किया। डॉ अखिल शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निधि शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ भंवर सिंह ताखर, नर्सिंग ऑफिसर कैलाश भावरिया, संजू बावलियां, सचिन, संदीप गढ़वाल, आशा सामोता आदि ने सेवाएं दी। शिविर संयोजक एचआर बिजारणियां व सहसंयोजक सरदार मान ने बताया कि परामर्श के साथ निःशुल्क दवाईयां भी मरीजों को दी गई। मेडिकल टीम द्वारा गठिया रोग, जोड़ो मे दर्द, सूजन, अकड़न, बुखार, उल्टी दस्त, डायबिटीज, बीपी, स्लिप डिस्क, रेयुमेटाइड अर्थराइटिस सम्बंधित बीमारियों का इलाज किया गया। इस दौरान श्रवण अग्रवाल, मुकेश, प्रवीण गोयल, राहुल शर्मा, रोहिताश बिजारणियां, सुरेंद्र कुमावत, जितेंद्र कुमावत आदि मौजूद थे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
5 सितम्बर, 2025

## श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान 2025 आज

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ के तत्वाधान में शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन शुक्रवार को अजीतगढ पीजी कॉलेज में किया जायेगा। सोसाइटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा व ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा ने बताया कि इस सम्मान समारोह में अजीतगढ़ ब्लॉक व श्रीमाधोपुर ब्लॉक के श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी अनिल कुमार होंगे साथ ही समारोह की अध्यक्षता एडीसीपी सीकर राकेश लाटा करेंगे। मीणा ने बताया कि विशिष्ट अतिथि अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव, अजीतगढ़ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल, श्रीमाधोपुर ब्लॉक की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमन शर्मा, अजीतगढ पीजी कोलेज निदेशक विजय यादव व नगर पालिका अजीतगढ़ के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान होंगे।

## विशेष योग्यजन शिविर का आयोजन 8 व 16 सितंबर को

**अजीतगढ़(निसं.)** पंचायत समिति अजीतगढ़ द्वारा राजकीय बीआर अंबेडकर छात्रावास में 8 व16 सितंबर को विशेष योग्यजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव एवं विकास अधिकारी सुनीता कुमावत ने बताया कि इन दोनों शिविरों में अजीतगढ़ ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्र के विशेष योग्यजन भाग ले सकेंगे। दोनों ने बताया कि बजट घोषणा के अनुसार राज्य के विशेष योग्यजनो को और भी अधिक सुविधा एवं संबल प्रदान करने की दृष्टि से एक लाख दिव्यांग जनों को आवश्यकता एवं पात्रता अनुसार कृत्रिम अंग/ सहायता उपकरण चिन्हित कर उपलब्ध कराये जाने की घोषणा की है जिस कारण राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार राज्य के विशेष जनो के सशक्तिकरण एवम कल्याण के लिए उनकी आवश्यकता एवं पात्रता अनुसार कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण चिन्हित कर उपलब्ध कराए जाने का विशेष अभियान चला कर उनको लाभान्वित किए जाने हेतु पंचायत समिति अजीतगढ़ यह विशेष योग्यजन शिविरो का आयोजन कर रही है।

## विभिन्न भंडारों का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** क्षेत्र के विभिन्न गांवो में विभिन्न भंडारों का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। जानकारी के अनुसार गढटकनेत ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित भोमिया जी महाराज के मंदिर परिसर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे साथ ही शनिवार को मेले का आयोजन किया जाएगा एवं भजनों का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। दूसरी तरफ अजीतगढ़ कस्बे के कुसुमपुरा तेजाजी महाराज के मंदिर में शुक्रवार को तेजाजी महाराज का भंडारा आयोजित किया जाएगा साथ ही नेहडा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। तो दूसरी तरफ सिहोडी ग्राम पंचायत की ढाणी बनड़ा (गिदावाला) में स्थित तेजाजी हीरामल मंदिर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन होगा।

## सड़क मार्गों का शिलान्यास करेंगे आज यूडीएच मंत्री

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को अजीतगढ़ ब्लॉक के दौरे पर रहेंगे इस दौरान वे दो सड़क मार्गों का शिलान्यास करेंगे। अजीतगढ़, दिवराला भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मंगावा ने बताया कि खर्रा शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे गढटकनेत के त्रिलोकपुरा सड़क मार्ग पर स्थित 200 बीघा बड़ से नीमकी ढाणी एवं 200 बीघा बड़ से रोलानिया की ढाणी तक के सड़क मार्ग का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर मंत्री लोगों की जनसुनवाई भी करेंगे। ,

## शोभायात्रा के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन व आज

जयपुर टाइम्स

**मुकुंदगढ़(निसं.)**। शहर के विभिन्न स्थानों पर नो दिवसीय से चल रही गणेश पूजा महोत्सव के पंडालों में सुबह शाम आरती के समय भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। वहीं अनेक धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं । बुधवार रात्रि को पंडालों में हवन यज्ञ हुआ। इसके बाद भजनों की रस गंगा बही । महोत्सव का समापन आज गुरुवार को शाही शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर गुजरेगी और कुंभ जी दरबार के सामने स्थित कुंड पर पहुंचेगी । यहां पर करीब आधा दर्जन गणेश जी महाराज की प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान बुधवार रात्रि को अलग-अलग पंडालों में भव्य आरती के दौरान श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा।भक्तों ने गणपति बप्पा की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। कस्बे के नवयुवक गणेश पूजा महोत्सव, गणपति पूजा महोत्सव, महागणपति पूजा महोत्सव समिति, कई स्थानों पर स्थानीय गणेश पंडालों में देर रात तक भक्ति गीत और आरती का दौर चलता रहा।

# एमडीआर 415 सड़क आन्दोलन, ग्रामीणों ने मंदिरों व स्मारकों पर किया सद्बुद्धि यज्ञ

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। उपखंड धोद एवं लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में 75 किलोमीटर लंबी धार्मिक कोरिडोर की एमडीआर 415 सड़क सांवलोदा पिरोहितान, बठोठ, चुड़ोली गांवों एवं कई ढाणियों से गुजरने वाली सड़क का मार्ग बदलकर दिशा बदलने के सरकार प्रशासन फैसले से ग्रामीणों में बड़ा आक्रोश देखने को मिल रहा है। गांवों के सैकड़ों लोगों ने पहले आक्रोशित सभाएं की साथ में चिपका आन्दोलन करके सरकार के शासन प्रशासन को इस फैसले का कड़ा विरोध जताकर पहले ही चेता दिया। लेकिन जनप्रतिनिधियों एव शासन प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता देख ग्रामीणों ने गुरुवार को सरकार शासन एवं पीडब्ल्यूडी प्रशासन के खिलाफ़ सबसे पहले प्रात: 9.15 बजे सांवलोदा पिरोहितान व बठोठ की महिलाएं एवं पुरुषों ने लोठजी धार्मिक स्मारक पर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की सद्बुद्धि के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया।तत्पश्चात चूड़ोली गांव एवं आस पास की ढाणीयों के लोगों ने 10.15 बजे बालाजी मंदिर प्रांगण में तथा दोपहर 11.15 बजे चुड़ोली के हरिराम बाबा मंदिर पर भी



शासन प्रशासन एवं नेताओं की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन में आहुति देकर सरकार प्रशासन को फिर से चेताया की क्या पता इस वजह से ही नेता उनकी फरियाद सुनें।पूर्व पंचायत समिति सदस्य नरेन्द्र बाटड़ ने बताया की धार्मिक कोरिडोर सड़क के मार्ग को यथावत रखने के लिए ग्रामीणों की आक्रोश सभाएं, चिपको आन्दोलन चल रहा प्रदर्शन भी जारी है। कई दिनों से चल रहे इन अनुठे प्रदर्शनों पर कोई भी जनप्रतिनिधि एव शासन प्रशासन लोगों की सुध लेने नहीं पंहुचा। इससे नाराज लोगों ने नेताओं की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ किया। तमाम लोगों ने यज्ञ में आहुति डाली और सरकार प्रशासन व नेताओं का ध्यान सड़क का बदला हुआ मार्ग को वापस लाने की ओर आकृष्ट किया। शनिवार एवं रविवार को इस सड़क मामले को लेकर धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व सांसद सुमेधानंद महाराज, सांसद अमराराम और लक्ष्मणगढ़ विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से मिला जायेगा। हमारी सड़क हक की मांगों को पुरा नहीं किया तो आन्दोलन युनिक तरिकों से उग्र किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता सुगनचन्द पारीक एवं नेमीचंद बिजारणियां ने कहा कि बुद्धि शुद्धि यज्ञ का मकसद सरकार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को निंद से जगाकर धार्मिक लोठजी स्मारक, शिवजी भगवान मंदिर, बालाजी मंदिर, हरिराम बाबा मंदिर रास्तों से गुजरने वाली धार्मिक कोरिडोर सड़क का मार्ग जो बदला उसे वापिस उन्हीं धार्मिक मंदिरों के मार्ग से जोड़ने का ध्यान दिलाना है। इस मार्ग पर आने वाले मंदिरों पर वार्षिक लखी मेलाओं का आयोजन होता है। जंहा धार्मिक भजन संध्या के साथ साथ तरह तरह की दुकानें भी सजती है। लोगों के लिए बड़ा रोजगार का साधन है। इसलिए इस धार्मिक मार्ग पर एमडीआर 415 सड़क होना बहुत जरूरी है। यह मार्ग सैकड़ों गांवो को जोड़ने वाला सीकर शहर जाने के लिए एक मात्र सिदा यही चौड़ा रास्ता है।किसान महिला प्रियंका निठारवाल एवं किशनी देवी ने कहा सड़क का मिला हुआ हक हमें वापिस चाहिए। धीरे धीरे सड़क का आन्दोलन उग्र रूप ले रहा है। इसके लिए हमें जीवन देना पड़े तो पिछे नहीं हटेंगे। सड़क की खातिर डटकर लड़ने के लिए जरूरत पड़ी तो किसानी औजार जेली,दांतली सबकुछ तैयार कर रखे है। आरोप लगाया कि सरकार एवं नेता धर्म के नाम पर वोट तो हमसे ले लेती है। लेकिन सरकार और प्रशासन ने लोगों की धार्मिक भावनाओं का अनादर किया है। धार्मिक आस्था स्थलों के रास्तों में बदलाव करने से उनकी धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ किया है जो हम किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके लिए हमें शासन प्रशासन के सामने जीवन का बलिदान मरण देना पड़े तो बेहिचक दे देंगे लेकिन हक की सड़क हमारी लेकर रहेंगे। सदबुद्दि यज्ञ का संचालन पंडित रामस्वरूप शर्मा सांवलोदा पिरोहितान व चुन्नी लाल शर्मा, दामोदर शास्त्री एवं सुरेन्द्र शर्मा तथा नेमीचंद निठारवाल के द्वारा किया गया। इस दौरान बुद्धि शुद्धि यज्ञ में महेंद्र खीचड़,रामस्वरूप निठारवाल,सोहन खीचड़ कारखाना,गोविंद सिंह खीचड़,नरसीदत सोनी,पवन पारीक,टोडाराम थानेदार,दूलीचंद कुमावत, मूलचंद फौजी,बिहारी लाल शर्मा, मूलचंद जांगिड़,राजेंद्र जांगिड़,रामदेव सैन, सांवर मल सैन,बनवारी लाल कूमावत, चौथमल जांगिड़,मोतीलाल सैन, भंवरलाल चौहान, नंदलाल सैन,तुलछाराम चौहान, रामूराम चौहान,गिनाराम जांगिड़,मूलचंद कूमावत, सीताराम काला,मूलचंद चौहान, मांगी लाल कूमावत,महेंद्र जांगिड़,जगदीश चौहान, सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाएं शामिल हुए।

## शहर चलो अभियान 2025 के शिविरों का आयोजन शुरू

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** राज्य सरकार द्वारा शहरो के नागरिकों की कठिनाइयो के निवारण एवं प्रदन सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान के लिए जनहित में शहर चलो अभियान 2025 के प्रथम दिवस के शिविर का आयोजन गुरुवार से शुरू हो गया है। अजीतगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान एवं कनिष्ठ अभियंता रतनलाल गुर्जर ने बताया कि गुरुवार को वार्ड नंबर 4, 12, 13, 14 का शिविर नगर पालिका परिसर में लगाया गया जिस कारण शिविर के पहले दिन पट्टा ,नामांकरण, पीएमएवाई2.0, एसबीएम2.0, साफ सफाई संबंधित शिकायतो व अन्य शिकायत दर्ज की गई। शिविर में 8 से ज्यादा पट्टा संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया साथ ही एसबीएम2.0 के तहत दो आवेदन शौचालय के प्राप्त हुए एवं पीएमएवाई2.0 के तहत दो आवेदन प्राप्त हुए इसके अलावा बिजली के संबंध दो शिकायतें प्राप्त हुई जिनका जल्दी ही निस्तारण किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने बताया कि 8 सितंबर को 2, 3, 5, 6 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, 9 सितंबर को 8, 9, 10, 11 का नगर पालिका परिसर, 10 सितंबर को 18, 19, 20, 21,22 का उप तहसील कार्यालय, 11 सितंबर को 1,23, 24, 25 का पशु चिकित्सालय व 12 सितंबर को 7, 15 ,16, 17 वार्डो का कांडा धर्मशाला में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में सफाई व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइटे लगाना एवं बंद पड़ी लाइटों को चालू करवाना, आवारा पशुओं को पकड़ना, सड़क मरम्मत, जन्म /मृत्यू विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करवाना, फायर एनओसी/ट्रेड लाइसेंस/डेयरी बूथ अनुज्ञा पत्र जारी



करना, पार्किंग स्थलों का चिन्हकरण कर विकसित करना, शहर के विभिन्न चौराहो/डिवाइडरो का रख रखाव एवं सौंदर्यकरण करना साथ ही कृषि संबंधी कार्य उप विभाजन/पुनर्गठन भू उपयोग, परिवर्तन, नामांकरण, लीज मुक्त प्रमाण पत्र, पत्र, नामांकरण, नाम हस्तातन्तरण, नियम 1975, टाउनशिप पॉलिसी के तहत उपविभाजन/पुनर्गठन, भवन विनियम 2025 के तहत, भवन निर्माण स्वीकृति, भू उपयोग परिवर्तन के कार्य होंगेके कार्य होंगे। दोनों अधिकारियों ने बताया कि 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

## चार दिवसीय 69 वी जिला स्तरीय योगा एवं साईकिलिंग खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम गढ़टकनेत की विद्यापीठ में गुरुवार से चार दिवसीय योगा एवं साईकिलिंग सीकर जिला स्तरीय 69वी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हो गया है जिनका समापन 7 सितंबर को किया जाएगा।

गढटकनेत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं पीईईओ अनूप कुमारी ने बताया कि गुरुवार को इस विद्यालय में सीकर जिला स्तरीय चार दिवसीय 69वी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयी 17 एवं 19 वर्षीय



छात्र-छात्राएं योगा एवं साईकिलिंग खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हो गया है। इस खेलकूद प्रतियोगिताओं में 261 छात्र-छात्राएं खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा शपथ दिलाई गई एवं विधिवत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता समारोह के मुख्य अतिथि अजीतगढ़ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल ने उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि जब भी वह खेल के मैदान में जाएं भाईचारे के साथ खेल को खेलें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा एवं प्रतियोगिता निष्पक्ष तरीके से चलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है जिस कारण आज ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं इसलिए सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें। इस अवसर पर आयोजक विद्यालय के संचालक रमेश रुड?ला एवम प्रधानाचार्य बजरंग लाल के नेतृत्व में विद्यालय प्रशासन ने आए हुए अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गढटकनेत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं पीईईओ अनूप कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिताएं बिल्कुल निष्पक्ष तरीके से कराई जा रही है साथ ही इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए कुल 24 सरकारी स्कूलों के अध्यापको एवं प्रधानाचार्यो की ड्यूटी लगा रखी है जो प्रतियोगिता पर पूरी निगरानी रख रखे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं का समापन 7 सितंबर को किया जाएगा व इस प्रतियोगिता में जो खिलाड़ी विजय रहेंगे उनका राज्य स्तर पर चयन किया जाएगा।

## विधायक जाखल ने किया जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)**। नवलगढ के जाखल ग्राम पंचायत में कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह जाखल ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया , ग्रामवासियों व राजकीय विद्यालयों ने विधायक जाखल का भव्य स्वागत किया, जाखल ने कहा सभी विधार्थियों को पढ़ाई के साथ स्पोर्ट्स के लिए समय देना बहुत जरूरी है ताकि फिजिकल फिटनेस भी बनीं रहें हमारे विधानसभा से बहुत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने राजस्थान में विधानसभा नवलगढ का नाम रोशन किया, और जब भी कोई विधार्थि स्पोर्ट्स में जाने की तैयारी करता है तों में उसकी हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार हूं। कार्यक्रम में ज़िला व ब्लॉग स्तरीय विद्यालय प्रतियोगिता में शामिल हुए इसमें आत्माराम शिक्षा विभाग , नवलगढ नगरपालिका चेयरमैन



राजकुमार सैनी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष गौतम खण्डेलवाल, भामाशाह श्याम सुंदर सोनथलिया, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र बाय,श्रवण सिंह, नेकीराम पूनिया, कुलदीप पूनिया,इसब, समुदलाल कडायल, नत्थू सिंह, रामदीन कुमावत,मदन सिंह शेखावत,बीरबल गोदारा, आनन्द बुगाला आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल में देखी व्यवस्थाएं, किया पौधरोपण

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने तारानगर क्षेत्र के गाँव गाजुवास में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने केन्द्र पर आने वाले बच्चों के पोषण स्तर, स्वास्थ्य जांच, पोषण ट्रैकर, गर्म पोषाहार, शैक्षिक व सह– शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने गर्म पोषाहार खाकर गुणवत्ता जांची और कहा कि पोषाहार में गुणवत्ता मेंटेन रखें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चों के



पोषण स्तर का विशेष ध्यान रखें तथा बढ़ता बचपन आदि कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें सीखने के अधिकतम अवसर उपलब्ध करवाएं। उन्होंने उपस्थित बच्चों के वजन व हाइट का माप भी किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हरकौर ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इसी के साथ सुराणा ने राउमावि व राबाउमावि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने राबाउमावि में जर्जर कमरों की मरम्मत के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। इसी के साथ हॉकी खेल मैदान का अवलोकन कर खिलाड़ियों से रूबरू हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से उनके अभ्यास, खेल गतिविधियों, प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने हॉकी ग्राउंड में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने मोक्ष भूमि में भामाशाहों द्वारा बनाए गए टिनशेड व प्रवेश द्वार का लोकार्पण कर भामाशाहों का सम्मान किया।

# डीएफए, हनुमानगढ़ ने फाइनल मुकाबला जीता

## खेल से शारीरिक के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है - सिंह

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़ झुंझुनू(निसं.)** बाबा राम सा पीर के मेले के अवसर पर हर वर्ष की भांति श्री सूर्य मण्डल, नवलगढ़ द्वारा 77वां श्री सूर्यमंडल फुटबॉल कप- 2025 आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट मे 15 टीमों ने भाग लिया। 5 दिवसीय इस टूर्नामेंट मे कुल 14 मैच खेले गए। इस टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच डीएफए हनुमानगढ़ और



राजस्थान पुलिस, बीकानेर के बीच खेला गया। इस मैच के फस्ट हाफ मे दोनों टीमें कड़े मुकाबले के बीच बराबर रही। सेकंड हाफ मे भी दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला चलता रहा और दोनों का स्कोर 0-0 से बराबर रहा। पैनलटी सूटआउट मे हनुमानगढ़ 4-3 विजय रहा। फ़ाइनल मैच के बाद पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीएफए के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ते है साथ ही टीम भावना के साथ साथ नेतृत्व करने की क्षमता का विकास करता है। इसमें मंच का संचालन इंजी. भंवर लाल जांगिड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झुंझुनू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फूलचंद मीणा, विशिष्ट अतिथि नवलगढ़ के उप पुलिस अधीक्षक राजवीर सिंह चम्पावत, डीएफए झुंझुनू के सचिव महेंद्र सिंह बिजारणियाँ, डीएफए, पर्यवेक्षक हरिराम विश्नोई, संतोष ट्रॉफी प्लेयर हितेंद्र प्रताप सिंह राठौड, डीएफए सीकर के सचिव सुरेन्द्र कुमार मील, नवलगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सुगन सिंह मंचस्थ अतिथि थे। श्री सूर्य मंडल सचिव पावन शर्मा ने सभी आगनतुक अतिथियों का स्वागत किया और श्री सूर्य मंडल अध्यक्ष श्रीराम शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस टूर्नामेंट मे हैड रैफरी मनोज जाट, कर्मवीर खिचड़, अवकाश दायमा, रोहित साहरण, हरीश कुमार एवं लक्ष्य चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्काउट के प्रधान मुरली चोबदार,सूरज महीच, राहुल बियान, लोकेश कुमावत, अकरम मंसूरी, रिहान, योगेश, फिरोज, साहिल, इब्राहिम चौहान, महेन्द्र सैनी, देवेंद्र वर्मा, अंकित, संजय रूँथला, अशोक बासौतिया, योगेश शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे। इस टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर राजस्थान पुलिस, बीकानेर के टिंकल सिंह और बेस्ट प्लेयर अमित गोदारा रहे। सिंगरी देवी कन्हैयालाल पाटोदिया ट्रस्ट सूरत द्वारा विगत दो वर्षो से विजेता, उपविजेता, निर्णयक, बेस्ट प्लेयर, बेस्ट स्कोरर व कार्यकर्ताओ को ट्रॉफी, मोमेंटो, एवं पुरुस्कार दिए गए है। पुष्पा देवी श्रीराम शाह चैरिटेबल ट्रस्ट की और से विजेता को 31000 रूपए और उप विजेता 21000 रूपए नकद पुरुस्कार दिए गए और श्रीराम शाह अध्यक्ष श्री सूर्य मंडल, नवलगढ़ की ओर से स्व. गोपाल सिंह शेखावत पूर्व नेशनल प्लेयर एवं मंडल के पूर्व अध्यक्ष की स्मृति मे बेस्ट प्लेयर ओर बेस्ट स्कोरर को 5100 रूपए नकद पुरुस्कार दिए गए।